माघ शुक्ल पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 20 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 94, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 14

माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज 13

# डबल इंजन सरकार ने निवेशकों के अनुकूल बनाया माहौल

- प्रधानमंत्री ने यूपी व योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा कर सभी राज्यों और राजनीतिक दलों को सबक लेने का दिया संदेश
- बोले, आपने जितना कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा

UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी@4.0

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार के बहुप्रतिक्षित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में शामिल हुए और रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं की शुरुआत की। यहां उन्होंने चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश की प्रशंसा करते हुए अन्य राज्यों को यहां से सबक लेने का संदेश दिया। कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले सात साल में डबल इंजन सरकार ने लालफीताशाही को हटाकर निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाया है और उनके स्वागत के लिए 'लाल कालीन' बिछाए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दलों से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और उत्तर प्रदेश से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब उत्तर प्रदेश की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा। स्वयं को उत्तर प्रदेश का सांसद बताकर यहां से जुड़ी हर उपलब्धि पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि उद्योग जगत के साथियों के लिए उत्तर प्रदेश में अनंत अवसर की बेला है। आपने कभी उतना सोचा नहीं होगा जितनी तेजी से उत्तर प्रदेश अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है। मोदी ने कहा कि चुनाव सिर पर होने के बावजूद निवेशक विश्वास के साथ सरकार की नीतियों, योजनाओं, प्रस्तावों के साथ खड़े हैं। कहा कि सात साल पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि उप्र. में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीना झपटी की ही खबरें आती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि उत्तर प्रदेश को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में हजारों प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है जो राज्य की तस्वीर बदलने वाले हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने विभिन्न उद्योग समूहों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी की शुरुआत की और स्टालों को देखा। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह समेत औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी और राज्यपाल आनंदी बेन।

- रिमोट का बटन दबाकर किया 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदर्शनी देखी



प्रदर्शनी में एक स्टॉल का अवलोकन करते प्रधानमंत्री।

## रक्षामंत्री ने की मोदी और मुख्यमंत्री योगी की तारीफ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है, जो राज्य को विकास के पथ पर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि किसी भी विचार, घटना या मुद्दे को अलग तरीके से देखने का प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आश्वस्त हूं कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ेगा और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश को वैश्विक पटल पर आगे ले जाएंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन की खास बातें

- जब भी पर्यटन को निकलें, कुल बजट के 20 प्रतिशत से लोकल वस्तु अवश्य खरीदें
- उत्तर प्रदेश में ना केवल क्राइम कम हुआ बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ
- चुनाव नजदीक होने पर लोग नए निवेश से बचते हैं किंतु उत्तर प्रदेश ने सोच तोड़ दी
- तब की सरकारों की सोच थी कि नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ, तरसा के रखो
- मोदी की गारंटी के साथ ही पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न देने की गारंटी मान रही
- पुरानी सोच को हमने बदला, जीवन आसान होगा तो निवेश-कारोबार भी आसान होगा
- जबतक हर लाभार्थी को उसका हक नहीं मिलता, हमारी सरकार शांत नहीं बैठने वाली
- यही वो समाजिक न्याय है, जिसका सपना जेपी नारायण और लोहिया जी ने देखा था
- पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से मुफ्त बिजली मिलेगी, अतिरिक्त कमाई भी होगी
- देश-दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर पहुंचना चाहिए भारत में उत्पादित खाद्य पदार्थ

## योगी ने श्रीगणेश की मूर्ति भेंट कर किया स्वागत



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री का आभार जताते हुए आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। योगी ने यहां अपने संबोधन में यूपी की व्याख्या 'अनलिमिटेड पोटेंशियल' शब्दावली से की।

## जब योगी की नम आंखें बनीं चर्चा का विषय



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगभग 15 मिनट के स्वागत के भाषण के बीच अचानक उनकी नम होतीं आंखे देखकर सभी चौंक गए। प्रधानमंत्री ने भी इस पर गौर किया। पहले ऐसा लगा कि योगी की आंखों में कुछ चला गया है और उन्हें अपनी पलकें तेजी से झपकाते हुए लगभग बंद कर लेनी पड़ रहीं हैं। हालांकि योगी ने न तो अपना संबोधन रोका और न ही वह शब्दों से डगमगाए। इसी बीच उन्होंने अपना भगवा रंग का रुमाल निकाल कर आंखें पोंछ लीं। योगी के इस संकल्प-शक्ति की चर्चा रही, सभी ने प्रशंसा की।

## कांग्रेस के लोग परिवार को ही भारत रत्न देते रहे



प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कुछ ही दिन पहले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान किया है। दुर्भाग्य से ये बात कांग्रेस और उसके सहयोगियों को समझ में नहीं आती। कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं। दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। ये लोग केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे हैं।







# शाहजहांपुर से राजेश सपा के उम्मीदवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**लोकसभा चुनाव**

- सपा ने 11 और सीटों पर उतारे उम्मीदवार, आंवला से नीरज मौर्य
- मुख्तार के भाई अफजाल की गाजीपुर से उम्मीदवारी बनी चर्चा

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी (सपा) ने सोमवार को उप्र से 11 और लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। इस सूची में दो नाम ऐसे हैं जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गए। सपा ने गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी और मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक को प्रत्याशी बनाया है। मुजफ्फरनगर, रालोद के प्रभाव वाली सीटों में से एक है। ऐसे में अब साफ हो गया है कि सपा और रालोद के रास्ते जुदा हैं। हरेंद्र मलिक को पश्चिम उत्तर प्रदेश में जाटों का बड़ा नेता माना जाता है। मलिक अल्पसंख्यक समाज में भी अच्छी पकड़ रखते हैं।

अफजाल अंसारी के गाजीपुर से सपा के सिंबल पर लड़ने की चर्चा पहले से ही थी। हाल ही में अखिलेश ने उन्हें टिकट देने के संकेत दे दिए थे। संवादाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा था कि आप जैसा सोच रहे हैं वैसा ही है। साल 2016 में अफजाल की पार्टी कौमी एकता दल के सपा में विलय को लेकर ही अखिलेश नाराज हुए थे और अखिलेश का शिवपाल से पहली बार मनमुटाव भी शुरू हुआ था। अफजाल ने उस वक्त पत्रकारों से कौमी एकता दल के सपा में विलय का फैसला रद करने के लिए अखिलेश यादव को ही जिम्मेदार ठहराया था। सपा की लोकसभा उम्मीदवारों की इस दूसरी सूची में पीडीए की झलक भी दिख रही है। सूची में कई चेहरे पुराने हैं। गाजीपुर और मुजफ्फरनगर के अलावा सपा ने आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से ऊषा वर्मा, मिश्रिख से रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल, बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा, चंदौली से वीरेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पहली सूची में 16 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए थे।

# ईडी के छठे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को आबकारी नीति मामले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए। उनकी आम आदमी पार्टी (आप) ने ईडी के छठे समन को अवैध बताते हुए कहा कि एजेंसी को केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। केजरीवाल को ईडी ने छठी बार समन भेजा है। केजरीवाल द्वारा इस मामले से संबंधित कई समन को नजरअंदाज करने पर जांच एजेंसी ने शहर की एक अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

# खेत में बाघ ने युवक को मार डाला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- तीन घंटे तक वन विभाग के अफसरों के न पहुंचने से बिफरे ग्रामीण

> पंडरी गांव में एक युवक की बाघ हमले में मौत हुई है। उप प्रभागीय वनाधिकारी समेत टीम को भेजा था। जांच चल रही है। नियमानुसार मदद की जाएगी। ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा है। - **समीर कुमार**, प्रभारी डीएफओ सामाजिक वानिकी प्रभाग

**अमृत विचार** : गन्ने के खेत में छिपे बाघ ने युवक को मार डाला। करीब तीन घंटे तक वन विभाग के अधिकारी नहीं पहुंचे तो आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। ग्रामीणों के उग्र तेवर देख पीएसी बुला ली गई। क्षेत्रीय विधायक, पुलिस, प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों ने करीब डेढ़ घंटे मनुहार किया तब ग्रामीण शांत हुए। घटना न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव पंडरी में सोमवार दोपहर करीब 2.30 बजे हुई।

पंडरी गांव के छोटे लाल का बेटा पंकज (19) घर से करीब 300 मीटर दूर गन्ने के खेत में शौच करने गया था। जहां बाघ ने उस पर हमला कर दिया। आसपास काम रहे ग्रामीणों ने पंकज की चीख सुनी तो शोर मचाना शुरू कर दिया। अन्य ग्रामीण भी पहुंच गए। शोर से बाघ युवक को छोड़ भाग गया। सूचना पुलिस व वन विभाग को दी गई। पुलिस कुछ देर बाद पहुंच गई लेकिन वन विभाग की टीम तीन घंटे बाद पहुंची। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव सड़क पर रख जाम लगा दिया। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को मौके पर बुलाने पर अड़ गए। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह, सीओ सदर प्रतीक दहिया पुलिस बल व पीएसी के साथ पहुंचे। परिवार को मुआवजा, बाघों को पकड़ने और जंगल किनारे फेंसिंग लगाने की मांग की। अधिकारियों के आश्वासन पर शाम 7.45 बजे मामला शांत हुआ। पंडरी गांव पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज के जंगल से तीन किमी दूरी पर स्थित है।

# किसान नेताओं ने एमएसपी पर केंद्र का प्रस्ताव ठुकराया

चंडीगढ़, एजेंसी

- 21 फरवरी को दिल्ली कूच करने का किया एलान

किसान नेताओं ने सरकारी एजेंसियों द्वारा पांच साल तक दाल, मक्का और कपास की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किए जाने के केंद्र के प्रस्ताव को सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि यह किसानों के हित में नहीं है तथा बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी कूच करने का एलान किया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हम सरकार से अपील करते हैं कि या तो हमारे मुद्दों का समाधान किया जाए या अवरोधक हटाकर हमें शांतिपूर्वक विरोध-प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली जाने की अनुमति दी जाए। किसानों के साथ वार्ता के बाद, तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति ने दाल, मक्का और कपास सरकारी एजेंसियों द्वारा एमएसपी पर खरीदने के लिए पांच वर्षीय समझौते का प्रस्ताव दिया था।

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने सरकार के प्रस्ताव को सोमवार को खारिज कर दिया कि इसमें किसानों की एमएसपी की मांग को भटकाने की कोशिश की गई है और वे स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट में अनुशंसित एमएसपी के लिए 'सी -2 प्लस 50 प्रतिशत फूर्मला से कम कुछ भी स्वीकार नहीं करेंगे। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि हमारे दो मंचों पर चर्चा करने के बाद यह निर्णय लिया गया है कि केंद्र का प्रस्ताव किसानों के हित में नहीं है और हम इस प्रस्ताव को अस्वीकार करते हैं। पंधेर ने कहा कि हम 21 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे दिल्ली के लिए शांतिपूर्वक कूच करेंगे।

## चंदा कोचर व उनके पति की गिरफ्तारी अनुचित

**मुंबई।** बम्बई हाईकोर्ट ने ऋण धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं सीईओ चंदा कोचर तथा पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को सत्ता का दुरुपयोग करार देते हुए कहा कि दोनों की गिरफ्तारी बिना सोचे समझे व कानून का उचित पालन किए बिना की गई थी।

## रिश्वत लेते हुए ईपीएफओ अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने सोमवार को सॉफ्टवेयर कंपनी से दो लाख रुपये रिश्वत लेते हुए ईपीएफओ के अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। तमिलनाडु के तिरुनेवेली में ईपीएफओ अधिकारी पी. काबिलन ने कंपनी को केंद्र सरकार की योजना में मिली तीन करोड़ रुपये की राशि में से 15 लाख रुपये रिश्वत मांगी थी।

# संभल में मोदी ने किया कल्कि धाम का शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संभल जिले के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का एक और अद्भुत क्षण है। आज यूपी में प्रभु राम और प्रभु कृष्ण की भूमि से भक्ति भाव और आध्यात्मिकता की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वो संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा है। यहां आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी दोनों ही है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री सोमवार को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी व साधु-संतों के साथ ही भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री सीधे कल्कि धाम के गर्भगृह पहुंचे। उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर से जुड़े महात्माओं ने वैदिक मंत्रों के बीच पूजन कराया। प्रधानमंत्री ने पूजन के बाद कल्कि धाम निर्माण के लिए शिला को स्थापित किया। शिलान्यास के बाद सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने ही 22 जनवरी को देश ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए 500 साल के इंतजार को पूरा होते देखा है। अरब की धरती पर आबू धाबी में पहले विराट मंदिर के लोकार्पण के साक्षी भी बने हैं। अब हम यहां संभल में भगवान कल्कि धाम के शिलान्यास के गवाह बन रहे हैं। मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभर कर सामने आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कालखंड में हमने विश्वनाथ धाम के वैभव को काशी की धरती पर निखरता हुआ देखा है। महाकाल के महालोक की महिमा हमने देखी है। हमने सोमनाथ का विकास देखा है, केदार घाटी का पुनर्निर्माण देखा है। हम विकास और विरासत के मंत्र को भी आत्मसात करते हुए चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे देश के संत और आचार्य नए मंदिर बनवा रहे हैं वैसे ही मुझे ईश्वर ने राष्ट्र रुपी मंदिर के नवनिर्माण का दायित्व सौंपा है। मैं दिन रात राष्ट्र रुपी मंदिर को भव्यता देने में लगा हूं उसके गौरव का विस्तार कर रहा हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां हर युवा को आजीविका और आस्था की गारंटी भी है। यही मोदी की गारंटी है। पहले की सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। वो न आस्था दे पाए और न ही आजीविका उपलब्ध करा पाए। मगर, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की परंपराओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि जैसे शबरी को राम के आने का विश्वास था वैसे ही उन्हें भी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन का विश्वास था। प्रधानमंत्री के साथ जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, स्वामी कैलाशानंद ब्रह्मचारी व सद्गुरु रितेश्वर जी महराज भी मंचासीन रहे।




प्रधानमंत्री को श्रीकृष्ण का चित्र भेंट करते मुख्यमंत्री साथ में आचार्य प्रमोद कृष्णम व अन्य।

**नवजागरण**

- प्रधानमंत्री बोले- यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का अद्भुत पल है
- मोदी के नेतृत्व में आस्था का सम्मान व आजीविका की गारंटी दोनों हैं : योगी


# 106 इकाइयां जमीन पर उतरीं तो हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार

## लखनऊ में हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का किया सजीव प्रसारण, राज्यमंत्री ने निवेशकों को जीबीसी में किया सम्मानित, अब अन्य को मिला न्यौता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** तराई के जनपद पीलीभीत में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में कृषि, सहकारी, दुग्ध विकास, ऊर्जा, पशुपालन, फूड सेफ्टी, उद्यान, वन, माध्यमिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, पर्यटन आदि कई विभागों के 106 प्रस्तावों को धरातल पर लाने की घोषणा की गई, जिनकी लागत 1214.45 करोड़ रुपये से अधिक है। जहां निवेशकों को सम्मानित किया गया साथ ही नए उद्यमियों को जोड़ने पर जोर दिया। उद्यमियों के निवेश से जनपद में उद्योग स्थापित होने से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

शहर के एक होटल में इन्वेस्टर समिट को लेकर प्रशासन की ओर से जीबीसी सेमीनार (जीबीसी) का आयोजन सोमवार को किया गया। इसमें जिले में उद्योग स्थापित करने के लिए जिले और प्रदेश से ही नहीं बल्कि अन्य बाहरी राज्यों से आए हुए निवेशकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, डीएम संजय कुमार, सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डिप्टी कमिश्नर उद्योग



जीबीसी के दौरान राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, डीएम संजय कुमार को प्रोडक्ट सौंपते निवेशक।

आत्मदेव शर्मा मौजूद रहे। देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बांसुरी वादक सम्यक पाराशरी ने बांसुरी वादन किया। जिला प्रशासन एवं जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के प्रयासों से 8830.65 करोड़ रुपये के कुल 257 निवेश प्रस्ताव जनपद को प्राप्त हुए थे। निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के प्रयास किए गए। जिसके फल स्वरूप जिले में 1214.45 करोड़ के कुल 106 निवेश प्रस्तावों को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रदर्शित किया गया। करीब पांच हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। इसके अलावा 1169.2 करोड़ रुपये के कुल 58 निवेश

- उद्यमियों के निवेश से जनपद में खुलेंगे विकास के द्वार

प्रस्ताव पाइपलाइन (कतार) में हैं। करीब 8 से 10 माह बाद धरातल पर लाने की उम्मीद जताई जा रही है। निवेश में मेडिकल हेल्थ, फूड सेफ्टी और डेयरी डिर्पामेंट में कोई भी निवेशक नहीं आया। लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ का सजीव प्रसारण भी उद्यमियों को दिखाया गया। कई उद्यमियों ने अपने प्रस्ताव को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि दूसरे राज्यों अथवा दूसरे जनपदों से आने वाले निवेशकों को अपना उद्योग स्थापित करने के दौरान अनावश्यक रूप से भागदौड़ का सामना न करना पड़े। निवेश आपका-जिम्मेदारी हमारी थीम के साथ निवेशकों को हर प्रकार से अनुकूल माहौल प्रदान किया जा रहा है। उद्योग स्थापित होने से जिले वासियों को रोजगार मिलेगा। राज्यमंत्री ने सभी निवेशकों का आभार व्यक्त किया। जिले के समस्त व्यापार मंडल के पदाधिकारी और अन्य लोग मौजूद रहे।


ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में मौजूद निवेशक और अन्य लोग। ● अमृत विचार

### 18 करोड़ का निवेश होने से बढ़ी रोजगार की उम्मीद

**बरखेड़ा।** इन्वेस्टर समिट की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम को लेकर विकास खंड के सभागार में सोमवार को प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण दिखाया गया। मुख्य अतिथि विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित करने का प्रयास निश्चित ही एक सराहनीय कदम है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लाइव प्रसारण देखने के लिए ब्लाक सभागार में सोमवार को काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए। विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास कार्य शुरू होने से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने बताया कि कार्यक्रम में पहुंचे 22 इन्वेस्टर्स ने 18 करोड़ रुपये का विधानसभा बरखेड़ा में इन्वेस्ट करने पर सहमति जताई। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गंगवार, खंड विकास अधिकारी प्रेम सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक गंगवार मौजूद रहे।

### किस बिजनेस में कितना हुआ इन्वेस्टमेंट

| रोजगार का नाम | प्रस्ताव की संख्या | लागत | मिलेगा रोजागर |
|---|---|---|---|
| सूक्ष्म लघु उद्योग | 37 | 599 .5 | 2367 |
| कृषि विभाग। | 01 | 02 | 14 |
| सहकारिता विभाग | 03 | 73 .4। | 86 |
| ऊर्जा विभाग | 05 | 317 | 240 |
| पशुपालन विभाग | 30 | 30 | 126 |
| वन विभाग | 2 | 4 .67 | 56 |
| बागवानी विभाग | 13 | 115 | 458 |
| आवास विभाग। | 03 | 9 .5 | 170 |
| माध्यमिक शिक्षा विभाग | 01 | 20 | 75 |
| तकनीकी शिक्षा | 01 | 02 | 30 |
| हथकरगा एवं कपड़ा | 02 | 2.5 | 20 |
| पर्यटन विभाग | 08 | 39 | 200 |

### फैक्ट्री स्थापित होने से तहसील वासियों को मिलेगा रोजगार

**पूरनपुर।** सोमवार को ब्लॉक सभागार में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बाबूराम पासवान मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था के मामले में दिन प्रतिदिन मजबूत होता जा रहा है। सभी सरकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंच रही हैं। रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही पूरनपुर क्षेत्र में जिले की सबसे बड़ी फैक्ट्री स्थापित होने जा रही है। इससे जिले की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस दौरान सभागार में लगी एलईडी पर लखनऊ में चल रहे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण दिखाया गया। मौजूद एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने अर्थव्यवस्था के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में कई व्यापारियों ने विचार रखे। इस दौरान, एडीओ पंचायत अजय देवल, अशोक खंडेलवाल, सपा नेता संजय खान, जिला महामंत्री, महादेव गाइन, सुखदेव सिंह और अन्य व्यापारी, उद्यमी, सचिव, ग्राम प्रधान, बीडीसी मेंबर आदि भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### नेत्र परीक्षण में जरूरतमंदों को बांटी दवा

**पूरनपुर, अमृत विचार :** नगर के सिरसा रोड स्थित श्रीराम वाटिका में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सोमवार को लगाया गया। मरीजों की आंखों की जांच की गई। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बाबूराम पासवान रहे। इस दौरान लगभग 250 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया और उन्हें जरूरत की दवाएं दी गईं। शिविर का आयोजन भाजपा के नगर उपाध्यक्ष गुंजन सक्सेना द्वारा किया गया था। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री महादेव गाइन, जिला मंत्री भारतेन्दु सिंह, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, नितीश अग्रवाल, विवेक तिवारी, मानस शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### दावत में नर्तकियों से कराया डांस, वीडियो वायरल

**पीलीभीत।** मीडिया पर सोमवार को नर्तकियों के डांस कराने से जुड़ा एक वीडियो जमकर वायरल हुआ। जिसमें कुछ नर्तकियां डांस कर रही हैं और लोग रुपये लुटा रहे हैं। वायरल करते वक्त वीडियो पूरनपुर तहसील क्षेत्र के एक गांव का बताया गया है, जिसमें कहा जा रहा है कि एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर नर्तकियों से डांस कराया गया। मामला चर्चा का विषय बना रहा। वहीं पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई देर शाम तक नहीं की गई।

# युवक को बंधक बना घर से मंगवाए 50 हजार

संवाददाता, बरखेड़ा

- पुलिस ने युवक को किया बरामद, हिरासत में लिया एक आरोपी
- परिजनों का अपहरण का आरोप, पुलिस ने बताया लेनदेन का विवाद

**अमृत विचार:** एक युवक को शादी में चलने की बात कहकर बीसलपुर बुलाने के बाद कुछ लोगों ने बंधक बना लिया। फिर परिवार से रुपये मंगवाए। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर युवक को बरामद कर लिया। परिजन अगवा करने का आरोप लगा रहे हैं, जबकि पुलिस रुपये लेनदेन का पुराना विवाद बताकर जांच कर रही है।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैना निवासी बृजनंदन ने बताया कि उनके भतीजे संतोष कुमार (20) को रविवार दोपहर करीब एक बजे बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम हाफिजनगर बन्नाई निवासी एक युवक ने कॉल कर शादी में चलने की बात कहकर बीसलपुर बुला लिया। इसके बाद अपने तीन अन्य साथियों की मदद से उसे बंधक बनाकर कमरे में बंद कर दिया। वहां से परिवार को संतोष कुमार से कॉल कराकर 50 हजार रुपये मंगवाए। कुछ देर बाद व्यवस्था न होने पर 20 हजार रुपये लाने को कहा। पहले मामले की शिकायत बरखेड़ा पुलिस से की और फिर बीसलपुर कोतवाली में सूचना दी। बीसलपुर पुलिस ने रुपये लेकर संतोष के छोटे भाई बलराम को बरेली रोड पर भड़रिया मोड़ के पास भेजा और पीछे पुलिस-परिजन निगरानी में जुट गए। इस बीच एक युवक रुपये लेने आया और वह संतोष तक ले गया। पुलिस ने दबिश देकर एक आरोपी को पकड़ लिया जबकि तीन भाग गए। मौके से संतोष कुमार को भी बरामद कर लिया।

बरखेड़ा पुलिस भी बीसलपुर आ गई। एक आरोपी व बरामद युवक को अपने साथ ले आई। एसएसआई बरखेड़ा सिद्धांत शर्मा ने बताया कि मामला अपहरण का नहीं है। दोनों पक्षों के बीच रुपये के लेनदेन का विवाद है। इसी में बहाने से बीसलपुर बुलाकर मारपीट की गई है। मामले की जांच चल रही है।

# आज निकलेगी कलश यात्रा, कथा कल से

**पीलीभीत, अमृत विचार:** बनकटी रोड पर पुष्प इंस्टीट्यूट के पास श्रीमद भागवत कथा 21 फरवरी से शुरू होगी। इससे पूर्व श्रीराम मंदिर से मंगलवार दोपहर दो बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी जो कथा स्थल तक जाएगी। आयोजनकर्ता सतीश जायसवाल ने बताया कि 500 वर्षों के अंतराल और प्रतीक्षा के बाद श्रीराम अपने दिव्य मंदिर में विराजित हुए। प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गोपाल शरण महाराज कथा का श्रवण कराएंगे। 21 फरवरी से 27 फरवरी तक दोपहर दो से शाम छह बजे तक कथा होगी। 28 फरवरी को पूर्णाहुति व भंडारा दोपहर 12 बजे से होगा।

# जुलूस निकालकर युवाओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** पुलिस परीक्षा के पेपर आउट होने को लेकर युवाओं ने जुलूस निकालकर नारेबाजी की। इसके बाद एसडीएम को अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा।

- पुलिस परीक्षा का पेपर आउट होने पर जताई नाराजगी

नगर के 12 पत्थर चौराहे पर दर्जनों युवा सोमवार सुबह एकत्र हुए और जुलूस निकालते हुए तहसील पहुंचे। यहां प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई और फिर एसडीएम महिपाल सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 17 व 18 फरवरी को पुलिस परीक्षा संपन्न कराई गई थी।

परीक्षा के चारों पेपर टेलीग्राम के द्वारा परीक्षा होने से पहले ही वायरल कर दिए गए। ज्ञापन में पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र आउट करने वाले दोषी लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में हरि प्रताप, सोनी देवी, छाया देवी सीमा देवी, अरविंद कुमार, गौरव, सुनील कुमार, मनोज कुमार, आदि थे।


तहसील में प्रदर्शन करते युवा। ● अमृत विचार

# विधायक ने छह किलोमीटर लंबे मार्ग का शुरू कराया निर्माण

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** शारदा पार मौरनिया गांधीनगर से संपूर्णानगर मार्ग की सूरत बदलने जा रही है। सोमवार को विधायक बाबूराम पासवान ने छह किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। करीब 19.23 करोड़ की लागत से सड़क बनेगी।

ट्रांस शारदा क्षेत्र के निवासियों के लिए बेहतर सड़क कनेक्टिवी पर काफी जोर है। सरस्वती विद्या मंदिर के पास से धनाराघाट जाने वाली सड़क की मरम्मत और निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। इसी तरह असम हाईवे से शेरपुर मार्ग भी बन रहा है। इसी बीच मौरनिया गांधीनगर से संपूर्णानगर तक की छह किलोमीटर लंबी सड़क बनना शुरू हो गई है। इससे शारदा के उस पार बसी आबादी को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। विधायक बाबूराम पासवान ने यहां विधि-विधान से पूजन और नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। इस मौके पर सुभाष श्रीवास्तव, साधन सहकारी समिति कबीरगंज अध्यक्ष योगेश कुमार, विजय सिंह, रोहित मिश्रा, शास्त्री नगर प्रधान मनोज सिंह, गांधी नगर प्रधान मुकेश कुमार, विजयनगर प्रधान कंतलाल, शांति नगर प्रधान रामकृपाल वर्मा, आशोक नगर प्रधान सूर्य भान गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरदेव सिंह आदि मौजूद रहे।


मौरनिया गांधीनगर से संपूर्णानगर मार्ग के निर्माण कार्य की बुल्डोजर पर सवार होकर शुरुआत करते विधायक बाबूराम पासवान। ● अमृत विचार

- मौरनिया गांधीनगर से संपूर्णानगर तक 19.23 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

# 22 से श्रद्धालुओं को कराए जाएंगे रामलला के दर्शन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- राज्यमंत्री ने बीते विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक वोट देने वाले गांव किए चिह्नित

**अमृत विचार:** अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम गत माह सम्पन्न होने के बाद अब दर्शन करने की उत्सुकता भक्तों में हैं। हर कोई रामलला के दर्शन करने को आतुर है। राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार ने अपने विधानसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन कराने को पूर्व में की गई घोषणा को पूरा करते हुए इंतजाम कराए हैं।

इसके लिए विधानसभा क्षेत्र के उन बूथों को चयनित किया गया है जहां गत विधानसभा चुनाव में राज्यमंत्री को सर्वाधिक वोट प्राप्त हुए। राज्यमंत्री ने बीते विधानसभा चुनाव में बूथों का आकलन कराया। इसमें सर्वाधिक वोट अमरिया क्षेत्र के ग्राम करगैनापीरा, ललौरीखेड़ा ब्लॉक के बूथ गौनेरा में प्राप्त हुए थे। इसलिए सबसे पहले करगैनापीरा और गौनेरा के भक्तों को अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन कराने को 22 फरवरी को बसों से रवाना किया जाएगा। राज्यमंत्री के संजय रायल पार्क स्थित जनसहयोग कार्यालय से रात्रि आठ बजे पूजन-अर्चन के बाद राज्यमंत्री श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर एवं भोजन कराकर बसों से रवाना कराएंगे। रामलला के दर्शन कराने के लिए 22 फरवरी से बसों के भेजने का सिलसिला शुरू होगा। 22 फरवरी को दो बसें रवाना होंगी। इन बसों के यात्रियों को अयोध्या में लतामंगेशकर चौक पहुंचने के बाद टेंट सिटी में ठहरने की व्यवस्था की गई है। दिन भर अयोध्या धाम में दर्शन पूजा अर्चना करने के बाद उसी दिन रात्रि में पीलीभीत के लिए प्रस्थान कराया जाएगा।

# अधिकारियों के सामने भिड़ गए दोनों पक्ष

संवाददाता, बीसलपुर

- ग्रामीणों ने पूर्व डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार से की थी मनरेगा कार्यों की शिकायत
- पूर्व प्रधान के कार्यों को वर्तमान प्रधान व सचिव द्वारा अपना दिखाने का था आरोप

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत चुर्रासकतपुर में विकास कार्य के नाम पर धांधली करने की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है। डीएम के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी हवलदार सिंह, डीसी मनरेगा मृणाल सिंह, डीपीआरओ सतीश चंद्र ने सोमवार को कंपोजिट विद्यालय चुर्रा सकतपुर में पहुंचकर जांच शुरू की। टीम के सामने ही दोनों पक्ष भिड़ने लगे। जिसे किसी तरह शांत कराया।

कुछ ग्रामीणों ने पूर्व डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार से शिकायत की थी, जिसमें आरोप था कि पूर्व प्रधान द्वारा कराए गए कार्यों को वर्तमान प्रधान व सचिव ने अपना कार्य दर्शाया है। नाली निर्माण व गांव चुर्रा का मजरा गौंटिया के प्राथमिक विद्यालय में टाइल्स समेत अन्य कार्य में भी अनियमिताएं हैं। मामला नवागत डीएम संजय कुमार सिंह के संज्ञान में आया तो जांच के आदेश कर दिए गए। इसी क्रम में टीम सोमवार को जांच करने पहुंची थी। जांच के दौरान शिकायतकर्ता और प्रधानपक्ष के लोगों में कहासुनी हो गई। बता दें कि इससे पहले जिला गन्ना अधिकारी डॉक्टर खुशीराम भार्गव और शारदा सागर खंड के सहायक अभियंता विशाल मिश्रा को संयुक्त रूप से जांच दी गई थी। उस वक्त भी हंगामा हो गया था। जिसके चलते जांच अधिकारी बदले गए थे। फिलहाल अधिकारियों ने शिकायत को लेकर जानकारी की। ग्राम विकास अधिकारी रितेश शुक्ला ने बताया कि जांच करने आए अधिकारियों ने शिकायतकर्ता व दोनों पक्षों से पूछताछ कर बयान लिए हैं।

### प्रधान-सचिव पर लगे आरोपों की जांच शुरू

**बीसलपुर।** ग्राम परसिया के सियाराम गंगवार व पूर्व ग्राम प्रधान दीनदयाल ने बीते दिनों डीएम से शिकायत की थी, जिसमें विकास कार्यों के नाम पर घोटाला करने का आरोप प्रधान सचिव पर लगाया था। डीसीओ खुशीराम भार्गव, शारदा सागर खंड के सहायक अभियंता मुकेश चंद सोमवार को गांव पहुंचे और जांच की।

बताते हैं कि शिकायतकर्ता और प्रधान पक्ष के बीच कहासुनी और धक्का मुक्की हो गई, जिसे किसी तरह अधिकारियों ने शांत कराया। कई लोगों के बयान दर्ज कर टीम लौट आई।

**जागरुकता** इंग्लैंड और भारत के पक्षियों के बारे में दी जानकारी, उच्च प्राथमिक विद्यालय माला में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

# इंग्लैंड से आए चेस्टर जू के प्रतिनिधि स्कूली बच्चों से हुए रूबरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया एवं चूस्टर जू इंग्लैंड के संयुक्त तत्वावधान में जागरुकता कार्यक्रम किया गया, जिसमें चेस्टर चिड़ियाघर इंग्लैंड से आए एलेनोर नेली एवं एलेक्स थॉमस ने भारत और इंग्लैंड में पाए जाने वाले पक्षियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियों से स्कूली बच्चों को रूबरू कराया।

मरौरी ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय माला में सोमवार को हुए कार्यक्रम के दौरान एलेनोर नेली ने बताया कि भारत में पाए जाने वाले पक्षियों की कुल प्रजातियों की संख्या लगभग 1300 है। जिनमें से बहुत से पक्षी और चिड़िया माइग्रेट करके विदेशों तक जाती हैं और इसी तरह विदेशी पक्षी भी माइग्रेट होकर भारत आते हैं जो पक्षी जगत की बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। डब्ल्यूटीआई के डॉ. अभिषेक घोषाल (कॉन्फ्लिक्ट डिवीजन प्रमुख) ने बच्चों को पक्षियों की आवाजें निकालकर पहचानने की गतिविधि कराई। डब्ल्यूटीआई की बायोलॉजिस्ट प्रांजली भुजबल ने कहा कि कुछ पक्षी ऐसे होते हैं जो पंख होने बावजूद भी उड़ना पसंद नहीं करते बल्कि वो तेज दौड़ने में माहिर होते हैं। डब्ल्यूटीआई की सोशियोलॉजिस्ट श्रुति चौहान ने पक्षियों और मानव जीवन के सामाजिक रिश्ते के बारे में विस्तार से बताया। एलेक्स थॉमस ने बच्चों के छोटे-छोटे समूह बनाकर उनमें दूरबीन का वितरण किया और आसपास दिखने वाले पक्षियों की सूची बनाकर उनके चित्र को चस्पा करने की गतिविधि कराई। डॉ. मयूख चटर्जी ने बच्चों को पुराने वेस्ट मटेरियल से चिड़ियों के लिए घर बनाने को प्रेरित किया। समापन पर बच्चों द्वारा संकल्प लिया गया कि पक्षियों के जीवन को बचाने के लिए घर एवं विद्यालय के आसपास पानी एवं छायादार घरों की व्यवस्था करेंगे। इंचार्ज प्रधानाध्यापक देवेंद्र कंहैया ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर डब्ल्यूटीआई के रुस्तम राणा, संतराम, सुबी, रविंद्र आदि मौजूद रहे।


जागरुकता कार्यक्रम के दौरान गतिविधियों के माध्यम से जानकारी देती एलेनोर नेली।


स्कूली बच्चों के साथ चेस्टर जू इंग्लैंड व डब्ल्यूटीआई के सदस्य। ● अमृत विचार

# पूरनपुर के 250 शिक्षक बोर्ड परीक्षा में करेंगे ड्यूटी

संवाददाता, पूरनपुर

- माध्यमिक शिक्षा परिषद ने भेजी 414 शिक्षकों की डिमांड

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए 400 से अधिक शिक्षकों की डिमांड भेजी है। परिषदीय स्कूलों के शिक्षण कार्य को ध्यान में रखते हुए लगभग 250 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। यह शिक्षक 19 परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से शुरू हो रही है। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सभी तैयारी लगभग पूरी की जा चुकी हैं। परीक्षा संपन्न कराने में परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पूरनपुर क्षेत्र से लगभग 414 शिक्षकों की डिमांड बोर्ड परीक्षा के लिए भेजी है। पूरनपुर के 12 और कलीनगर के सात केंद्रों पर परीक्षा कराई जाएगी। हालांकि डिमांड के अनुसार शिक्षकों की ड्यूटी लगने से स्कूलों का शिक्षण कार्य प्रभावित हो सकता है। इसको देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा के लिए लगाई है। जिन स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक है। बोर्ड परीक्षा के लिए उन स्कूलों के ही शिक्षक चुने गए हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया की डिमांड के अनुसार शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने से स्कूलों का शिक्षण कार्य प्रभावित हो जाएगा। बोर्ड परीक्षा के साथ ही परिषदीय स्कूलों में शिक्षण कार्य भी आवश्यक है। इसको देखते हुए प्राथमिक और जूनियर स्कूलों के लगभग 250 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।






घटना स्थल पर जुटे ग्रामीणों को इधर-उधर करती पुलिस। ● अमृत विचार

### छावनी में तब्दील हो गया पंडरी गांव

ग्रामीण उग्र होते दिखाई दे रहे थे। अधिकारी समझाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन शुरुआत में बात नहीं बन पा रही थी। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ भी बढ़ती गई और अंधेरा सा होने लगा। ऐसे में हालात बेकाबू न हो जाएं ।पुलिस विभाग अलर्ट रहा। थानों की पुलिस के अलावा पीएसी को भी मौके पर बुला लिया गया। जिसके बाद गतिविधियों पर पुलिसकर्मी नजर बनाए रहे। अन्य थानों की पुलिस को भी अलर्ट मोड पर रखा गया।



बाघ के हमले के बाद विरोध दर्ज कराते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## भाई से विवाद के बाद युवती ने पीया टॉयलेट क्लीनर

**पूरनपुर, अमृत विचार :** भाई से झगड़ा होने के बाद गुस्साई युवती ने घर में रखा टॉयलेट क्लीनर पी लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती का अपने भाई से घर में विवाद हो गया था। इससे आहत होकर युवती ने जान देने के लिए घर में रखा टॉयलेट क्लीनर पी लिया। कुछ देर बाद युवती की हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया। बताते हैं कि टॉयलेट क्लीनर पीने से युवती की जीभ झुलस गई थी। हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि उन्हें ऐसे किसी घटना की सूचना नहीं मिली है।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से भड़का आक्रोश, गन्ना लेकर कर्मचारी दौड़ाए

## अनदेखी के चलते बाघ के हमले से बढ़ा ग्रामीणों में आक्रोश, एक और युवक की मौत पर पंडरी में आक्रोशित हुई भीड़, बमुश्किल शांत हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जंगल से बाहर निकले बाघ ने अब पंडरी गांव में खेत पर गए युवक की जान ले ली। पूर्व की घटनाओं की तरह इस बार भी जिम्मेदारों की लापरवाही उजागर हुई है। ग्रामीणों की मानें तो पंडरी में आबादी के नजदीक पखवाड़ा भर से अधिक समय से बाघ की दस्तक बनी हुई थी। ग्रामीण इसकी सूचना भी दे रहे थे, लेकिन जिम्मेदारों ने ठोस कदम नहीं उठाए और अनसुना कर दिया गया। नतीजतन एक और जान चली गई। विरोध में ग्रामीण उतरे तो वही रटा रटाया जल्द इंतजाम दुरुस्त करने का आश्वासन दे दिया गया है। मगर ग्रामीणों में भी नाराजगी बरकरार है। उन्होंने गन्ना लेकर कर्मचारियों को दौड़ा लिया।



मृतक के परिवार से वार्ता करते बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद। ● अमृत विचार



विलाप करती परिवार की महिलाएं।

मरौरी ब्लाक का गांव पंडरी पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज से करीब तीन किमी दूर है। ग्रामीणों के मुताबिक यहां पिछले कई दिनों से बाघों की चहलकदमी देखी जा रही है। बाघों के डर से अधिकांश ग्रामीणों ने खेतों पर भी जाना बंद कर दिया। जब भी बाघ की दस्तक पता चलती तो ग्रामीण जानकारी वन विभाग को देते आ रहे थे। बताते हैं कि वन विभाग के जिम्मेदार ग्रामीणों की सूचना को कोई तवज्जो ही नहीं दे रहे थे। इधर, जब सोमवार दोपहर गांव निवासी युवक पंकज को पीटीआर से निकले बाघ ने गन्ने में हमला कर युवक को मार डाला तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। घटना से अधिक नाराजगी कई दिनों की सूचना के के बाद भी नजरअंदाज किए जाने को लेकर थी। इतना ही नहीं घटना के बाद भी वन विभाग बेपरवाह दिखा। सूचना मिलने के कुछ समय बाद

● **शौच को गए युवक की बाघ के हमले में मौत से ग्रामीणों में रोष**

न्यूरिया पुलिस तो मौके पर पहुंच गई, लेकिन ग्रामीणों की मानें तो वन विभाग की टीम को पहुंचने में तीन घंटे लग गए। इसमें भी कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं आया। पीटीआर की महोफ रेंज के वन क्षेत्राधिकारी सहेंद्र यादव और सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार आए। अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए ग्रामीणों को विरोध करना पड़ा। बडे अफसर के आए बिना शव न उठने देने की बात पर ग्रामीण अड़ गए। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों का आरोप था कि गांव के आसपास बाघ आ रहे हैं। इसकी सूचना लगातार दी रही है, इसके बावजूद वन विभाग कोई ध्यान नही दे रहा है। बातचीत के दौरान नोकझोंक भी होने लगी। बताते हैं कि आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ ने हंगामा करने के साथ ही हाथ में गन्ने लेकर कुछ कर्मियों को दौड़ा लिया। घटना की जानकारी पर बरखेड़ा विधायक प्रवक्तानंद, एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह, सीओ सदर प्रतीक दहिया आदि भी मौके पर पहुंचे गए थे। विधायक समेत अधिकारियों ने ग्रामीणों का समझाने का प्रयास किया। शाम करीब छह बजे युवक के शव को गन्ने के खेत से लाकर गांव में ही एक सड़क पर रख दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की बात हुई तो ग्रामीण वन विभाग के किसी बडे.अफसर के आने तक शव न उठने देने की बात पर अड़ गए।

ग्रामीणों का कहना था कि गांव के आसपास घूम रहे बाघों को पकड़वाया जाए और जंगल सीमा पर तार फैसिंग कराई गई। इस पर बरखेड़ा विधायक ने ग्रामीणों का आश्वस्त किया कि तार फैंसिंग की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही जंगल सीमा पर तार फैंसिंग करा दी जाएगी। नियमानुसार मृतक के परिजनों को मुआवजा भी दिया जाएगा। इधर स्थिति बेकाबू होते देख पीएसी भी मौके पर बुला ली गई। करीब 1.50 घंटे तक चली वार्ता के बाद ग्रामीण शव उठने देने पर राजी हुए। तब कहीं जाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

# बाघ हमला: 50 दिन में तीन लोगों ने गंवा दी अपनी जान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व से बाहर निकले बाघों के चलते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि बाघ हमलों में बीते साल सात लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, वहीं इस साल 50 दिन के भीतर तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

पीलीभीत के जंगल को जून 2014 में संरक्षित करते हुए टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। खास बात यह है कि उस दौरान आनन-फानन में जंगल को टाइगर रिजर्व तो घोषित कर दिया गया, लेकिन जिम्मेदार जंगल से सटे गांवों की सुरक्षा एवं जरूरी संसाधन देना ही भूल गए। बाघों की संख्या बढ़ने और जंगलों का

● **पांच जनवरी को ही चली गई थी पहली जान**

दायरा सिकुड़ने से पीटीआर के बाहर निकलने लगे और मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी तेजी से बढ़ने लगी। बाघ हमलों में इंसानों की मौत का सिलसिला जारी है। पीटीआर के आंकड़ों के मुताबिक आठ सालों के भीतर अब तक 47 इंसान बाघ हमलों में अपनी जान गंवा चुके हैं। बीते साल पर गौर करें तो नौ जनवरी से 26 सितंबर के बीच बाघ हमलों में सात इंसानों ने अपनी जान गंवाई। पीटीआर में पांच जनवरी को महोफ रेंज से सटे गांव पुरैनीदीप नगर में खेत में काम करने के दौरान बाघ ने किसान स्वरूप सिंह को निवाला बना लिया था। वहीं 29 जनवरी को कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव जमुनियां

**वर्ष 2024 में इन लोगों ने गंवाई जान**

05 जनवरी – स्वरूप सिंह – पुरैनी दीपनगर

30 जनवरी – गंगाराम – माला रेंज

19 फरवरी – पंडरी– पंकज

निवासी गंगाराम को माला रेंज में बाघ ने हमला कर मार डाला था। इधर, सोमवार को पीटीआर से निकले बाघ ने महोफ रेंज से सटे गांव पंडरी के पास युवक पंकज को भी अपना निवाला बना डाला। पीटआर के बाघ जंगल के बाहर न निकलें, इसको लेकर पीटीआर प्रशासन जंगल सीमा पर लगातार गश्त एवं निगरानी होने का दावा कर रहा है। मगर, जंगल सीमा के आसपास बाघ हमलों में हो रही इंसानों की मौत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है।

# हिंदी का आसान पेपर देख खिले चेहरे, विद्यार्थियों में उत्साह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा सोमवार से शुरू हो गईं। पहले दिन सात केंद्रों पर 12वीं के परीक्षार्थियों का हिंदी विषय का पेपर कराया गया। परीक्षार्थी खुश दिखाई दिए और मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। परीक्षार्थी के अनुसार जो तैयारी की थी, पेपर भी उसी तरह से आया। परीक्षा में 396 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जबकि 07 गैर हाजिर रहे।

सीबीएसई बोर्ड की ओर से सात परीक्षा केंद्र निर्धारित किए हैं। सोमवार को पहली पाली में सुबह 10 बजे से केंद्रों पर 12वीं का हिंदी का पेपर कराया। जिसमें हिंदी के पेपर में 396 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें सेंट एलायसियस कॉलेज में 05, बनेहर कॉलेज में 42, लायंस बाल विद्या मंदिर कॉलेज में 80, अकाल अकादमी गोमती



मदर्स पब्लिक स्कूल से परीक्षा देकर लौटती छात्राएं। ● अमृत विचार



सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा देकर लौटते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

▸▸ **सात केंद्रों पर हुई सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा, 396 परीक्षार्थी हुए शामिल, सात ने छोड़ी**

पुल पूरनपुर में 81, बीसलपुर के मदर पब्लिक स्कूल में 62, स्वामी एजुकेशनल पब्लिक स्कूल में 51 और सेंट जोसेफ स्कूल में 42 बच्चे सेंटर पर पंजीकृत थे। सबसे ज्यादा लायंस बाल विद्या मंदिर कॉलेज और अकाल अकादमी में रहे। जबकि सबसे कम परीक्षार्थी सेंट एलायसिस कॉलेज में रहे। सुबह 10 बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ लगने लगी। जहां गेट पर ड्यूटी में लगे शिक्षकों ने चेकिंग करने के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। साथ ही प्रवेश पत्र से फोटो का भी मिलान किया गया। बोर्ड की ओर से निर्धारित समय पर पेपर शुरू हुआ। परीक्षा के दौरान कोऑर्डिनेटर परीक्षा केंद्रों को निरीक्षण करते दिखाई दिए। किसी के पास कोई नकल नहीं मिली। परीक्षा में पूरनपुर के अकाल अकादमी में चार, स्वामी एजुकेशनल में दो और मदर्स पब्लिक स्कूल में एक परीक्षार्थी गैरहाजिर रहा। परीक्षा के दौरान कुछ परीक्षार्थी पेपर देखकर परेशान हो गए। लेकिन पेपर समझने के बाद उन्हें हिंदी का पेपर करने में कोई समस्या नहीं आई। परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया अपने सहपाठियों से शेयर की। इस दौरान किसी ने पेपर बहुत आसान बताया तो किसी ने कुछ सवालों को छोड़कर ओवरऑल पेपर सरल बताया।

> सीबीएसई बोर्ड की ओर से समस्त केंद्रों पर 12वीं में हिंदी का पेपर कराया गया, जिसमें सात परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा आयोजित कराई गई है।
>
> **– अल्पना कोहली**, कोआर्डिनेटर सीबीएसई बोर्ड

## पेट्रोल पंप सेल्समैन से रुपये छीनने की कोशिश

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** बाइक सवार तीन युवकों ने पेट्रोल पंप सेल्समैन से रुपये छीनने की कोशिश की। बाइक में डलवाए गए पेट्रोल के रुपये दिए बिना ही भाग भी गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बड़ागांव निवासी विशाल गंगवार ने बताया है कि रविवार शाम सात बजे दियोरिया-बीसलपुर मार्ग पर स्थित उनके पेट्रोल पंप पर बाइक सवार तीन युवक आए। ड्यूटी पर मौजूद सेल्समैन पवन कुमार व चौकीदार छोटे लाल के साथ मारपीट करते हुए रुपये छीनने की कोशिश की। बाइक में डलवाए गए पेट्रोल के रुपये भी नहीं दिए और धमकी देकर भाग गए। इसकी जानकारी मिलने पर जब वह मौके पर गए तो पुलिस को सूचना दी। कार्यवाहक कोतवाल सलमान अली ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच करा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद ली जा रही है।

# तार फेंसिंग टेंडरिंग को लेकर अटक सकता है पेंच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में सात करोड़ की लागत से होने वाली चेनलिंक फेंसिंग की टेंडर प्रक्रिया एक बार फिर लटक सकती है। अब टेंडर प्रक्रिया में नई शर्त रखने का आरोप लगाते हुए शासन में इसकी शिकायत की गई है। पूर्व में भी टेंडर प्रक्रिया का मामला कोर्ट में पहुंचा था। जिसके बाद नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों

● **प्रक्रिया में नई शर्त रखने का लगा आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत**

की संख्या बढ़ने और जंगलों का दायरा सिकुड़ने के कारण बाघ रिहायशी इलाकों में तेजी से निकल रहे हैं। इसके चलते पिछले कुछ सालों से मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को देखते हुए राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से पीलीभीत टाइगर रिजर्व को चेनलिंक फेंसिंग कराने के लिए सात करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई थी। यह धनराशि जून में आवंटित की गई थी। इससे माला, बराही और महोफ रेंज में 25 किलोमीटर क्षेत्र में चेनलिंक फेंसिंग कराई जानी थी, लेकिन टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता के आरोप के चलते मामला कोर्ट में चला गया था। इस मामले में योजना आयोग के विशेष सचिव राम केवल भी धनराशि आवंटन होने के बाद भी फेंसिंग कार्य न होने पर नाराजगी जता चुके हैं।

इधर, पीटीआर प्रशासन द्वारा चेनलिंक फेंसिंग को लेकर नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन इसमें भी पेंच फंसता नजर आ रहा है। शाहजहांपुर निवासी सहाना बेगम ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर टेंडर प्रक्रिया में चहेतों को काम देने के लिए नई शर्त लगाने का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा कि पीटीआर के अधिकारी मनचाही फर्म को काम न मिल पाने के कारण निविदा को पहले भी चार बार निरस्त कर चुके हैं। अब 10 फरवरी को दोबारा टेंडर को निकाला गया है।

# गर्भवतियों को सुविधा, एमसीएच विंग में पैथोलॉजी लैब शिफ्ट हुई



एमसीएच विंग में पहली मंजिल पर शिफ्ट की गई पैथोलॉजी लैब। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में अब गर्भवती महिलाओं को एक साथ दो जगह-जगह की दौड़ नही लगानी होगी। गर्भवती महिलाओं की समस्या का निदान करते हुए अब पुराने भवन में संचालित पैथोलॉजी लैब को एमसीएच विंग में शिफ्ट कर दिया गया है। अब गर्भवती को पंजीकरण से लेकर जांच तक की सुविधा एक ही छत के नीचे मुहैया कराई जाएगी।

संयुक्त चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज का दर्जा मिलने के बाद यहां की व्यवस्थाओं का स्वरूप बदला गया था। कैंपस में चल रहे महिला अस्पताल को पुराने स्थान से हटाकर एमसीएच विंग के 100 बेड अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया था। जिसके बाद से महिला संबधी इलाज और प्रसव वहीं कराए जाने लगे थे। मगर पैथलॉजी लैब और अल्ट्रासाउंड सेंटर पुराने भवन में होने की वजह से गर्भवती महिलाओं का पहले पंजीकरण करने के लिए एमसीएच विंग में जाना पड़ता था। फिर पर्चा बनवाने के बाद उन्हें पुनः

▸▸ **मेडिकल कॉलेज बनने के बाद एमसीएच विंग में शिफ्ट कर दिया था महिला अस्पताल**

▸▸ **लैब पुराने भवन में होने की वजह से महिला मरीजों को लगाने पड़ रहे थे चक्कर**

पुराने भवन में आना पड़ रहा था। जिस से उनके चार-चार चक्कर लग रहे थे। जिसमें गर्भवती को परेशानी उठानी पड़ रही थी। इस समस्या को लेकर प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने पुराने भवन में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर और पैथोलॉजी लैब को भी एमसीएच विंग में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। सोमवार को अस्पताल कर्मियों ने पैथोलॉजी लैब को वहां शिफ्ट कर दिया है। जिसके बाद अब सारी सुविधाएं एक स्थान पर मिल रही है। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि एमसीएच विंग में ही लैब को शिफ्ट करा दिया गया है। अब गर्भवती महिलाओं दिक्कत नहीं आएगी। पूरे कैंपस में साइन बोर्ड लगवा दिए गए हैं। ताकि मरीज और तीमारदारों को वहां तक पहुंचने में दिक्कत न हो।

**प्रक्रिया** | शासन ने जारी किया बजट, मीरापुर में एक एकड़ भूमि पर कराया जाएगा निर्माण, नगर पालिका ने शुरू की टेंडर प्रक्रिया

# शहरी क्षेत्र के गोवंशों के लिए 1.75 करोड़ से बनेगी कान्हा गोशाला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** किसानों की फसल और सड़क पर हादसे का सबब बन चुके छुट्टा गोवंश को संरक्षित करने के लिए शहरी क्षेत्र में कान्हा गौशाला की शुरुआत की गई है। ताकि छुट्टा पशुओं को संरक्षित किया जा सके। नगरपालिका को कान्हा गोशाला के लिए पौने दो करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। शासन से धनराशि उपलब्ध हो गई है। शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके निर्माण से क्षेत्र के किसानों की फसल को नुकसान होने से राहत मिलेगी।



सड़क पर एकत्र गोवंश। ● अमृत विचार

जिले में इस समय 56 गोशालाएं संचालित हैं। मगर अभी तक शहर में कोई सरकारी गौशाला स्थापित नहीं की गई थी। जिसको लेकर योगी सरकार ने कान्हा गोशाला का प्रोजेक्ट शुरू किया। गोवंशीय पशुओं को आश्रय देने के लिए गोशाला आश्रय स्थल स्थापना के क्रम में शहर नगर पालिका का नाम जोड़ा गया है। नगर पालिका क्षेत्र में पहली गौशाला स्थापित होगी। बीते दिनों ही इसके निर्माण के लिए नगर पालिका प्रशासन ने शासन को प्रस्ताव भेजा था। जिस पर शासन ने पौने दो करोड़ की लागत से निर्माण को शासन ने मंजूरी प्रदान करते हुए आवश्यक राशि भी उपलब्ध करा दी है। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। इसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। यह गोशाला मीरापुर में सॉलिड वेस्ट मैनजमेंट प्लांट के पास खाली पड़ी एक एकड़ जगह पर बनाई जाएगी, जहां करीब 200 गोवंशीय पशु को संरक्षित किया जाएगा। इस बीच लंबे समय से स्थायी और बड़ी कान्हा गोशाला निर्माण की मांग की की जा रही थी, जो अब पूरी होती दिख रही है। इसका निर्माण होने से काफी हद तक राहत मिलेगी।

**1.60 करोड़ से मूसेपुर जयसिंह में बनेगी वृहद गोशाला**

एक तरफ जहां नगरपालिका की देखरेख में मीरापुर में कान्हा गोशाला बनाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर से सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद गोशाला संरक्षण केंद्र बनाने के प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी है। बता दें कि जिले में ललौरीखेड़ा ब्लॉक के नूरपुर शाही, बिलसंडा के करेली, पूरनपुर के कजरी आदि में वृहद संरक्षण केंद्र बना हुआ है जो संचालित हैं। बरखेड़ा के मूसेपुर जय सिंह में वृहद गो संरक्षण केंद्र बनाने का प्रस्ताव भेजा गया था। जिस पर शासन ने दो दिन पूर्व 1.60 करोड़ का बजट वृहद गो संरक्षण के लिए बजट आवंटित कर दिया है। शासन की ओर से लैक्फर्ट कंपनी को इसका जिम्मा सौंपा गया है। कंपनी की ओर से टीम ने जगह का भ्रमण कर जल्द ही कार्य शुरु होने की उम्मीद है। यह केंद्र एक हेक्टेयर जगह में स्थापित किया जाएगा। जहां करीब 300 से अधिक गोवंश को आश्रय दिया जाएगा। सीवीओ डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि वृहद गो संरक्षण केंद्र के लिए बजट मिला है। जल्द ही काम शुरु होने की उम्मीद है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद जिले में चार वृहद गो संरक्षण केंद्र हो जाएंगे।

> कान्हा गोशाला के लिए शासन की ओर से 1.75 करोड़ का बजट आवंटित किया है। मीरापुर में एक एकड़ जगह पर गोशाला का निर्माण कराया जाएगा, जिससे शहर में छुट्टा पशुओं को संरक्षित करने का काम हो सकेगा।
>
> **-डॉ. आस्था अग्रवाल**, चेयरमैन, नगर पालिका पीलीभीत

## युवती लापता, चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सदर कोतवाली में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि उसकी 21 वर्षीय बहन आंखों के निजी अस्पताल में काम करती थी। 16 फरवरी की सुबह नौ बजे घर से ड्यूटी गई थी। जब देर शाम तक वापस नहीं आई तो फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। जिसके बाद तलाश की गई। इस पर परिजन अस्पताल पहुंचे और जानकारी की। इसमें बताया कि उसी दिन दोपहर 12 बजे युवती बरेली जाने की बात कहकर जल्दी चली गई थी। परिजनों ने ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड) के बरा किच्छा निवासी बिरजू व उसके परिजन पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि मामले में बिरजू, उसकी मां लीलावती, रेनू और दर्शन चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

# गन्ने के खेत में छिपा मिला हत्यारोपी पति, फावड़ा और मोबाइल बरामद

## पुलिस को बताया, कहना न मानने और झगड़ा करने पर कर दी हत्या

संवाददाता, गजरौला (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** कही गई बात न सुनने और झगड़े पर उतारू हो जाने पर गुस्सा होकर पति ने फावड़े से वार करके पत्नी की हत्या कर दी थी। आरोपी पति को गजरौला पुलिस ने एसओजी की मदद से धर दबोचा। फावड़ा और मोबाइल भी बरामद कर लिया गया। चालान कर कोर्ट में पेश करके आरोपी को जेल भेज दिया है।

घटना रविवार तड़के हुई थी। गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम ढेरम मडरिया निवासी आशा देवी (34) को उसके पति झाझनलाल ने सोते वक्त फावड़े से वार करके लहूलुहान कर दिया था। बचाने का प्रयास करने पर पति 11 साल के बेटे दीपक पर भी हमलावर हो गया था।

इसके बाद फावड़ा और मोबाइल लेकर भाग गया। परिवार वाले महिला को जिला अस्पताल और फिर बरेली ले गए। वहां निजी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया था। मृतका के पिता चिरौंजीलाल की ओर से मिली तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। एसओजी टीम की मदद से पुलिस हत्यारोपी की धरपकड़ में जुट गई थी।

इसके बाद रविवार रात पुलिस ने आरोपी पति को गन्ने के खेत से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से फावड़ा और मोबाइल भी बरामद कर लिया। थाने लाकर आरोपी पति से पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार पति ने बताया कि मृतका उसका कहना नहीं मानती थी। झगड़ा करने पर आमदा हो जाती थी। इसके अलावा बच्चों से भी प्रताड़ित कराया जाता था। इसी को लेकर गुस्सा आया और फावड़े से वार कर दिए थे, जिसमें पत्नी की जान चली गई। पुलिस ने सोमवार को आरोपी पति का चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी पति झाझनलाल। ● अमृत विचार

"पत्नी की हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। वह गांव के बाहर की तरफ गन्ने के खेत में छिपा मिल गया। चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। हत्या में इस्तेमाल फावड़ा भी बरामद हुआ है। विवेचना कराई जा रही है। – **रूपा बिष्ट**, एसओ गजरौला

▸▸ **फावड़ा मारकर पत्नी की हत्या करने का मामला**

### बोला-खाने में दे दी जाती थी नशीली दवा

मृतका के ससुर देवीदीन ने घटना के बाद आरोपी पति को मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया था। ये भी कहा था कि उसका बरेली के एक अस्पताल से इलाज चल रहा था। अब गिरफ्तारी के बाद पति ने भी यही बात कही। बताते हैं कि उसने यह भी कहा कि पत्नी उसे रोटी तो कभी चावल में नशीली दवा खिला दिया करती थी। इससे गुस्सा आने लगा था। हालांकि पुलिस ने इस कथन को आरोपी द्वारा अपने बचाव में कहना भी माना। विवेचना के दौरान साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

# सौतेले पिता पर किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

संवाददाता, बीसलपुर

▸▸ **पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन करने में जुटी**


**अमृत विचार:** पति की मौत के बाद महिला ने एक युवक को अपने साथ बतौर दूसरे पति के रूप में रखना शुरू कर दिया। अब वही युवक महिला की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। पीड़िता ने मामले की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, एक अन्य किशोरी को फुसलाकर ले जाने के मामले में बिलसंडा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। बरखेड़ा क्षेत्र के एक गांव निवासी विजनेश नामक व्यक्ति उसके साथ बतौर पति रहने लगा। वह महिला के घर पर ही रहता रहा था। 14 फरवरी को आरोपी पीड़िता की 16 साल की पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। काफी तलाशने के बाद भी बेटी का कुछ पता नहीं लगा। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच करा रहे हैं।

इसके अलावा बिलसंडा थाने में क्षेत्र की एक महिला ने दी तहरीर में बताया कि वह पति के साथ सिद्धार्थनगर के ईंट भट्छे पर मजदूरी करने गई थी। 17 वर्षीय पुत्री घर पर थी। 16 फरवरी की रात गांव के ही कुछ लोग पुत्री को बहला फुसलाकर ले गए। पुत्री घर पर रखे 10 हजार रुपये व जेवर भी ले गई। पीड़िता ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने मामले में बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम चंदपुरा निवासी इकरार, नन्हे लल्ला, जान मोहम्मद, गांव के ही नूर बानो, बड़े मंसूरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### छत्रपति शिवाजी के आदर्शों पर चलने का आह्वान

**पीलीभीत।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। महासभा के जिलाध्यक्ष पीएल गंगवार के आवास पर सोमवार को हुए कार्यक्रम में सदस्यों ने छत्रपति शिवाजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके गोविंद पाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, उमेश गंगवार, सौरभ गंगवार, चेतराम गंगवार, डॉ. नरेश गंगवार, डॉ. नीलेश कटियार आदि मौजूद रहे।



ज्ञापन देने तहसील पहुंचे शिवसेना कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## बालासाहेब को भारत रत्न देने की मांग

**बीसलपुर, अमृत विचार:** शिवसेना कार्यकर्ता सोमवार को तहसील पहुंचे। एसडीएम महिपाल सिंह के न मिलने पर उन्होंने अन्य कर्मचारी को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें बालासाहेब ठाकरे को भारत रत्न दिए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जिला प्रमुख संजीव दुबे, रोहित दुबे, विकास दुबे, अनिल चौधरी, श्याम मौर्य आदि थे।

# चोरी की छह बाइकें बरामद, पांच आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **रेकी के बाद करते थे वारदात, टुकड़ों में बेचते थे पाट्‌र्स**

**अमृत विचार :** बाइक चोरी करने वाले शातिर गिरोह के पांच सदस्य सुनगढ़ी पुलिस ने धर दबोचे। उनके कब्जे से चोरी की छह बाइक बरामद की गई हैं। आरोपी रेकी कर घटना को अंजाम दिया करते थे। इसके अलावा चोरी की बाइकों के पाट्‌र्स निकालकर उनकी भी बिक्री कर देते थे। पांचों को जेल भेज दिया है।

सुनगढ़ी इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि कई दिनों से बाइक चोरी करने वाले गिरोह की सुरागरसी की जा रही थी। इसी बीच रविवार को सूचना मिली कि कर्बला चौराहा के पास पांच संदिग्ध खड़े है, जोकि बाइक चोरी करते हैं। इस पर दबिश देकर पांचों को पकड़ लिया। आरोपियों ने अपना नाम ग्रीन सिटी कालोनी निवासी शैलेश चौहान उर्फ रितिक, भिकारीपुर गांव निवासी दीपांशु शर्मा, प्रमोद कश्यप, ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी आकाश शर्मा, राजीव कॉलोनी निवासी मुकेश कुमार बताया। उनके पास से दो बाइक मिली थीं, जो चोरी की निकलीं। सख्ती से पूछताछ करने पर बाइक चोरी करने के बाद सभी बाइकों को आरोपी दीपांशु के भिखारीपुर स्थित घर में छिपाकर रखी गई हैं। इस पर चोरी की चार अन्य बाइकें भी बरामद हुईं। इसके अलावा बाइकों के पाट्‌र्स भी मिले। आरोपी बाइक चोरी करने के बाद उनके पुर्जे अलग करके बेचा करते थे। आरोपी आकाश की बाइक रिपेयरिंग की दुकान है। चालान कर कोर्ट में पेश करके पांचों को जेल भेज दिया है।



सुनगढ़ी पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद बाइकें। ● अमृत विचार

# ऑनलाइन उपस्थिति से मुक्त रखे जाएं ग्रामीण सफाई कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ **सेवा नियमावली बनाने की रखी मांग, सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह की अगुवाई में सफाई कर्मचारी सोमवार को कलेक्ट्रेट और फिर विकास भवन पहुंचे। अधिकारियों के न मिलने पर पंचायती राज विभाग के लिपिक संजय तोमर को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया गया। जिसमें ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली से मुक्त किए जाने की मांग की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे और नारेबाजी की गई।

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में मांग की गई कि पंचायती राज विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने से मुक्त रखा जाए। जिलाध्यक्ष का कहना था कि जिले में 1295 ग्रामीण सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। जिसमें 40 प्रतिशत कर्मचारी अशिक्षित हैं। कई अन्य दफ्तरों और आवास पर कार्य कर रहे हैं। ऐसी दशा में भी ऑनलाइन हाजिरी लगाना संभव नहीं है। ये भी कहा कि सफाई कर्मचारी को अधिकारियों के निर्देश पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत तैनाती स्थल से अलग गांव में कार्य पर लगाया जाता है, जिससे ऑनलाइन उपस्थिति नहीं लगाई जा सकती। पंचायती राज विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनाने की भी मांग की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, संरक्षक हशमुद्दीन खां, महामंत्री अजय बाबू उर्फ छैला, देवेश राठौर, दिनेश भारती , राम सेवक वाल्मीकि, बली मोहम्मद, शाहिद नबी, हरनारायण, कांता प्रसाद, वेद प्रकाश, रामनिवास आदि मौजूद रहे।

# नियंत्रण कक्ष से ऑनलाइन नहीं जुड़ने वाले विद्यालयों को किया जाएगा डिबार

संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ **यूपी बोर्ड सीसी कैमरों को सक्रिय रखने के डीआईओएस ने दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में नियंत्रण कक्ष से ऑनलाइन न जुड़ने वाले विद्यालय तीन साल के लिए डिबार किए जाएंगे। साथ ही प्रधानाचार्य समेत अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। यूपी बोर्ड के सचिव के निर्देश पर डीआईओएस ने सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने केंद्र से न जुड़ने वाले विद्यालयों में सीसी कैमरे सक्रिय करने का आदेश दिया है।

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए 76 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इसमें राजकीय इंटर कॉलेज 11, सहायता प्राप्त विद्यालय 19 और 46 वित्तविहीन विद्यालयों को केंद्र बनाया है। कुल 44780 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हाईस्कूल में 24970 और इंटरमीडिएट 19810 परीक्षार्थी हैं। पहली बार माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय से परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया है। यूपी बोर्ड के सचिव ने जिले के सभी परीक्षा केंद्रों को ऑनलाइन जुड़ने के सख्त निर्देश दिए हैं। ताकि सभी केंद्रों की वेबकास्ट से निगरानी की जा सके। पहले डीआईओएस और प्रदेश मुख्यालय स्तर पर निगरानी होती थी। सचिव ने ऑनलाइन न जुड़ने वाले परीक्षा केंद्रों के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। यदि कोई परीक्षा केंद्र ऑनलाइन नहीं जुड़ेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर केंद्र व्यवस्थापकों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। डीआईओएस गिरजेश कुमार चौधरी ने बताया कि सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा केंद्र ऑनलाइन रखें। अगर ऑनलाइन नहीं जुड़ा। तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

m

### शिविर में बनाए टेंट, सजाई रंगोली



**गजरौला, अमृत विचार :** संस्कार बाल विद्या मंदिर स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर सोमवार से शुरू हुआ, जिसमें कक्षा छह से आठ तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रबंधक लालता प्रसाद ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित करके शुरुआत कराई। करीब 70 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। रंगोली, टेंट आदि बनाए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य महेश वर्मा, मधुर लता, दीक्षा बैरागी, मनीषा, रजनी, बबली, मंजू, शशि, प्रेमपाल, पिंकी, निर्मला, शिल्पी, अनामिका, निखत, आरसी, सिमरन आदि मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



**बरखेड़ा, अमृत विचार** : गांव आमडार में स्थित राजकीय हाई स्कूल में सोमवार को विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र व छात्राओं को तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर विदाई दी गई। इससे पूर्व विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने नृत्य के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विदाई समारोह के कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या भारती दीक्षित ने इस बार हाईस्कूल की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र व छात्राओं से कहा कि आप लोग मेहनत करके परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करें और भविष्य को उज्जवल बनाने पर ध्यान दें। कार्यक्रम में अध्यापिका रोली तिवारी, टीना, रेखा आदि मौजूद रही।

### रक्तदान कर महादानी बनें 115 लोग



**बीसलपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वितीय सर संघ चालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की पुण्यतिथि के मौके पर आरएसएस, पूर्व छात्र परिषद एवं सेवा भारती के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 115 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर की शुरुआत प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार मिश्र ने कराई। दूसरों से भी रक्तदान करने की अपील की गई। इस मौके पर प्रवीण गोयल,प्रबंधक विष्णु कुमार गोयल, सुशील शर्मा, गोविंद बिहारी, सर्वेश,शशि सौरभ,विपुल,अतुल शर्मा,प्रमोद कुमार,श्रीधर शर्मा मौजूद रहे।

### ससुर पर छेड़छाड़ का आरोप, पति ने दिया तलाक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने विवाहिता की ओर से पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, तीन तलाक, छेड़छाड़ आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। दर्ज की गई रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 18 जनवरी 2020 को बरेली जिले के नवाबगंज क्षेत्र के एक व्यक्ति से हुई थी। दहेज की मांग को लेकर ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे।

कई बार पंचायत के बाद भी सुधार नहीं हो सका। नौ जनवरी 2024 को ससुर ने अकेला पाकर छेड़छाड़ की। इसके बाद तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। सुनगढ़ी इंस्पेक्टर संजीव शुक्ला ने बताया कि घरेलू हिंसा, मारपीट, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, तीन तलाक की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना करा रहे हैं।

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!
ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्प्लान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab
डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने,
151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ
Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient
उपलब्ध सुविधायें :
◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler ) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना । ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज । ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना । (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज । (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना । (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/स्वतंत्रता सेनानी

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

गोला गोकर्णनाथ। मैलानी क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर के एक अधेड़ को गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्राम धर्मपुर निवासी तुलसीराम (53) की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजन उन्हें गम्भीर हालत में सीएचसी लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले बिना पोस्टमार्टम कराए शव लेकर घर वापस चले गए। मामला संदिग्ध बताया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल

गोला गोकर्णनाथ। नगर के मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना निवासी सुबोध कुमार बाइक से लखीमपुर रोड पर जा रहे थे। जलालपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### चिल्ड्रेंस एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रदर्शनी 21-22 को

गोला गोकर्णनाथ। चिल्ड्रेन्स एकेडमी में दो दिवसीय सांस्कृतिक मनोरंजन उत्सव, प्रदर्शनी का उद्घाटन 21 फरवरी को यूपी सरकार के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कृष्ण आनंद ने बताया कि 21 और 22 फरवरी को होने वाले दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के प्रदर्शन विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किये जायेंगे। पलिया के विधायक रोमी साहनी, गोला विधायक अमन गिरि, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

# निवेश के महाकुंभ में 43 परियोजनाओं ने पकड़ी रफ्तार

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनीः जनपद में 43 उद्यम इकाइयों पर करीब 1100 करोड़ का हुआ निवेश

संवाददाता लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में जो तथ्य सामने आएंगे हैं, उनसे जनपद में औद्योगिक विकास की राह तेज होने की उम्मीद बंधी है। 1078.33 करोड़ की लागत की 43 इकाइयां धरातल पर उतरने को तैयार हो गई हैं। सोमवार को जनपद स्तर पर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का भव्य आगाज हुआ। इससे विकास जहां नई ऊंचाइयों को छुएगा वहीं युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। निवेश से एक तरह से रोजगार और विकास को लेकर नया कीर्तिमान बनेगा।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जनपदीय जीबीसी का आरंभ विधायक सदर योगेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह आदि जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अफसरों ने निवेशकों का पुष्प व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। एलईडी स्क्रीन पर निवेशक व प्रगतिशील उद्यमी, जनप्रतिनिधियों, अफसरों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण सुना। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश एवं निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण का आरंभ किया। इन औद्योगिक इकाइयों के स्थापित होने से जनपद में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने ग्राउंड निवेशक उद्यमियों को शुभकामनाएं दीं।


जीबीसी में मौजूद विधायक सदर योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व डीएम महेंद्र बहादुर सिंह।


ओडीओपी लाभार्थी महिला को किट देते विधायक सदर योगेश वर्मा।

- कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लाइव प्रसारण
- इकाइयां चालू होने पर युवाओं को मिलेगा रोजगार, बढ़ेगा व्यापार

### लाभार्थियों को मिली टूल किट की सौगात

जीबीसी कार्यक्रम के दौरान विधायक सदर, भाजपा जिलाध्यक्ष, डीएम ने गुड उत्पाद (ओडीओपी) के लाभार्थी अनन्त राम, (ओडीओपी) लाभार्थी सीता राना, (विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना) के लाभार्थी छोटे लाल, (विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना) लाभार्थी शीनू देवी को टूलकिट की सौगात दी।


जीबीसी की बैठक में मौजूद निवेशक व अन्य लोग। ● अमृत विचार

### ओडीओपी उत्पादों की लगी प्रदर्शनी

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के उद्घाटन समारोह पर कलेक्ट्रेट में हुए जनपद स्तरीय कार्यक्रम के अवसर पर ओडीओपी उत्पादों थारू हस्तशिल्प व गुड़ उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई। विधायक सदर, जिलाध्यक्ष, डीएम, सीडीओ, एडीएम संजय कुमार सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। छात्र छात्राओं ने थारू हस्तशिल्प उत्पादों की सेल्फी लेने के साथ उन्हें उन्हें खरीदा। जनप्रतिनिधियों ने गुड़ का स्वाद लिया।

कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तेज गति से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि फरवरी 2023 में आयोजित इन्वेस्टर मीट के फलस्वरूप जनपद के तहत लगभग 80 से अधिक परियोजनाओं में 2200 करोड़ का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिसके सापेक्ष अद्यतन 1078.33 करोड़ की 43 परियोजनाएं ग्राउंड ब्रेकिंग (जीबीसी) के लिए तैयार हैं। 10 करोड़ से ऊपर निवेश करने वाली 13 परियोजनाएं 973.77 लखनऊ में प्रतिभाग कर रही हैं।

10 करोड़ से कम लागत की 30 परियोजनाएं 99.56 करोड़ की जनपद स्तर पर प्रतिभाग कर रही है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों, निवेशक और प्रगतिशील उद्यमियों का आभार व्यक्त किया। संयोजन उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने किया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन गौतम, बीजेपी महामंत्री रामजी मौर्य, जिला मंत्री रामजी दीक्षित, उमेश शुक्ला, डीईओ राजवीर सिंह, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, एआरसीएस रजनीश कुमार सहित सभी 30 निवेशक उद्यमी, प्रगतिशील उद्यमी मौजूद रहे।

### 10 करोड़ से नीचे निवेश की परियोजनाएं

| विभाग संस्था | परियोजनाएं | निवेश |
|---|---|---|
| एमएसएमई | 06 | 26 करोड़ |
| पशुपालन | 01 | एक करोड़ |
| सहकारिता | 01 | 9.56 करोड़ |
| वन | आठ | 13 करोड़ |
| उद्यान | तीन : | 13.94 करोड़ |
| हाउसिंग | एक | तीन करोड़ |
| चिकित्सा शिक्षा | एक | 2 करोड़ |
| तकनीकी शिक्षा | पांच | 12.06 करोड़ |
| पर्यटन | दो | 13 करोड़ |
| व्यवसायिक शिक्षा | एक | एक करोड़ |
| कृषि | एक | पांच करोड़ |

### 10 करोड़ से ऊपर निवेश की परियोजनाएं

| विभाग संस्था | परियोजनाएं | निवेश |
|---|---|---|
| एमएसएमई | 04 | 145 करोड़ |
| पशुपालन | 01 | 15.75 करोड़ |
| अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत | 02 | 216.52 करोड़ |
| गन्ना/चीनी | 01 | 101.5 करोड़ |
| सहकारिता | 01 | 25 करोड़ |
| दुग्ध विकास | 01 | 50 करोड़ |
| आबकारी | 02 | 400 करोड़ |
| हाउसिंग | 01 | 25 करोड़ |

## किसानों के लिए तेज हवा के साथ बारिश बन सकती है आफत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण सक्रिय हुए मानसून से प्रदेश के कई जनपदों में मंगलवार से बृहस्पतिवार तक तेज हवा के साथ बारिश होने का अलर्ट जारी किया है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। बेमौसम तेज बारिश होने पर लाही, मसूर समेत अन्य फसलों को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

बेमौसम बारिश से किसानों को हमेशा नुकसान उठाना पड़ा है। फसलों के पक कर जब कटने का समय नजदीक आता है तो मौसम में अचानक बदलाव होने से बारिश, ओलावृष्टि, आंधी जैसी आफत से फसलों को भारी नुकसान होता रहा है। इस वर्ष गेहूं, लाही, आलू की फसल अच्छी मानी जा रही है, लेकिन मौसम विभाग ने तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट जारी कर किसानों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। गेहूं की फसल में बालियां आ चुकी हैं। बारिश में वह खेत में गिर सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के निदेशक मनीष कुमार ने बताया है कि मंगलवार को 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है। कहीं-कहीं पर ओलावृष्टि के साथ बारिश हो सकती है। बुधवार को तेज हवा चलने के साथ आकाशीय बिजली गिर सकती है। गुरुवार को 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। उधर, कृषि वैज्ञानिक डॉ पीके बिसेन ने बताया कि तेज हवा चलने पर गेहूं, लाही, मसूर की फसलों को नुकसान होगा।

# यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियां पूरीं 4778 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी

- माध्यमिक के 3050 शिक्षक और बेसिक के 1728 शिक्षक लगाए
- बोर्ड परीक्षा में कुल 97478 परीक्षार्थी शामिल होंगे

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी अंतिम दौर में चल रही है। 22 फरवरी से परीक्षा प्रारंभ हो जाएंगी। बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए 137 परीक्षा केंद्रों पर 4778 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। 3050 माध्यमिक शिक्षक व 1728 बेसिक शिक्षक शामिल हैं।

जनपद में यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 को नकलविहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के बैठने, पार्किंग, पेयजल, प्रकाश व शौचालय का इंतजाम कराने के लिए पहले ही केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए जा चुके हैं। कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी भी लगा दी है। जिनके कंधों पर परीक्षा को नकलविहीन कराने की बड़ी जिम्मेदारी रहेगी।

केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए हैं कि यदि कोई भी व्यक्ति परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से 09 मार्च तक दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। प्रथम पाली में प्रातः 8:30 बजे से पूर्वान्ह 11:45 बजे तक और द्वितीय पाली में अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 5:15 बजे तक परीक्षा का समय निर्धारित है। बोर्ड परीक्षा में कुल 97478 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बालिकाओं की संख्या 42419 है। इंटरमीडिएट में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 45140 है, जिसमें 19490 बालिकाएं हैं। हाईस्कूल में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 52338 है, जिसमें बालिकाओं की संख्या 22929 है।

सभी परीक्षा केंद्रों को सात सेक्टर व 13 जोन में विभाजित किया है। प्रत्येक सेक्टर व जोन के लिए एक-एक सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट नामित किए हैं। सभी 137 परीक्षा केन्द्रों पर केंद्र व्यवस्थापकों की नियुक्ति के साथ-साथ अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए हैं। परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र खुलने से लेकर उत्तर पुस्तिकाएं जमा होने तक की समस्त प्रक्रिया की निगरानी सीसीटीवी कैमरों द्वारा की जाएगी।


गिरधरपुर में आग से जले घर को निहारते लोग। ● अमृत विचार

## आग से तीन घर जले, लाखों का नुकसान

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के ग्राम गिरधरपुर ग्रंट नंबर 11 में सोमवार दोपहर लगी आग से तीन घर जल गए, जिनमें नकदी समेत लाखों का नुकसान हुआ है।

बांकेगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत ग्रंट नंबर 11 के मजरा गिरधरपुर में दोपहर श्रीकेशन के घर में अचानक आग लगी। तेज हवा के कारण आग ने पड़ोसी छत्रपाल और रोहित के घरों को भी आगोश में ले लिया, जिससे रोहित के घर में रखे 10 हजार रुपये नकद, साइकिल, सिलाई मशीन, रजाई, गद्दा, चारपाई आदि जल गए। अन्य दो घरों में भी गृहस्थी का सारा सामान जल गया। गृहस्वामी खेतों में काम करने गए थे। घर पर कोई न होने से सामान बाहर नहीं निकाला जा सका। गांव वालों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि तीनों घरों में दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। ग्राम प्रधान ने आग लगने की सूचना लेखपाल को दे दी है।

# सात वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता, पलिया कलां

- घर के पीछे प्लाट में गिरे गुब्बारे को उठाने गई थी पीड़ित बच्ची
- परिजनों ने आरोपी पकड़कर पुलिस को सौंपा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** छत पर गुब्बारा फुलाते समय एक गुब्बारा खाली प्लाट में गिर गया। पांच वर्षीया चचेरी बहन के साथ प्लॉट में गुब्बारा उठाने गई सात वर्षीया बच्ची को दूसरे समुदाय के एक युवक ने दबोच लिया। दुष्कर्म की कोशिश की। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से आरोपी को पकड़कर जमकर पीटा और पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे की है। पलिया कोतवाली क्षेत्र की एक सात वर्षीय बच्ची अपनी पांच साल की चचेरी बहन के साथ छत पर गुब्बारे फुला रही थी। इसी बीच एक गुब्बारा पड़ोस के प्लाट में गिर गया, जिसे उठाने के लिए वह बहन के साथ वहां गई। इसी बीच मोहल्ला माही गिरान निवासी यासीन पहुंच गया। उसने बच्ची को पकड़ लिया। यह देख उसकी चचेरी बहन घर पहुंची और जानकारी दी। परिवार के लोग आसपास के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को दुष्कर्म का प्रयास करते दबोच लिया। गुस्साए लोगों ने उसकी पिटाई लगा दी और कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। बच्ची के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

> बच्ची के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 354, 506 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 7 व 8 के तहत दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। **–प्रशांत श्रीवास्तव,** चौकी प्रभारी कस्बा पलिया

### बच्चियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखे मां-बाप

पलियाः बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश होने की जानकारी लोगों को हुई तो उनमें आक्रोश पनप गया। वहीं वह बच्चियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंतित दिखे। लोगों का कहना है कि आरोपी को सख्त सजा मिले, जिससे इस तरह की घटना घटित करने का कोई साहस न जुटा सके।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

बच्ची के साथ दरिंदगी करने की घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें युवक बच्ची को पकड़े हुए है और उसका मुंह एक हाथ से दबाए है। पास से छोटी चचेरी बहन भागती हुई दिख रही है।

# चाचा ने भतीजी से की छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- खमरिया पुलिस ने नहीं की कार्रवाई तो एसपी से मिलने पहुंची पीड़िता

**अमृत विचारः** थाना खमरिया क्षेत्र के एक गांव में चाचा की हरकत ने रिश्तों को शर्मसार कर दिया। चाचा पर आरोप है कि घर पर अकेली 16 वर्षीय भतीजी को गलत नीयत से दबोच लिया और छेड़छाड़ की।


पीड़िता ने जब चाचा की हरकत का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने आरोपी चाचा के विरुद्ध थाने में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे हताश होकर पीड़िता एसपी कार्यालय पहुंची और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। परिवार के लोगों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची पीड़िता ने बताया कि घटना चार दिन पहले की है। उसके परिवार के लोग घर पर नहीं थे।

इसी बीच उसका चाचा घर आया। चाचा ने अकेला पाकर उसे दबोच लिया और छेड़छाड़ करने लगा। उसने विरोध किया तो पिटाई लगा दी। घटना किसी को बताने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए आरोपी मौके से चला गया। शाम को पिता घर पहुंचे तो उसने पूरी बात बताई। किशोरी का कहना है कि वह परिवार वालों के साथ थाना खमरिया गई और पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर वह सोमवार को एसपी से मिली और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने प्रकरण की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट से संबंधित वेयर हाउसों का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) ओपी अंजोर, एडीईओ तौसीफ अहमद और राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

**अव्यवस्था** जल आपूर्ति के लिए बनाई गई टंकियों में नहीं लगी हैं टोटियां, यात्री होते हैं परेशान

# बांकेगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की अनदेखी

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचारः** सर्दी समाप्त होने को है। सूरज की तपिश का असर भी दिखने लगा है। लोगों को प्यास बुझाने के लिए जल की जरूरत महसूस होने लगी है, लेकिन बांकेगंज रेलवे स्टेशन पर जल आपूर्ति के लिए बनाई गई टंकियों में एक में भी टोटी नहीं लगी है और प्लेटफार्म नंबर दो पर लगा हैंडपंप भी खराब है।

प्लेटफार्म नंबर एक पर लगे एकमात्र हैंडपंप से बड़ी संख्या में पहुंच रहे यात्रियों की जल की आवश्यकता को पूरा करना कठिन है। ऐसे में प्यास बुझाने के लिए यात्रियों को भटकना पड़ रहा है। जिम्मेदार देखकर भी अनदेखी कर रहे हैं। शौचालय का ताला बंद रहने से महिलाओं को भी दिक्कतें हो रही हैं। यूं तो हर ट्रेन के समय बांकेगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री पहुंचते हैं, परंतु दिन के 11 बजे से साढ़े 11 बजे तक रेलवे स्टेशन यात्रियों से भरा रहता है। इसका कारण 05085 मैलानी डालीगंज पैसेंजर ट्रेन का समय 11.06 तथा डालीगंज मैलानी पैसेंजर का समय 11.30 होना है। इन दोनों ट्रेनों का क्रॉस प्रायः यहीं होता है। इसी दौरान मैलानी गोरखपुर एक्सप्रेस भी गुजरती है, जिससे यात्रियों को काफी देर तक प्लेटफार्म पर रुकना पड़ता है।

उनकी पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए प्लेटफार्म नंबर एक और दो मिलाकर केवल एक हैंडपंप है। प्लेटफार्म नंबर दो पर लगा हैंडपंप बंद है। पेयजल की सप्लाई के लिए दोनों प्लेटफार्मों पर बनाई गईं टंकियों में न तो जल की आपूर्ति हो रही है और न ही टोंटी लगी हैं। प्लेटफार्म नंबर एक पर लगे महज एक हैंडपंप से सभी यात्रियों को अपनी प्यास बुझानी पड़ती है।

जबकि क्रॉस के दौरान एक ट्रेन प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी होती है और एक ट्रेन प्लेटफार्म नंबर एक पर आती है। बीच के ट्रैक से गोमती एक्सप्रेस निकलती है। ओवरब्रिज न होने से ट्रेनों के आने के समय महिला और दिव्यांग यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उनकी जान का जोखिम भी बना रहता है। शौचालय के दरवाजे हर समय बंद रहने से पुरुष यात्री तो स्टेशन के आसपास खेतों में चले जाते हैं परंतु महिलाओं को भटकना पड़ता है। अमृत विचार संवाददाता जब प्लेटफार्म पर पहुंचा तब प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर बने शौचालय में ताला लटका हुआ था। विकलांगों के लिए बना शौचालय ही खुला था।


बांकेगंज स्टेशन पर लाइन पारकर ट्रेन में चढ़ते यात्री। ● अमृत विचार


टोंटी विहीन पानी की टंकी।


रेलवे स्टेशन पर खराब पड़ा हैंडपंप।


महिला और पुरुष शौचालय में लगा ताला।

> ओवरब्रिज के लिए गड्ढे की खुदाई के दौरान पानी सप्लाई के लिए लगी पाइप क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके कारण टंकी से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। टोंटी कई बार लगवाई गईं परंतु स्थानीय लोग उसे तोड़ देते हैं। शौचालय की चाबी सदैव स्टेशन पर ही रहती है, जब कोई मांगने आता है तो उसे दे दी जाती है। हर समय खुला रखने पर ग्रामीण उसका उपयोग करने लगते हैं और पानी तक नहीं डालते हैं। इसलिए उसे बंद रखा जाता है। **–रामनिवास मीणा,** स्टेशन अधीक्षक बांकेगंज।

> एक महीने यात्रियों को और असुविधा होगी, उसके बाद कार्य पूरा कर लिया जाएगा। कई बार तो वह अपने सामने ही टोंटी लगवा चुके हैं परंतु स्थानीय लोग उसे तोड़ देते हैं। **–प्रभात कुमार सिन्हा,** आईओडब्ल्यू पूर्वोत्तर रेलवे।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध
YouTube पर Search करें
गोल्ड मेडेलिस्ट
डा. शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# स्वच्छ भारत मिशनः गुटखे-पान की पीक से रंगीन हो गईं तहसील की दीवारें

## जिन पर है स्वच्छता का जिम्मा वही सरकारी दफ्तर की दीवारों को कर रहे गंदा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** स्वच्छ भारत मिशन को लेकर जहां केंद्र और प्रदेश सरकार गंभीर है। करोड़ों रुपये स्वच्छता पर खर्च करने के लिए नगर निगम, नगर पालिका नगर पंचायतों के साथ ग्राम पंचायतों में खर्च कर रही है। सरकारी दफ्तरों में भी साफ-सफाई को कुछ बजट आवंटित किया जा रहा है लेकिन गोला गोकर्णनाथ तहसील के जिम्मेदारों ने स्वच्छ भारत मिशन को ऐसा पलीता लगाया है कि तहसील की हर दीवार गुटखा, पान की पीक से रंगीन हो गईं। दीवारों पर गंदगी के ओक बह रहे हैं। गुटखा और पान खाने वाले कर्मचारी और तहसील पहुंचने वाले फरियादियों की लापरवाही से तहसील परिसर की दीवारें और फर्श पीकों से गंदी हो गईं। तहसील परिसर स्वच्छता को मुंह चिढ़ा रही है। जिम्मेदार अधिकारी अंकुश लगाने में एकदम फेल साबित हो रहे हैं।

जहां एक ओर प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ा रहे हैं। वहीं तहसील परिसर में स्वच्छता का पालन सिरे से गायब है। यह तहसील परिसर की दीवारें बयां कर रही हैं। विभागीय अधिकारी प्रतिदिन तहसील में आते समय रंगीन दीवारों को देखते हैं, लेकिन दीवारों की सफाई कराना जरूरी नहीं समझ रहे हैं। पान और गुटखा खाकर थूकने से लाल हो चुकी दीवारों पर न तो अधिकारियों की नजर है न ही पान या गुटखा खाकर थूकने वालों को अधिकारियों का कोई डर है। परिसर की दीवारों को कर्मचारियों एवं तहसील में आने वाले लोगों ने पीकदान के रूप में परिवर्तित कर दिया है। हालत यह है कि एसडीएम कक्ष के आगे बरामदे में रेलिंग के पास भी पान और गुटखा थूकने के दाग साफ दिखाई दे रहे हैं।


वाटर कूलर के पास पड़ी गंदगी।


एसडीएम कक्ष के बाहर थूका गया गुटखा।


पान की पीक से रंगी तहसील की दीवार।


तहसील के यूरिनल में पड़ी गंदगी।

हालांकि तहसील परिसर में सफाई कर्मचारी अलग से तैनात हैं। फिर भी न तो अधिकारियों और न ही कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था से कुछ मतलब है। तहसील के अधिवक्ता बताते हैं कि एसडीएम के पास नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी का भी चार्ज है। उनके पास सफाई कर्मियों की भारी भरकम फौज है लेकिन तहसील में सफाई कर्मी यदि उदासीनता बरत रहे हैं।

### अब तक नहीं वसूला गया किसी पर जुर्माना

गोला गोकर्णनाथ। तहसील परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। शासन का निर्देश है कि स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत जो भी पान या गुटखा खाकर आफिस आए या थूकते हुए पाया जाए तो उस पर जुर्माना लगाया जाए। लेकिन तहसील में अब तक किसी पर जुर्माना नहीं किया गया है।

### गुलरिया चीनी मिल द्वारा बनवाए शौचालय में गंदगी

**गोला गोकर्णनाथ।** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की गुलरिया इकाई ने 2021-22 में तहसील परिसर में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण लाखों रुपया व्यय करके कराया था, लेकिन देखरेख के अभाव में चीनी मिल द्वारा व्यय किए रुपयों पर पानी फिर गया है। शौचालय के यूरिनॉल में गंदगी का अंबार है। पानी टंकी मोटर लगा होने के बाद भी वादकारियों और अधिवक्ताओं को लाभ नहीं मिल रहा है।

> तहसील में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का ज्यादा आना जाना रहता है। स्टाफ को स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आगाह किया है, लेकिन ग्रामीणों में जागरुकता की कमी से वे मन चाहे स्थान पर थूकते हैं। समय समय पर सफाई भी कराई जाती है। **–रत्नाकर मिश्र,** एसडीएम गोला गोकर्णनाथ।

## निमोनिया से मौत के आंकड़े कम करने को दिया प्रशिक्षण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** निमोनिया से हो रही शून्य से 5 वर्ष के बच्चों की मौतों के आंकड़ों को कम करने के लिए सोमवार से डॉक्टरों और स्टाफ नर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया। प्रशिक्षण छह सत्र के जरिए दिया जाएगा। प्रथम प्रशिक्षण बैच का आरंभ एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने किया। डीपीएम अनिल यादव ने बताया कि सभी डाक्टर और स्टाफ को निमोनिया से जुड़ी हुई बारीकियों के बारे में बताया। छह सत्रों में अन्य चिकित्सक व स्टाफ नर्स को ट्रेनिंग दी जाएगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रमोद वर्मा, डिप्टी सीएमओ अमितेश द्विवेदी, अमित खरे व गोला, कुंभी, खमरिया व फूलबेहड़ अधीक्षक मौजूद रहे।

## चेयरमैन मैडम... शरबती देवी कॉलोनी की नाली में भरा गंदा पानी, जीना है दुश्वार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- मोहल्ले के लोग नाला निर्माण की मांग को लेकर चेयरमैन से मिले
- पानी निकास के लिए नाला का निर्माण कराने की मांग

**अमृत विचारः** नाले में भरे गंदे पानी का निकास न होने से परेशान मोहल्ला शरबती देवी कॉलोनी के तमाम लोग सोमवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे और चेयरमैन से मुलाकात कर पानी निकासी के लिए समुचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई और समस्या का निस्तारण कराने की मांग की।

मोहल्ला शरबती देवी कॉलोनी के उमेश कुमार, राजन मिश्रा, दीपक गुप्ता, अश्वनी आदि के साथ तमाम लोग कार्यालय पहुंचे। चेयरमैन डॉ. इरा श्रीवास्तव से मुलाकात कर मोहल्ले वालों ने बताया कि गंदा पानी निकालने के लिए नाला तो बना है, लेकिन अधूरा होने और आगे पानी निकास की कोई व्यवस्था नहीं है, इससे नाला पानी से भरा रहता है। नाला फुल होने से नालियों का पानी भी नहीं निकल पा रहा है।


नगर पालिका परिषद चेयरमैन से मिलने पहुंचे मोहल्लेवासी। • अमृत विचार

जिससे वह सड़कों पर बहता रहता है। जहां दुर्गंध आती है, वहीं मोहल्ले की सड़कों पर निकलना भी मुश्किल है। चेयरमैन ने उन्हें आश्वस्त किया कि मौके की जांच कराकर समस्या का समाधान कराया जाएगा। इधर, पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव का कहना है कि मोहल्ला सरबती देवी कॉलोनी के कुछ लोग आए थे। नाले का पानी न निकलने की समस्या बताई है। टीम को मौके पर भेजकर दिखवाया जा रहा है कि समस्या कहां पर है। शीघ्र समाधान किया जायेगा।

## प्रतियोगिता के जरिए मतदान को किया जागरूक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता अभियान के तहत कार्यक्रम

**अमृत विचारः** नेहरू युवा केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, कृषक समाज इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई। कृषक समाज इंटर कॉलेज में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डॉ. एलआर वर्मा ने युवाओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

मतदाताओं को जागरूक रहने और लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए योगदान देने, अपने गांव, शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने के लिए मतदान केंद्र तक लाने के लिए प्रेरित किया। डॉ अनिल ने कहा कि जिम्मेदार मतदाता ही जागरूकता ला सकता है। स्वयंसेवक संदीप ने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए।

युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। संचालन देवेंद्र सिंह ने किया।कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के दिनेश कुमार, अम्बरीश कुमार, अंकित शर्मा एवं मनीष राज सिंह ने उमम को प्रथम, शुभी सिंह द्वितीय, संध्या देवी तृतीय स्थान दिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में नैना गुप्ता प्रथम, अर्जुन सिंह द्वितीय, मोहम्मद अय्यान तृतीय स्थान पर रहे। विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत कर मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई। संदीप कुमार वर्मा, कीर्ति वर्मा आदि मौजूद रही।


कृषक समाज में प्रतियोगिता की पुरस्कृत प्रतिभागी। • अमृत विचार

## ब्यूटी पार्लर संचालिका को ले जाने की रिपोर्ट

**जहानाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 24 वर्षीय पुत्री गांव में ही ब्यूटी पार्लर चलाती है। 11 फरवरी की रात करीब आठ बजे बरेली जिले के थाना बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम ऊंचा बहादुरगंज निवासी आमिर पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। इसके बारे में जानकारी करने पर आरोपी के परिवार वालों ने अभद्रता कर धमकी दी। पुलिस ने मामले में आमिर, उसके पिता राशिद, भाई आसिफ और गालिब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ियों का हुआ बेल्ट प्रमोशन

संवाददाता पलिया कलां

**अमृत विचारः** पलिया ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ियों का बेल्ट प्रमोशन कार्यक्रम सोमवार को रामलीला मैदान में हुआ। जिसमें सभी खिलाड़ियों को चीफ कोच प्रदीप कुमार व पलिया कोच अरुण तिवारी ने बेल्ट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में जनवरी में बाराबंकी में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ियों अरनव गर्ग, आद्या गर्ग, अकांश गर्ग, अभिनव मौर्या, विधान त्रिपाठी, कुशाग्र प्रजापति, आन्या प्रजापति, आरव माहेश्वरी, अर्जित सिंह, प्रवर अवस्थी, अरनव अवस्थी, शौर्य गुप्ता, देवांशी वर्मा, यशस्विनी नाग, शाम्भवी नाग, गुनीत वालिया को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आरपी भास्कर, लकी माहेश्वरी, पूजा गुप्ता, मनीष अग्रवाल, अगम त्रिपाठी, वेद प्रकाश गुप्ता, महक ग्रोवर, सौदामिनी सिंह, लक्ष्मी जायसवाल, अंशुल गोयल, निखिल बंसल, ज्योति अरोड़ा आदि ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लखीमपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कल्पना झा, दिनेश वर्मा, खिलाड़ी चंदन निषाद, कुशाग्र प्रजापति विशेष योगदान रहा। कोच प्रदीप कुमार व अरुण तिवारी ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।


बेल्ट प्रमोशन पाने के बाद प्रमाण पत्र दिखाते पलिया ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ी। • अमृत विचार

एक नजर

## पालिकाध्यक्ष ने विकसित भारत बनाने की दिलाई शपथ



**गोला गोकर्णनाथ।** विकसित भारत बनाने के लिए पालिकाध्यक्ष ने सैकड़ों लोगों को शपथ दिलाई। सोमवार को त्रिलोक गिरि मंदिर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। एलईडी वैन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव सुनाया गया। मुख्य अतिथि अशोक सक्सेना ने मोदी, योगी सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी को 2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए शपथ दिलाई। लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। संचालन धीरज बाजपेयी ने किया। सभासद मोहित कनौजिया, धर्मेन्द्र तिवारी टीटू, एसआई संदीप कुमार वर्मा, अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, मोहित गिरि, ज्ञानू तिवारी, रजत गुप्ता, विमलेश वर्मा, गीता विश्वकर्मा, सीमा सक्सेना, रेखा मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोचिंग संचालन को लेकर शिक्षकों के दो गुटों में मारपीट, हंगामा

## बवाल की सूचना पर कई थानों की पुलिस के साथ एसपी समेत कई अफसर मौके पर पहुंच गए, तीन कार समेत कई लोग हिरासत में

संवाददाता, संपूर्णानगर



कॉलेज गेट पर विवाद के बाद लगी भीड़। ● अमृत विचार



घायल शिक्षक। ● अमृत विचार

- **कोचिंग संचालन को लेकर दोनों में चल रहा है विवाद**
- **सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई को पकड़ा, थाने में बैठाया**

**अमृत विचार :** संपूर्णानगर कस्बे में कोचिंग संचालन को लेकर दो पक्ष कॉलेज गेट पर आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच कहासुनी होने के बाद गालीगलौज हुई। इसी बीच दोनों पक्षों के लोग वहां जुट गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने तीन कारों को कब्जे में लेकर कई लोगों को हिरासत में ले लिया है। बवाल की सूचना पर कई थानों की पुलिस के साथ एसपी समेत कई अफसर मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों से वार्ता कर शांति बनाए रखने की अपील की।

कस्बा संपूर्णानगर स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज के सहायक अध्यापक विशाल वर्मा की कॉलेज गेट के सामने कोचिंग है। कोचिंग को लेकर धर्मेंद्र प्रताप सिंह सिंह से विवाद चल रहा था। सोमवार धर्मेंद्र प्रताप सिंह और विशाल वर्मा का कॉलेज गेट पर आमना-सामना हो गया। दोनों में कोचिंग संचालन को लेकर विवाद शुरू हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। इससे वहां पर हंगामा शुरू हो गया। दोनों पक्षों ने अपने-अपने लोगों को बुला लिया। कुछ ही देर में कार से सवार होकर तमाम लोग पहुंच गए। दोनों पक्षों में खूब बवाल हुआ। इससे भगदड़ मच गई। आरोप है कि सम्पूर्णानगर की टीचर कॉलोनी स्थित धर्मेंद्र प्रताप सिंह के आवास पर हमलावर पहुंचे और मारपीट की। उनकी मां ऊषा देवी का कहना है कि दोपहर करीब 1:30 बजे हमलावरों ने पहले उनके पति मनोज कुमार सिंह से पूछा कि तुम आलोक के पिता हो, उनके हां में जवाब देते ही हमलावर पीटने लगे। वह अपनी बहू और देवरानी के साथ जब बचाने पहुंची तो तीनों पर हमला कर दिया। फायरिंग का भी आरोप है। सभी ने भागकर जान बचाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन कार समेत कई लोगों को हिरासत में ले लिया। उधर बवाल की सूचना पर कई थानों की पुलिस, सीओ और एसडीएम पलिया भी पहुंचे। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पहुंचकर दोनों पक्षों से घटना की जानकारी ली। कहा कि जो पक्ष दोषी होगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आलोक सिंह की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। उधर, पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गौड़ ने भी पुलिस को तहरीर दी है। उनका कहना है कि वह अपने सहयोगी प्रवक्ता अशोक कुमार सिंह के साथ बोर्ड पेपर आने की सूचना पर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर रहे थे। इसी बीच धमाके की आवाज सुनाई पड़ी। वह लोग गेट के बाहर निकले तो हमलावरों ने उनके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनका कहना है कि हमला इसी संस्था के सहायक अध्यापक विशाल वर्मा उनके सहयोगियों ने किया है।

> कोचिंग को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से ठीक है। एहतियातन पुलिस बल को तैनात किया गया है।
> **-गणेश प्रसाद साहा**, एसपी



दोनों पक्षों से वार्ता करते एसपी गणेश प्रसाद साहा। ● अमृत विचार

> कॉलेज के प्रवक्ता अशोक सिंह के साथ मारपीट की गई है, जिसमें हमारे कॉलेज के ही शिक्षक विशाल वर्मा के सहयोगियों ने मारा है। घटना के सम्बंध में पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।
> **-ओमप्रकाश गौड़**, प्रधानाचार्य पब्लिक इंटर कॉलेज सम्पूर्णानगर

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा में आस्था जिले में प्रथम

**गोला गोकर्णनाथ।** शांतिकुंज हरिद्वार से संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज की कक्षा पांच की छात्रा आस्था अवस्थी ने जूनियर वर्ग में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।



लखीमपुर में हुए वार्षिक पुरस्कार वितरण में आस्था अवस्थी को जिला समन्वयक डॉ सुरेश कुमार वर्मा और निषाद ने प्रमाण पत्र और शील्ड देकर पुरस्कृत किया। शांतिकुंज आश्रम हरिद्वार द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन जिले के अधिकांश विद्यालयों में किया गया। जूनियर वर्ग की परीक्षा में आस्था ने जनपद में प्रथम आकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। आस्था के पिता अजय अवस्थी अध्यापक हैं। उन्होंने बताया कि आस्था कक्षा एक से प्रति वर्ष अपनी कक्षा में प्रथम आ रही है। प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने हर्ष व्यक्त किया।

# रोमांचक मुकाबले में बरबर को हराकर शाहजहांपुर टीम ने जीता मुकाबला



बांकेगंज के वॉलीबाल टूर्नामेंट में भिड़ी पसगवां और झाऊपुर की टीम।

**बांकेगंज, अमृत विचार :** कस्बे के मेला मैदान में युवा कमेटी की ओर से डे नाइट युवा किसान वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन कराया गया। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। देर शाम तक नॉकआउट मैच चलते रहे। नॉकआउट मैचों में बरबर और शाहजहांपुर के बीच का मैच काफी रोचक रहा। दोनों टीमें कुछ ही अंकों से आगे पीछे चलती रही। 15 अंकों पर दोनों टीमें बराबर हो गई और मैच रोमांचक मोड़ में पहुंच गया। 16-18 अंकों पर भी दोनों टीम में बराबर रही। बरबर टीम का खेल देखकर दर्शक उसके जीतने का अनुमान लगा रहे थे लेकिन शाहजहांपुर टीम ने अंततः मैच जीत लिया। शाम तक हुए मैचों में बरबर के फैज को बेस्ट डिफेंसर के रूप में घोषित किया। झाऊपुर और पसगवां तथा सितारगंज और बांकेगंज के बीच हुए मैच एकतरफा साबित हुए। सितारगंज और पसगवां ने बड़े अंतर से मैच जीता। पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश सिंह कई घंटे मैच का आनंद उठाते रहे। शाम तक मुरादाबाद, आजमगढ़, लखनऊ, सितारगंज, शाहजहांपुर, पसगंवा कोतवाली, मोहम्मदी, महाराणा प्रताप, रुड़की आर्मी, झाऊपूर, बांकेगंज तथा कुकरा की टीम खेल चुकी थीं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## रसूलपुर विद्यालय में शुरू हुई खेलकूद प्रतियोगिताएं

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** कुंभी ब्लाक के ग्राम रसूलपुर में संविलियन विद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसका समापन 20 फरवरी को होगा। ग्राम पंचायत लाल्हापुर के मजरा ग्राम रसूलपुर के संविलियन स्कूल में पहले दिन सोमवार को प्राइमरी बालक वर्ग में 50 मीटर, 100 मीटर दौड़, कबड्डी, रस्सा कसी, ब्लूरेस, बस्ता प्रतियोगिता कराई गई। बालिका वर्ग में 50 मीटर, 100 मीटर दौड़, कबड्ड़ी, रस्सा कसी, ब्लूरेस, बस्ता प्रतियोगिता हुई। जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर दौड, कबड्डी, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद, थ्रो, रस्सा कसी प्रतियोगिता कराई गई। बालिका वर्ग में 100 मीटर, दौड़ 200 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद, थ्रो, रस्सा कसी हुई। दूसरे दिन की खेल प्रतियोगिताओं में प्राइमरी वर्ग में सामान्य ज्ञान, जूनियर वर्ग में सामान्य ज्ञान, निबंध, चित्रकला बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वृक्षारोपण, योगा प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

# 114 किसानों को मिला अनुदानित पंपसेट का लाभ

संवाददाता, मितौली



डीजल पंप सेट वितरण के बाद किसानों के साथ मौजूद भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद रेखा अरुण वर्मा। ● अमृत विचार

- **सीएम लघु सिंचाई योजना- डीजल पंपसेट किसानों की आय बढ़ाने में बनेंगे मददगार : सांसद रेखा**

**अमृत विचारः** कृषि भूमि की सिंचाई क्षमता में वृद्धि कर कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए उथले, मध्यम गहरे एवं गहरे नलकूप का निर्माण करने के उद्देश्य संचालित मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत सोमवार को भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद धौरहरा रेखा अरुण वर्मा ने ब्लॉक मितौली में विभिन्न ब्लॉकों के 114 कृषकों को पूर्व निर्मित (2015-16 से) अनुदानित डीजल पंपसेट का प्रमाण-पत्र और अनुदानित डीजल पंपसेट वितरित किए। पंपसेट पाने के बाद किसानों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रेखा अरुण वर्मा ने कृषकों की आय दोगुना करने के लिए विभिन्न प्रकार की कृषकों को दी जा रही सहायता की जानकारी दी। उन्होंने कृषकों का आह्वान किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। डीजल पंपसेट किसानों की आय बढ़ाने में मददगार साबित होगा। अन्य किसानों को प्रेरित किया कि वह योजना में आवेदन कर इसका लाभ उठाएं। ऑनलाइन आवेदन एमआईयूपी ऑनलाइन डॉट काम पर कर सकते हैं। इस दौरान नकहा ब्लॉक के प्रमुख पवन गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख मोहम्मदी महेंद्र बाजपेई, ब्लॉक प्रमुख बेहजम प्रतिनिधि राम शंकर राज, पूर्व प्रधान दिनेश मास्टर, प्रभारी बीडीओ राजेश कुमार शुक्ला समेत जनपद के समस्त अवर अभियन्ता, बोरिंग टेक्नीशियन मौजूद रहे।

### इस तरह लघु, सीमांत किसान इस तरह से लाभ पा सकते हैं

सहायक अभियंता रामेश्वर सिंह ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। लघु कृषक को अधिकतम 11000 रुपये का, सीमांत कृषक को अधिकतम 15400 रुपये एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के लघु एवं सीमान्त कृषकों को अधिकतम 19800 रुपये का अनुदान देकर उथले नलकूप का लाभ दिया जाता है। गहरे नलकूप जिसकी गहराई 30-60 मीटर तक होती है का लाभ सभी श्रेणी के कृषक प्राप्त कर सकते हैं। योजना के तहत नलकूप पर 1.75 लाख रुपये, विद्युतीकरण पर 0.68 लाख रुपये एवं जल वितरण प्रणाली पर 0.14 लाख रुपये का अधिकतम अनुदान या लागत का 50 प्रतिशत अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। गहरे नलकूप योजना के तहत 60 मीटर से अधिक गहराई के नलकूप का लाभ सभी श्रेणी के कृषक प्राप्त कर सकते हैं। जिसमें नलकूप पर 2.65 लाख रुपये, विद्युतीकरण पर 0.68 लाख रुपये व जल वितरण प्रणाली पर 0.14 लाख रुपये का अधिकतम अनुदान या लागत का 50 प्रतिशत अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत (वर्ष 2015-16 से) उथले नलकूप के लाभार्थी कृषकों को डीजल पंपसेट हौज एवं जल वितरण प्रणाली पर अनुदान देय है। योजना के तहत सामान्य श्रेणी के लघु कृषक को अधिकतम 18000 रुपये, सीमांत कृषक को अधिकतम 25200 रुपये एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कृषकों को 32400 रुपये का अनुदान डीजल पंपसेट पर देय है। योजनाओं का लाभ प्रथम आवत प्रथम पावत के आधार पर दिया जाता है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हेड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हेल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

# जिम्मेदार लापरवाह, हरे पेड़ों की टहनियों पर झूल रहे तार, हादसे की बनी आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **कई जगहों पर तारों को छू रही टहनियां छटाई न होने से बढ़ी दुर्घटना की आशंका**

**अमृत विचारः** शहर के प्रमुख मार्गों और मोहल्लों में बिजली के तार हरे पेड़ की टहनियों पर झूल रहे हैं। बिजली विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही से हादसे का खतरा बना हुआ है। कई बार हादसे हुए। तारों के झूलने से फाल्ट होने से उपभोक्ताओं ने दिक्कतें भी झेलीं, लेकिन अफसर अनजान बने हैं।

यह हाल शहर का ही नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा स्थिति खराब है। बड़ी संख्या में पेड़ों की शाखाएं तारों पर टिकी हुई हैं। आंधी बारिश का मौसम आने के बाद भी जिम्मेदारों ने टहनियों को कटवाने के लिए प्रयास नहीं किए हैं। जिससे अक्सर तार टूटकर गिर जाते हैं। कभी-कभी जनहानि के साथ बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी बाधित होती है। बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है।

### झूलते तारों से कभी भी हो सकता है हादसा



लखीमपुर खीरी। यह दृश्य शाहपुरा कोठी से कचहरी को जाने वाले मार्ग का है। कुछ ही दूरी पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी का कार्यालय भी है। पेड़ की शाखाएं तारों पर टिकी हुई हैं। इससे आए दिन फाल्ट भी होती रहती है। आसपास के उपभोक्ताओं ने कई बार पेड़ों की तार पर सटी शाखाओं को हटाने की मांग की, लेकिन विभाग ने अनसुनी कर दी।

### सीतापुर आंख अस्पताल के पास मंडराता रहता है खतरा



**लखीमपुर खीरी :** विलोबी हाल मार्ग शहर का सबसे व्यस्त मार्ग है। इस मार्ग पर छोटे वाहनों का भी भारी संख्या में आवागमन होता है। इस मार्ग पर स्थित सीतापुर आंख अस्पताल के पास तार पेड़ों से इस कदर घिरे हुए हैं कि तार दिखाई नहीं पड़ते हैं। बिजली विभाग की इस पर नजर नहीं जाती है। इससे यहां पर खतरा मंडरा रहा है।

> शहर में विभिन्न स्थानों पर एचटी व एलटी लाइन से पेड़ों की टहनियां झुके होने की जानकारी हुई है। जल्द ही तारों पर पड़ी टहनियों को कटवा कर लाइन क्लीयर कराई जाएगी।
> **-शैलेंद्र सिंह**, अधिशाषी अभियंता प्रथम।

## करंट से गई दो भैंस की जान

**बीसलपुर, अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के गांव सोरहा निवासी मोहनलाल ने बताया कि उनकी दो भैंस सड़क किनारे बंधी हुई थीं। गांव में जर्जर तार को लेकर पहले भी कई बार सूचना दी गई थी, लेकिन सुधार नहीं किया गया। सोमवार को बिजली का तार टूटकर गिर गया, जिसमें दो भैंस मर गई। उधर, पॉवर कॉरपोरेशन के जेई गंगाराम ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

## विजेताओं को किया पुरस्कृत

**भानपुर/भीरा, अमृत विचारः** वन बीट मेडिकल ग्रुप के प्रथम वार्षिकोत्सव पर 16 से 18 तक खेल प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें वन बीट हॉस्पिटल की सभी टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जहां तक विजेताओं की बात करें तो क्रिकेट में फार्मेसी और पैरामेडिकल कॉलेज की टीम में पैरामेडिकल के टीम विजेता रही। फार्मेसी डिपार्टमेंट ने स्कीपिंग में प्रथम, रस्सी खींच, स्कीपिंग कबड्डी में द्वितीय स्थान हासिल किया। पैरामेडिकल की टीम ने रस्सी खींच, क्रिकेट और कबड्डी में प्रथम स्थान, बैडमिंटन में द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं नर्सिंग डिपार्टमेंट ने स्कीपिंग, बैडमिंटन महिला वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। ग्रुप की ओर से खेल भावना को आगे बढ़ाने के लिए भीरा क्षेत्र को स्टेडियम की सौगात देने की घोषणा की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरा एक बैनामा व जमीन के कुछ कागजात जोकि नवादा जोगियान थाना बारादरी जिला बरेली के हैं, कहीं खो गये हैं। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **माया देवी पत्नी स्व. झाझन लाल निवासी ग्राम नत्थू रम्पुरा थाना भुता तहसील व जिला बरेली। मो 9548789636**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एम.बी.बी.एस. मेडिकल रजिस्ट्रेशन वर्ष 1998 मेडिकल कौन्सिल इण्डिया रजि. नं. 17681 व एम.बी.बी.एस. मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट उत्तर प्रदेश मेडिकल कौन्सिल रजि. नं. 046796 एवं अल्ट्रासाउण्ड ट्रेनिंग प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **डा. दरख्शा तय्यब पत्नी ए अब्बास अंसारी नि. जगतपुर, बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम से कोई भी राजनैतिक, सामाजिक धार्मिक या सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड में कोई भी संस्था पंजीकृत नहीं है। मैं किसी भी सरकारी या अर्द्ध सरकारी पद पर न तो पूर्व में कभी और न ही वर्तमान में कार्यरत हूँ। **मो. नसीम कुरैशी पुत्र स्व. मोहम्मद इब्राहिम निवासी 42/43 कटी कुईयाँ, पुराना शहर थाना बारादरी जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
हर बुधवार सीतापुर में
निकट बस अड्डा, संजीवनी हॉस्पिटल के पास, सीतापुर मो.-9919792325

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजयी प्रतिभागी पुरस्कृत

**बिझौली/रजागंज, अमृत विचार :** स्कोरवेल इंटरनेशनल स्कूल खम्हौल में कराई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया है। खम्हौल स्थित स्कोरवेल इंटरनेशनल स्कूल में शांतिकुंज हरिद्वार ने लिखित परीक्षा जूनियर और सीनियर वर्ग में जनवरी में कराई थी। जिला संयोजक इकाई अखिल विश्व गायत्री परिवार लखीमपुर ने पुरस्कार वितरण कराया। छात्र अर्पित वर्मा ने तहसील स्तर पर सीनियर वर्ग से प्रथम, जूनियर वर्ग से अनन्या शुक्ला द्वितीय और प्राइमरी वर्ग से अनुष्का राठौर को तृतीय स्थान मिला। सभी को प्रमाणपत्र, मेडल देकर पुरस्कृत किया। प्रबंधक सत्यनारायण वर्मा, योजना प्रबंधक मुकेश सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य शेखर खेतान ने छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। शिशिर मिश्रा, अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला संयोजक इकाई के सुरेश वर्मा, सत्यनारायण वर्मा, रामखेलावन निषाद, जगदीश गुप्ता, मैकूलाल वर्मा, उदयवीर, देशराज राठौर, विवेकानंद मौर्य, कुलदीप वर्मा, मुरलीधर, लवकुश आदि मौजूद रहे।

## बैंक अधिकारी बन आर्किटेक्ट की मां के खाते से 5 लाख उड़ाए

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर निवासी ऑर्किटेक्ट की बुजुर्ग मां से साइबर ठगों ने बैंक अधिकारी बनकर खाते से पांच लाख रुपये उड़ा लिए। ठग ने बैंक खाते में मोबाइल नंबर अपडेट करने का झांसा दिया था। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

डीडीपुरम निवासी आर्किटेक्ट पवन भट्ट ने बताया कि उनकी मां कमला भट्ट (70) का एक्सिस बैंक में खाता है। उनकी मां के फोन पर 30 दिसंबर 2023 को एक फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक का अधिकारी बताकर बैंक में मोबाइल नंबर अपडेट करने का झांसा दिया। इसके बाद एप के माध्यम से अपना मोबाइल नंबर अपडेट करके पांच लाख रुपये बैंक खाते से निकाल लिए। उन्होंने थाना पुलिस से शिकायत की। इसके बाद उन्होंने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर साइबर क्राइम पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जमाने बाद भी इज्जतनगर रेल मंडल की इज्जत पैसेंजर ट्रेनों से कायम

### आधे से ज्यादा पैसेंजर ट्रेनें दौड़ रही हैं मंडल में, प्रमुख स्टेशनों के लिए नहीं हैं ट्रेनें

मोनिस खान, बरेली

- एक हजार किमी से ज्यादा लंबा रूट, फिर भी रोज चलने वाली मेल एक्सप्रेस ट्रेनें सिर्फ 14

**अमृत विचार :** काफी हाथ-पैर मारने के बाद भी इज्जतनगर रेल मंडल अपनी पहचान नहीं बदल पाया। दोहरीकरण, विद्युतीकरण और सौंदर्यीकरण पर पानी की तरह पैसा बहाने के बावजूद प्रमुख स्टेशनों से न जुड़ पाने के कारण यह रेल मंडल अब भी दोयम दर्जे से पीछा नहीं छुड़ा पाया है। रेल मंडल की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसकी 50 फीसदी से ज्यादा ट्रेनें पैसेंजर हैं। इसके बावजूद नई ट्रेनें शुरू करने के कई प्रस्ताव रेलवे बोर्ड और मुख्यालय में अर्से से लंबित पड़े हैं।

इज्जतनगर रेल मंडल में कुल 158 जोड़ी ट्रेनें दौड़ रही हैं जिनमें से 70 पैसेंजर ट्रेनें हैं। इसके अलावा छह डेमू और चार मेमू ट्रेनें इस बेड़े में शामिल हैं। मंडल में 78 मेल एक्सप्रेस ट्रेनें हैं लेकिन 1018.11 किलोमीटर रूट वाले इस मंडल में रोज चलने वाली मेल एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या सिर्फ 14 है। 16 ट्रेनें साप्ताहिक हैं, तीन-तीन ट्रेनें सप्ताह में तीन, दो और पांच दिन हैं। पैसेंजर ट्रेनों को रोज चलाने में इज्जतनगर मंडल सबसे आगे है। मंडल पर 35 जोड़ी पैसेंजर, तीन जोड़ी डेमू और दो जोड़ी मेमू ट्रेनें प्रतिदिन ओरिजनेट होती हैं।

इज्जतनगर रेल मंडल के अधिकारियों का मुताबिक कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए काफी समय से कोशिशें की जा रही हैं। लेकिन फिलहाल कोई खास सफलता नहीं मिली है। कर्नाटक के यशवंतपुर और गुजरात के द्वारका तक ट्रेनें चलाने की कोशिशें अब तक कागजों में ही कैद हैं।

> ट्रेनों को शुरू करने या चलाने की अनुमति रेलवे बोर्ड और मुख्यालय से मिलती है। फिलहाल मंडल में 158 ट्रेनें चलाई जा रही हैं। कई स्टेशनों के लिए नई ट्रेनें चलाने के प्रस्ताव लंबित हैं। पीलीभीत से शाहगढ़ तक काम पूरा होने के बाद इस रूट पर मार्च तक ट्रेनों को शुरू करने की कोशिश की जा रही है।
> – **राजेंद्र सिंह**, जनसंपर्क अधिकारी, इज्जतनगर रेल मंडल

#### कम ट्रेनें इसलिए समय पालन में आगे

इज्जतनगर रेल मंडल की ट्रेनें समय की पक्की मानी जाती हैं। इस साल भी इज्जतनगर रेल मंडल की ट्रेनों के समय पालन का ग्राफ 98 प्रतिशत से ज्यादा रहा। रेल अधिकारी भी मानते हैं कि यह उपलब्धि मंडल को इसलिए हासिल है क्योंकि मंडल में ट्रेनों की संख्या ही बेहद कम है।

#### मार्च तक कनेक्टिविटी बढ़ने के आसार

रेल अधिकारी दावा कर रहे हैं कि पीलीभीत से शाहगढ़ तक अमान परिवर्तन और विद्युतिकरण का काम पूरा हो चुका है। मार्च के अंत तक इस रूट पर सीआरएस निरीक्षण और ट्रायल कराकर ट्रेनों को चलाना शुरू करा दिया जाएगा। मैलानी से कुरैया तक ट्रेन पिछले दिनों चलानी शुरू कर दी गई है। शाहगढ़ रूट पर ट्रेनें शुरू होने के बाद करीब आठ साल से बंद पड़ा यह रेल खंड फिर बहाल हो जाएगा। इस रास्ते लखनऊ तक ट्रेनों को चलाया जा सकेगा।

## अखिलेश यादव कल मुरादाबाद में

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 21 फरवरी को मुरादाबाद में भ्रमण पर रहेंगे। वह दोपहर 12 बजे ठाकुरद्वारा के विधायक नवाब जान खान के आवास पर पहुंचेंगे। जहां उनके सुपुत्र के शादी के उपलक्ष्य में आशीर्वाद देंगे। यहां से लौटकर सर्किट हाउस में बने हेलीपैड पर उतरेंगे, यहां से कांठ रोड स्थित सिद्ध हास्पिटल में भर्ती संभल के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का हाल जानने आएंगे। उनका कार्यक्रम उनके निजी सचिव गंगाराम ने जारी किया है। इसके अनुसार अखिलेश यादव लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से चलकर बरेली हवाई पट्टी पर आएंगे। यहां से निजी हेलीकाप्टर से विधायक ठाकुरद्वारा के आवास के निकट बने हेलीपैड पर उतरेंगे। जहां से 12.15 बजे विधायक नवाब जान के आवास पर आएंगे। यहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 1:30 बजे वापस हेलीपैड पर आकर 1:45 बजे सर्किट हाउस में बने हेलीपैड पर आएंगे। यहां से कार द्वारा कांठ रोड स्थित सिद्ध हास्पिटल में आएंगे।

# बच्चों में हड्डी से जुड़ी समस्याओं को हल्के में न लें माता-पिता

बरेली कार्यालय

- अत्याधुनिक तकनीक से आसान हुआ कई असाध्य रोगों का उपचार
- बच्चों में टेढ़े पैर, रीढ़ की हड्डी, हाथ की टेढ़ी हड्डी की समस्या अधिक

**अमृत विचार :** हड्डी से संबंधित कोई भी रोग बेहद कष्टदायी होता है। शरीर के किसी भाग में हड्डी की समस्या जरूरी पोषक तत्वों की कमी या जन्मजात भी हो सकती है। हड्डी विशेषज्ञों का मानना है कि जीवन शैली ओर खान- पान में बदलाव के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हड्डी के कई ऐसे जन्मजात रोग है जिससे उनका पूरा जीवन ही बोझिल सा लगता है। मुंबई के बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. तुषार अग्रवाल ने बताया कि बच्चों में हड्डी से जुड़े रोगों के संकेत या शंका होने पर जल्द से जल्द शिशु हड्डी रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। क्योंकि अधिक समय बीतने के बाद हड्डी से जुड़े रोगों का उपचार भी मुश्किल भरा हो सकता है।

डॉ. तुषार बताते हैं कि कई बार लोग जानकारी के अभाव में यह मान लेते हैं कि बच्चों में हड्डी का जन्मजात रोग ठीक नहीं होता, लेकिन ऐसा नहीं है, बल्कि अनुभवी और जानकार विशेषज्ञ के निर्देशन में उपचार कराने पर बहुत अच्छा परिणाम भी देखने को मिलता है।

**समय पर हड्डी का उपचार सबसे जरूरी :** टेढ़े हाथ-पैर और रीढ़ की हड्डी की समस्या बढ़ते हुए बच्चों में अधिकतर देखी जाती है। इसके अलावा बच्चों का फ्रैक्चर होने पर उन्हें हर हाल में अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सक को ही दिखाना और उपचार कराना ज्यादा उचित होता है। फ्रैक्चर के अलावा बच्चों की हड्डियों व जोड़ों में होने वाला संक्रमण भी एक बड़ी समस्या है। यदि इसका समय पर जरूरी उपचार नहीं किया गया तो घुटने टेकना, झुके हुए पैर, कूल्हे की कुरूपता (कोक्सा वारा) जैसी बच्चों के विकास की विसंगतियां होने लगती हैं। तीन से 11 साल के बच्चों को प्रभावित करने वाली एक असामान्य स्थिति जो सिर से जांघ की हड्डी में रक्त की आपूर्ति को बाधित करती है जिससे हड्डी खराब हो जाती है।

#### दुर्लभ जन्मजात सिंड्रोम हड्डियों पर सबसे अधिक डालते हैं प्रभाव

तमाम हड्डी रोगों के अलावा बच्चों में हड्डी से संबंधित जन्मजात रोग बच्चे ही नहीं माता – पिता के लिए भी बहुत बड़ी चुनौती खड़ा कर देते हैं। सेरेबल पाल्सी, स्पाइनल बिफिडा, आर्थोगिपोसिस, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी आदि रोग न्यूरोमस्कुलर स्थितियां हैं। जिससे बच्चों को बेहद परेशानियों के साथ जीवन व्यतीत करना पड़ता है। इसके अलावा बच्चों की कम लंबाई की परेशानी जन्मजात सिंड्रोम है जो बच्चों की हड्डी और जोड़ को सबसे अधिक प्रभावित करती है।

#### बरेली में देंगे निःशुल्क परामर्श

डॉ. तुषार अग्रवाल 14 व 15 मार्च को बरेली के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल में बच्चों में हड्डी और रीढ़ से जुड़ी समस्याओं के लिए निशुल्क परामर्श देंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए 9081800900 और 8006460900 पर कॉल किया जा सकता है।

## पीएम-उषा में रुहेलखंड विवि को मिले सौ करोड़

बरेली कार्यालय

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति ने बैठक कर आगे की तैयारियों पर की चर्चा

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय को पीएम-उषा (प्रधानमंत्री- उच्चतर शिक्षा अभियान) के तहत 100 करोड़ रुपये का अनुदान मिलने पर सोमवार को कुलपति प्रो. केपी सिंह ने समिति कक्ष में संकायाध्यक्षाओं और विभागाध्यक्षों की बैठक की। इसमें अनुदान के भविष्य में उपयोग के बारे में चर्चा की गई। बताया गया कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनुदान प्राप्त करने वाले देश के 78 विश्वविद्यालयों के साथ ऑनलाइन संबोधन होगा।

बैठक में कुलपति ने उत्कृष्टता के एक वैश्विक संस्थान में बदलने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस अनुदान से अत्याधुनिक अनुसंधान, बहु-विषयक सहयोग और अकादमिक प्रगति को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, विश्व स्तरीय संकाय को आकर्षित करने और विभिन्न विषयों में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करेगा। इस अनुदान से वैश्विक मान्यता प्राप्त करने और बौद्धिक विकास का केंद्र बनने की दिशा में विश्वविद्यालय की यात्रा को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार सामाजिक चुनौतियों का समाधान करेंगे। इस अवसर पर प्रो. एसके पांडेय, प्रो. आलोक श्रीवास्तव, प्रो. तूलिका सक्सेना, प्रो. एके सिंह, प्रो. रश्मि अग्रवाल, प्रो. संजय गर्ग, प्रो. विनय ऋषिवाल, प्रो. संजय मिश्रा, प्रो. पीबी सिंह, प्रो. जेएन मौर्य, प्रो. शोभना सिंह, डॉ. अमित सिंह, कुलसचिव अजय कृष्ण यादव, मौजूद रहे।

## इंजन फेल होने से पांच घंटे की देरी से पहुंची सरयू यमुना एक्सप्रेस

**बरेली, अमृत विचार :** सोमवार को 14649 सरयू यमुना एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 5 घंटा 30 मिनट से बरेली पहुंची। इस दौरान यात्रियों ने एक्स पर रेलवे के अधिकारियों से शिकायत की। विकास यादव ने पोस्ट की कि सरयू यमुना एक्सप्रेस करीब डेढ़ घंटा से रोजा स्टेशन पर ही खड़ी है। जिस पर डीआरएम मुरादाबाद के एक्स हैंडल से जवाब आया कि रोजा और पंडित रामप्रसाद बिस्मिल स्टेशन के बीच मवेशी ट्रेन से कट गया जिससे ट्रेन का इंजन फेल हो गया है।

## कुंभ 5 घंटे 34 मिनट और दून एक्सप्रेस 3:30 घंटे देरी से पहुंची

मुरादाबाद कार्यालय

- यात्री बोले, आखिर कब तक देरी से चलेंगी एक्सप्रेस ट्रेनें

**अमृत विचार:** लंबी दूरी की ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान हैं। सोमवार को इस मुद्दे पर कई यात्रियों ने रेल प्रबंधन से इस बात की शिकायत भी दर्ज कराई है। सुबह की पाली में दैनिक यात्रियों में लाइनपार निवासी शिक्षक रामप्रसाद ने स्टेशन मास्टर कक्ष में रेल कर्मियों के मौसम संबंधी तर्क पर सवाल उठाया।

दावा किया कि क्षेत्र में अब कोहरा नहीं दिख रहा है, उसके बाद भी ट्रेनें देरी से चल रही हैं। रेलवे का यह तर्क सही नहीं है। अब तो ट्रेनों में फाग सेव डिवाइस भी लगे हैं। उसके बाद भी ट्रेनों की दूरी का कारण बताना गलत हे। दैनिक यात्री संगठन के अध्यक्ष सुधीर पाठक का कहना है कि ट्रेनों के समयबद्ध संचालन के प्रति अधिकारी गंभीर नहीं हैं। जंक्शन पहुंचने से पहले हर दिन आउटर पर ट्रेनों को घंटों रोका जा रहा है। उन्होंने दो घंटे की देरी से चल रही जननायक एक्सप्रेस का हवाला भी दिया।

## बेटी और उसके प्रेमी देवर ने की थी मुतवल्ली की हत्या

सैदनगर (रामपुर)

- गांव परचई में चार दिन अवैध संबंधों का राज खुलने के डर से घटना को दिया था अंजाम

**अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव परचई में चार दिन पहले इमामबाड़े में मुतवल्ली की हत्या उनकी सगी बेटी हमशीरन और उसके प्रेमी देवर गुड्डू ने ही की थी। दोनों ने अवैध संबंधों का राज खुलने के डर से घटना को अंजाम दिया था। सोमवार को पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

गांव परचई निवासी तस्वीर मियां (60) इमामबाड़े में रहकर झाड़ फूंक का काम करते थे। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे इमामबाड़े में धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सोमवार दोपहर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मुतवल्ली हत्याकांड का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मुतवल्ली हत्या उनकी बेटी ने अपने देवर के साथ मिलकर की थी। तस्वीर मियां की इकलौती बेटी अपने पति के साथ पिता के घर रहती थी। काफी समय से आरोपी का अपने शादीनगर निवासी देवर से प्रेम प्रसंग चल रहा था। देवर बाहर से जब भी आता तो वह भाभी के पास ही रुकता था। हत्या से कुछ घंटे पहले तस्वीर मियां ने बेटी को देवर के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बदनामी के डर से हत्या की थी। पुलिस ने घटना का खुलासा करने के लिए सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली। पुलिस को मृतक की बेटी और उसके देवर पर शक हुआ तो दोनों को हिरासत में लिया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने गुनाह स्वीकार कर लिया।

## परास्नातक की परीक्षा आज 1:30 बजे तक चलेंगी कक्षाएं

बरेली कार्यालय

- नौ जिलों में 115 केंद्र बनाए गए, बरेली कॉलेज में पहले दिन 1391 छात्र देंगे परीक्षा

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर और बीएससी नर्सिंग और पैरामेडिकल की परीक्षा मंगलवार से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय ने नौ जिलों में परीक्षा के लिए 115 केंद्र बनाए हैं। बरेली कॉलेज में परीक्षा में पहले दिन 1391 छात्र शामिल होंगे। इससे पहले डेढ़ बजे तक ही कक्षाएं संचालित की जाएंगी। बरेली कॉलेज की परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि नए परीक्षा भवन और 10 कक्ष परीक्षा के लिए निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा के लिए दस सदस्यीय टीम बनाई गई है, जिसमें प्रो. संगीता सिंह को एसएस, क्षमा द्विवेदी, रेनू चौधरी और कविता को एएस बनाया गया है। परास्नातक के अलावा नर्सिंग की परीक्षा का भी केंद्र बनाया गया है, लेकिन उसके सिर्फ बीस छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम भी परीक्षा में चेकिंग करेगी। दोपहर 1:30 बजे तक कक्षाएं संचालित होने के बाद परिसर खाली करा लिया जाएगा।

#### वेब ऑफ साइंस पर वर्कशॉप हुई

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शोध निदेशालय की ओर से रिसर्च एंड फैकल्टी मेंबर्स की वेब ऑफ साइंस (क्लैरिवेट एनालिटिकल) की ऑनलाइन वर्कशॉप हुई। डॉ. सुभाश्री नाग की ओर स आयोजित वर्कशॉप में 44 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. केपी सिंह ने की। इसमें शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार, डॉ. ललित कुमार पांडेय, डॉ. सुभाष चंद्र, डॉ. छवि शर्मा भी शामिल हुए।


# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहाँपुर

पत्रांक : के.जी.बी.वी./एस.एस.ए./8594-600/2023-24 दिनांक : 17.02.2024

**के.जी.बी.वी. में चयन हेतु काउन्सिलिंग विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्या-2805/68-5-2023-2/2020 दिनांक 01.012.2023 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार जनपद के कस्तूरबा गांधी अवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टॉफ व लेखाकार के पदों पर संविदा के आधार पर चयन हेतु दिनांक 17.06.2023 को दैनिक समाचार पत्रों हिन्दुस्तान व दैनिक जागरण में विज्ञप्ति प्रकाित की गयी थी। प्रकाित विज्ञप्ति के सापेक्ष आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की मेरिट की गणना सन्दर्भित शासनादेश के अनुसार निम्नवत् आधार पर की गयी है :-

| क्र.सं. | परीक्षा/उपाधि का नामगुणवत्ताअंक | गुणवत्ताअंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 3 | स्नातकउपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 4 | प्रशिक्षणउपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 30/100 |
| 5 | भारांक-के.जी.बी.वी. में शिक्षक के रूप में कार्यरत् रहने का अनुभव | प्रत्येकपूर्ण अध्यापनवर्ष के लिए 02 अंक अधिकतम 30 अंक तक, जो भी कम हो। |

प्रकाशित विज्ञप्ति के सापेक्ष शैक्षिक गुणांक के आधार पर शैक्षिक स्टॉफ व लेखाकार के पदों पर चयन हेतु विषयवार व वर्गवार अनन्तिम चयन मेरिट निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | पदनाम | विषय | वर्ग/श्रेणी | विज्ञापित पदों की संख्या | चयन की अनन्तिम मेरिट उच्चतम | चयन की अनन्तिम मेरिट न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | सामाजिक विज्ञान | अनारक्षित | 6 | 62.60 | 52.58 |
| | | | अनारक्षित ई.डब्लू.एस. | 1 | 48.30 | 48.30 |
| | | | अनुसूचित जाति | 3 | 52.14 | 49.22 |
| 2 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | अंग्रेजी | अनारक्षित | 1 | 62.31 | 62.31 |
| | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1 | 51.64 | 51.64 |
| | | | अनुसूचित जाति | 2 | 50.03 | 47.38 |
| 3 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | गणित | अनारक्षित | 5 | 56.03 | 54.68 |
| | | | अनारक्षित ई.डब्लू.एस. | 1 | 53.51 | 53.51 |
| | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1 | 51.65 | 51.65 |
| | | | अनुसूचित जाति | 2 | 51.66 | 49.62 |
| 4 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | विज्ञान | अनारक्षित | 7 | 54.63 | 52.50 |
| | | | अनारक्षित ई.डब्लू.एस. | 1 | 47.25 | 47.25 |
| | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | 2 | 52.23 | 51.77 |
| | | | अनुसूचित जाति | 4 | 50.36 | 48.18 |
| 5 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | हिन्दी/संस्कृत | अनुसूचित जाति | 4 | 51.46 | 46.13 |
| 6 | अंश कालिक शिक्षिका | कला/संगीत/ गृह विज्ञान | अनारक्षित | 3 | 62.45 | 52.58 |
| | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1 | 49.10 | 49.10 |
| | | | अनूसूचित जनजाति | 1 | 0.00 | 0.00 |
| | | | अनुसूचित जाति | 3 | 51.45 | 47.37 |
| 7 | अंश कालिक शिक्षिका | कम्प्यूटर | अनारक्षित | 7 | 48.58 | 44.28 |
| | | | अनारक्षित ई.डब्लू.एस. | 1 | 0.00 | 0.00 |
| | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | 2 | 42.33 | 41.84 |
| | | | अनुसूचित जाति | 1 | 41.65 | 41.65 |
| 8 | अंश कालिक शिक्षिका | शारीरिक शिक्षा | अनारक्षित | 4 | 51.41 | 49.07 |
| | | | अनारक्षित ई.डब्लू.एस. | 1 | 45.96 | 45.96 |
| | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1 | 48.37 | 48.37 |
| 9 | अंश कालिक शिक्षिका | उर्दू | अनारक्षित | 5 | 51.14 | 47.72 |
| | | | अनुसूचित जनजाति | 2 | 0.00 | 0.00 |
| 10 | लेखाकार | - | अनारक्षित | 2 | 28.96 | 28.60 |
| | | | अनुसूचित जाति | 2 | 21.42 | 21.42 |

नोट :- कुल विज्ञापित 77 पदों के सापेक्ष 72 अभ्यर्थियों के चयन की अनन्तिम चयन मेरिट व सूची जारी की जा रही है। कला/संगीत/गृह विज्ञान में अनुसूचित जनजाति वर्ग तथा कम्प्यूटर शिक्षिका में अनारक्षित ई.डब्लू.एस. वर्ग में कोई पात्र आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

उक्तानुसार मेरिट के अन्तर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की अनन्तिम चयन सूची shahjahanpur.nic.in पर अपलोड है, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा देखा जा सकता है। उक्त अनन्तिम चयन सूची के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग दिनांक 26.02.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से राजकीय इण्टर कालेज, शाहजहाँपुर में आयोजित की जायेगी। अनन्तिम चयन सूची के अभ्यर्थी उपरोक्त काउसिलिंग में अपने समस्त शैक्षिक, प्रशिक्षण, वर्ग/श्रेणी के प्रमाण पत्र, उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. तथा के.जी.बी.वी. में शिक्षक के रूप में कार्यरत् रहने तथा वर्श 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित रहने से सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र सहित समस्त अभिलेख मूलरूप सुरक्षित जिपर फाइल में तथा 01 सेट उक्त अभिलेखों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियों, मूल आधार कार्ड तथा 01 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रतिभाग सुनिश्चित करें। अनन्तिम चयन सूची के अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित तिथि दिनांक 26.02.2024 को काउंसिलिंग में प्रतिभाग न करने की स्थिति में उनका अभ्यर्थन स्वत: निरस्त हो जायेगा तथा भविष्य में चयन हेतु उनका कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। उक्तानुसार अपलोड अनन्तिम सूची अभ्यर्थियों के काउंसिलिंग में मूल अभिलेखों को प्रस्तुत करते हुए प्रतिभाग करने तथा अभ्यर्थियों के प्रत्यावेदन निस्तारण के पूर्णतया अधीन है। काउन्सिलिंग में प्राप्त प्रत्यावेदनों का निस्तारण जनपदीय समिति द्वारा नियमानुसार किया जायेगा। काउंसिलिंग के उपरान्त विशयवार/वर्गवार अभ्यर्थियों के चयन की अन्तिम सूची सक्षम स्तर से अनुमोदन के उपरान्त जारी की जायेगी।

**(रणवीर सिंह)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
**शाहजहाँपुर।**


# जंगल के बाहर बाघों को पसंद नहीं कुत्तों का दखल

धर्मवीर गुप्ता, बांकेगंज

**अमृत विचार:** जंगल से बाहर निकलकर खेत खलिहानों में घूम रहे बाघों को कुत्तों का दखल बर्दाश्त नहीं हो रहा है। यही वजह है कि कुत्तों का मांस न खाने के बावजूद बाघ इनका शिकार खूब कर रहे हैं। इससे बाघों में वायरस जनित बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। दूसरी तरफ ग्रामीण भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

दुधवा जंगल के आसपास बड़ी संख्या में सिख कृषक खेतों में मकान बनाकर खेती किसानी कर रहे हैं। सिख परिवारों को देख अन्य लोगों ने भी खेतों में झोपड़ी डाल रखी है। मकान भी बनवा लिए हैं। सुरक्षा के लिए कुत्ते पाले हैं।

कुछ वर्षों से बाघ जंगल के बाहर निकलकर खेत खलिहानों में घूमते नजर आ रहे हैं। जब बाघ शिकार का पीछा करते अथवा शिकार की तलाश में गांव के नजदीक पहुंच जाता है तब ये कुत्ते भौंकने लगते हैं, जो उन्हें पसंद नहीं आते हैं। बाघ कुत्ते को मार डालते हैं। दूर ले जाकर उन्हें छोड़ देते हैं। शनिवार की सुबह टांगिया फॉर्म के मनदीप सिंह के कुत्ते को बाघ छत पर से उठा ले गया तो 7 फरवरी को श्यामपुर के बलविंदर सिंह के कुत्ते को बाघ दरवाजे के पास से उठा ले गया था। 30 जनवरी को ढाका के डालचंद के कुत्ते को उठा ले गया था। इससे पहले भी बाघ अलग-अलग क्षेत्रों में कई कुत्तों को उठाकर ले जा चुका है। इनमें से कई पालतू थे। कई घूमने वाले कुत्ते भी थे। कोई दिन ऐसा बीतता हो जब कहीं न कहीं, किसी न किसी गांव में बाघ के देखे जाने अथवा किसी पालतू पशु का शिकार करने की बात सामने न आती हो। बाघ के हमले से इंसानों की मौत के मामले में बढ़ोतरी हुई है।



जंगल के निकट बाघ और कुत्ता में होता संघर्ष (फाइल फोटो)। ● अमृत विचार



सेवानिवृत्त डीएफओ आनंद कुमार ने बताया कि बाघ अपने से बड़े जानवरों का शिकार करने में सक्षम है इसलिए वह कुत्तों का शिकार कम ही करता है। हां, अपने शावकों की सुरक्षा के लिए बाघिन शावकों के साथ करीब डेढ़ वर्ष तक जंगल की सीमा के निकट गन्ने के खेतों और खलिहानों में घूमती है। इस दौरान शावकों की सुरक्षा के लिए वह बेहद सतर्क रहती है। इस दौरान आमना-सामना होने पर वह किसी पर भी हमला कर सकती है। इसी क्रम में यदि कुत्ता भौंकता है तो वह शावकों के लिए खतरा समझकर उसे भी मार डालती है। यदि उसके शावक एक वर्ष या उससे अधिक उम्र के है तो वे भी तेंदुए के बराबर हो चुके होते हैं और कुत्ते जैसे जीवों का शिकार शौकिया कर सकते हैं। यह अलग बात है कि बाघ अथवा बाघिन कुत्ते के मांस को खाना पसंद नहीं करते हैं इसलिए उसे छोड़ देते हैं।

> दुधवा फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने बताया कि शिकार का पीछा करने के दौरान कुत्ते के आ जाने पर बाघ उसे मार डालता है। तेंदुआ भी कुत्ते का शिकार करने के बाद कभी खा भी लेता है और कभी छोड़ देता है। इसलिए यह कहना कठिन है कि बाघ ही कुत्ते का शिकार कर रहे हैं। –**ललित वर्मा**, फील्ड डायरेक्टर दुधवा।



वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि कुत्ते का मांस कड़वाहटयुक्त होता है। पीढ़ी दर पीढ़ी मिले अनुभव के कारण कुत्ते के मांस को अपने जीवन के लिए खतरा मानते हुए बाघ कुत्ते का शिकार नहीं करना चाहता है, लेकिन यदि कोई जीव उसे शिकार करने में बाधा उत्पन्न करता है तो वह उसे नहीं छोड़ता है। संभवत अपने शिकार का पीछा करते हुए बाघ जब गांव के नजदीक पहुंचता होगा तब कुत्तों की नजर उस पर पड़ती होगी और वे भौंकना शुरू कर देते होंगे, इसलिए वह उन्हें मार डालता होगा। कुत्तों का शिकार करना बाघों के जीवन के लिए खतरा उत्पन्न कर सकता है। उनमें वायरस जनित बीमारी फैल सकती हैं।



सिख फार्मर मनदीप सिंह कहते हैं कि खेतों में मकान बनाकर रहने वाले किसानों के लिए कुत्ते पालना बेहद आवश्यक है क्योंकि स्वभाव से बेहद वफादार होने के कारण इन्हें जब कोई बाहरी व्यक्ति घरों के आसपास दिखाई देता है अथवा खेतों में कोई अन्य जानवर आता है तो ये भौंकना शुरू कर देते हैं जिससे हम लोग सजग हो जाते हैं। लोग महंगे दामों में लाकर भी पालते हैं। कुछ वर्षों से बाघों के जंगल के बाहर आने से लोगों के साथ जानवरों की जान पर भी आफत है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा के ऑब्जर्वर ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**आगरा।** यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। बोर्ड परीक्षा के ऑब्जर्वर मुकेश अग्रवाल ने जीआईसी में बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की। ऑब्जर्वर मुकेश अग्रवाल ने जीआईसी के प्रधानाचार्य मानवेंद्र सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार व अन्य अधिकारी के साथ बैठक की। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जिले में केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी तय कर दी है। साथ ही उत्तर पत्रिकाओं का भी वितरण हो चुका है। प्रश्न पत्रों का भी वितरण लगातार किया जा रहा है। कंट्रोल रूम को लखनऊ के कंट्रोल रूम से भी जोड़ा है। परीक्षा केंद्रों पर कैमरे की मदद से निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा के समय बिजली न होने व अन्य कारणों से कैमरे बंद मिलते हैं तो उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस अफसर बनने का था सपना छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने दी जान

## बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी, तीन आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, आगरा

▶▶ **मां बोली, मनचलों ने बेटी की जिंदगी छीन ली, बहुत परेशान कर रहे थे मनचले**

**अमृत विचार:** बीए प्रथम वर्ष की छात्रा पुलिस विभाग में अफसर बनना चाहती थी। खंदौली थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली बीए की पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षा की भी तैयारी साथ-साथ कर रही थी लेकिन तीन मनचलों की हरकतों ने होनहार छात्रा की जिंदगी छीन ली। छात्रा जब भी घर से निकलती थी, तब रास्ते में तीन आरोपी गंदे कमेंट्स कर छेड़खानी करते थे। लंबे समय तक यह सब छात्रा सहती रही लेकिन मनचलों की हरकतें बढ़ती गईं। आरोपी दबंगई दिखाते हुए घर तक पीछा करते पहुंच जाते थे और आवाज लगाकर बुलाकर साथ चलने का दबाव बनाते थे। छेड़खानी से छात्रा का मन इतना छलनी हो गया कि उसने खुद की जिंदगी समाप्त करने की ठान ली। शनिवार की रात छात्रा ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की मौत से परिवार टूट गया है। मां की तहरीर पर पुलिस ने तीन मनचलों के विरुद्ध छेड़छाड़, आत्महत्या के लिए उकसाने समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। तीनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दबिश दी लेकिन तीनों घरों से भागे हुए हैं। छात्रा की उम्र 18 साल थी। मां का कहना है कि बेटी पुलिस अफसर बनना चाहती थी। वह पढ़ने में बहुत अच्छी थी। लंबे समय से वह पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही थी लेकिन मोहल्ले के करूआ, बंटी और जीतू ने बेटी का जीना मुश्किल कर दिया था। बेटी जब भी घर से बाहर निकलती थी, ये लोग उस पर गंदे कमेंट करते थे। कभी उसका रास्ता रोक लेते तो कभी उसका पीछा करते थे। घर के सामने आकर भी उसको बाहर बुलाते थे। उसे साथ चलने के लिए बोलते थे। इन लोगों ने उसका मोबाइल नंबर पता कर लिया और बेटी को अलग-अलग नंबर से फोन कर गंदे मैसेज करते थे। मेरी बेटी हमेशा डरी रहती थी। एक बार हम लोग तीनों की शिकायत करने घर गए तो उसकी मां ने हम लोगों को बहुत पीटा। गालीगलौज करते हुए भगा दिया। इसके बाद तीनों आरोपी घर में घुस आए और मुझे और मेरी बेटी को बहुत पीटा था। पुलिस में मामले में एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में थाना प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि परिवार की ओर से तहरीर मिली है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## बरात चढ़ने के दौरान आतिशबाजी में गरीब का उजड़ा कारोबार

**फिरोजाबाद, अमृत विचार,:** शिकोहाबाद नगर के रेलवे स्टेशन रोड पर रविवार की रात 10 बजे जिला संयुक्त चिकित्सालय के सामने सड़क पर बरात चढ़ने के दौरान खुशी में चलाई गई आतिशबाजी से निकली चिंगारी ने एक कबाड़ स्वामी के सपनों को जला दिया।

चिंगारी से स्टेशन रोड स्थित एक कबाड़ की दुकान में आग लग गई। दुकान स्वामी विजयपाल वाल्मीकि निवासी रूकनपुर ने बताया कि दुकान और बाहर रखा हजारों रुपए का कबाड़ जलकर राख हो गया। सूचना पर थाना पुलिस और दमकल की गाड़ी पहुंची और 15 मिनट में आग पर काबू पाया। कबाड़ की दुकान के बगल में रखी कुछ लकड़ी की बल्लियां भी आग लगने से जल गई।

# 42 लाख कीमत की अवैध शराब बरामद

**आगरा, अमृत विचार :** हरीपर्वत थाना पुलिस ने 42 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब का जखीरा बरामद किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसीपी हरीपर्वत आदित्य मिश्रा ने बताया कि चेकिंग के दौरान हरीपर्वत थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि आईएसबीटी बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति अवैध शराब से भरा ट्रक लेकर खड़ा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वहां पहुंच एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो उसमें से करीब 42 लाख कीमत की 4725 लीटर अवैध शराब, एक ट्रक और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पकड़े आरोपी ने बताया कि ट्रक मालिक उसे पैक गाड़ी देते थे। वह छोड़ने जाता था। उसे चक्कर के हिसाब से पैसे मिलते थे।



पकड़ी गई अवैध शराब।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज (बदायूँ)

पत्रांक : 424/न.पा.परि.दातागंज/2023-24 दिनांक : 15.02.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद दातागंज द्वारा 15वाँ वित्त आयोग/15वाँ वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद दातागंज में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो की ई-निविदायें दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 28.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी। ई-निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदाओं से सम्बन्धित आगणन व शर्ते इस कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। कार्य विवरण निम्न प्रकार है।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद दातागंज, जनपद बदायूँ** — **अध्यक्षा, नगर पालिका परिषद दातागंज, जनपद बदायूँ**

### पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनैना बाजपेई पुत्री श्री आदर्श वाजपेयी पत्नी श्री हिमांशु मिश्रा निवासी गढ़वाखेरा पोस्ट कजरी निरंजनपुर पूरनपुर, पीलीभीत उ.प्र. (262122) ने एक किता सम्पत्ति खाता संख्या- 1171 कोतवाली रोड पूरनपुर जिला-पीलीभीत को चोला मण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है उक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री दिनांक 28.11.2005 को वही संख्या- 01 जिल्द संख्या 1427 पृष्ठ संख्या 171-204 क्रम संख्या 6041 सं.र. पूरनपुर में हुई उक्त मूल रजिस्ट्री का विवरण व नजरी नक्शा का विवरण अंकित है। कहीं खो गया है। जिसकी सूचना 18.02.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त ऋण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

सुशान्त सक्सेना, एडवोकेट
कार्यालय- बगिया, चैम्बर नं. 01
बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट,
बरेली मो. 9837205613
सूचीबद्ध अधिवक्ता
चोला मण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाइनेन्स कम्पनी लिमिटेड

**न्यायालय चकबन्दी अधिकारी प्रथम बरेली वाद सं. धारा 202354121311020194 धारा 9 ए (2) यू.पी. सी.एच. एक्ट** ग्राम खमरिया सानी तहसील मीरगंज जिला बरेली ओमप्रताप बनाम सरकार प्रतिवादी सुन्दर लाल व श्यामबिहारी लाल व मोहन लाल व मिश्री लाल व गेंदन लाल पुत्रगण खन्नामल व मो. उमर व मो. जफर पुत्रगण बेचे व खलील पुत्र ख्वाजा सभी निवासी ग्राम खमरिया सानी तहसील मीरगंज जिला बरेली चूंकि ओमप्रताप पुत्र बुद्धसेन ने आप प्रतिवादी के नाम एक वाद अंतर्गत धारा 9 ए (2) यू.पी. सी.एच. एक्ट रकवा दुरूस्ती/भूचित्र संशोधन के दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि दिनांक 27.02.2024 को स्वयं अथवा मारफत किसी वकील के जो मुकदमा से बखूबी वाकिफ हो, जो मुकदमा में जवाब देही कर सके मय कागजात अदालत हाजिर हो वर्ना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा का फैसला होगा। आज तारीख 19.02.2024 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय चकबन्दी अधिकारी, प्रथम बरेली।**

### कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांक 676/मु.अभि./नि.वि./2023-24 दिनांक : 19.02.2024

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं. 3890/नौ-5-149 सा/ 2019 नगर विकास अनुभाग- 05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| नाला सफाई हेतु पुनः ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं.- 01 से 30 तक) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 22-02-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 22-02-2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 27-02-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 27-02-2024 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evulation |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली**

# काजू के छिलके में छिपाकर ला रहे थे 55 लाख का गांजा

**फिरोजाबाद, अमृत विचार:** पुलिस ने काजू के छिलके की बोरियों में छिपा ला रहे 55 लाख के गांजे के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तस्करों के पास से एक क्विंटल 12 किलो गांजा था। गांजा आंध्र प्रदेश से ट्रक के जरिए फिरोजाबाद होता हुआ हाथरस ले जाया जा रहा था। एसओजी/सर्विलांस व थाना रामगढ़ पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान ट्रक नंबर यूपी-81-एएफ-7044 पकड़ा गया। खेप शिकोहाबाद मक्खनपुर से आगरा की तरफ जाने वाले रोड से होते हुए हाथरस जा रही थी। चनौरा पुल हाईवे पर घेराबंदी करते हुए पकड़ा गया। ट्रक में काजू के छिलकों की बोरियों में गांजो के छह प्लास्टिक के बोरे छिपाए गए थे। पकड़े आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम दीपक पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी गोपी चांदपुर थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़, जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र विजयपाल सिंह निवासी मथुरापुर थाना हसायन जनपद हाथरस, विष्णु कुमार पुण्डीर पुत्र योगेन्द्रपाल निवासी गोपी चांदपुर थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़, गोविन्द कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी सरायजरेरा थाना हसायन जनपद हाथरस बताया।



तस्कर एवं पकड़ने वाली पुलिस टीम।

## ढाबे पर रायता नहीं मिला तो पुलिस वालों ने दिखाई गुंडई... चौकी इंचार्ज और दरोगा लाइनहाजिर

**आगरा, अमृत विचार :** मालपुरा थाने की कवा चौकी क्षेत्र के एक ढाबे पर खाना खाने गए पुलिस कर्मियों को रायता नहीं मिला तो उन्होंने जमकर उत्पाद मचाया। संचालक और कर्मचारियों से मारपीट की। ढाबे पर पहुंचे अन्य लोगों से अभद्रता करते हुए खुली गुंडई दिखाई। इस प्रकरण का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस कमिश्नर ने चौकी इंचार्ज व दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है।

डीसीपी वेस्ट सोनम कुमार ने बताया कि चौकी इंचार्ज अमन कुमार व एसआई नीटू सिंह को लाइन हाजिर कर किया गया है। आरोप है कि कुछ पुलिसकर्मी न्यू प्रिंस ढाबे पर खाना खाने गए थे। खाने में उन्हें रायता नहीं दिया तो उन्होंने विवाद शुरू कर दिया। ढाबे के बाहर खड़ी बस व अन्य वाहनों में बैठे लोगों को पीटना शुरू कर दिया। यात्रियों के साथ बदसलूकी की। ढाबा मालिक ने रात को थाना प्रभारी को फोन किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ढाबा मालिक मनमोहन गोयल ने बताया कि रात करीब 11.30 बजे उनके ढाबे पर चौकी इंचार्ज अमन सिंह, एसआई नीटू सिंह चार-पांच लोगों के साथ खाना खाने आए थे। खाने का ऑर्डर दिया। स्टाफ ने खाना सर्व किया। ढाबे पर स्टाफ कम होने के कारण रायता सर्व नहीं हो पाया। इससे गुस्से में यह सब आग बबूला हो गए। स्टाफ के साथ बदतमीजी की। विवाद पर वह भी वहां पहुंच गए। पुलिसकर्मियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने एक न सुनी। ढाबा बंद कराने की धमकी देते हुए लोगों से अभद्रता की। बस में घुसकर यात्रियों से बदतमीजी की। फोन कर और पुलिसकर्मियों को भी बुला लिया। चालक को गाड़ी में बैठाकर उसे लातों से पीटा था।

## बाइकों की भिड़ंत में एक अध्यापक की मौत, दूसरा बाइक सवार भी घायल

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** थाना नारखी क्षेत्र के गांव नयाबांस और बरतरा के बीच दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। जिसमें अध्यापक की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। घायल को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रेफर कर दिया। थाना नारखी के बछगांव निवासी नरेंद्र कुमार शर्मा (45) पुत्र हरिशंकर शर्मा जूनियर हाई स्कूल औखरा में शिक्षक के पद पर तैनात थे। सोमवार सुबह बाइक से स्कूल जा रहे थे। उनकी बाइक नयाबास और बरतरा के समीप पहुंची ही थी, तभी तेज गति से आ रहे बाइक सवार इकबाल (26) पुत्र महबूब निवासी हिम्मतपुर पचोखरा की बाइक असंतुलित होकर टकरा गई। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर सरकारी एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर ले गई। अध्यापक के परिजन पहले से ही ट्रामा सेंटर पहुंच गए थे। अध्यापक नरेंद्र कुमार को आनन-फानन में उपचार के लिए प्राइवेट ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज (बदायूँ)

पत्रांक : 423/न.पा.परि.दातागंज/2023-24 दिनांक : 13.02.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद दातागंज द्वारा 14वाँ वित्त आयोग/15वाँ वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद दातागंज में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो की ई-निविदायें दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 28.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी। ई-निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदाओं से सम्बन्धित आगणन व शर्ते इस कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। कार्य विवरण निम्न प्रकार है।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद दातागंज, जनपद बदायूँ** — **अध्यक्षा, नगर पालिका परिषद दातागंज, जनपद बदायूँ**

### कार्यालय ग्राम पंचायत नवदिया मोतीराम, वि.खं. भदपुरा, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नवदिया मोतीराम की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त चर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 20.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 22.02.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | होरीलाल के घर से मैकूलाल के घर तक सी.सी. और नाली निर्माण कार्य। | 162.8 मी. | 4,12,000/- |
| 2. | अरविन्द कुमार के घर से बेचे लाल के घर तक सी.सी. और नाली निर्माण। | 38.75 मी. | 1,34,000/- |

प्रधान- प्रवेश कुमारी — सचिव- प्रिन्स चौहान

### कार्यालय ग्राम पंचायत जासपुर, वि.खं. भदपुरा, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जासपुर की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त चर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 20.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 22.02.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | निसार के घर से अजीम के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण । | 68 मी. | 2,31,614/- |
| 2. | ब्रजलाल के घर से कुंवर पाल की जगह तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य। | 80 मी. | 3,65,010/- |

प्रधान- कृष्णा देवी — सचिव- राजू सिंह

### कार्यालय ग्राम पंचायत मझारा, वि.खं. आलमपुर जाफराबाद, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मझारा की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त चर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, पाइप, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्रचार-प्रसार सामग्री आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 26.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 26.02.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से सामग्री अनुमन्य दरों में क्रय हेतु स्वतंत्र होगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लागत |
|---|---|---|
| 1. | होली चौक से पुलिया तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 3.80 लाख |
| 2. | राजेश्वर के घर के पास पुलिया से जीवन के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 5 लाख |
| 3. | जूनियर हाई स्कूल की बाउन्ड्रीवॉल मरम्मत कार्य | 2 लाख |
| 4. | दो आंगनबाड़ी केन्द्र का कार्य | 24 लाख |

प्रधान-विकल दिवाकर — सचिव-विश्वजीत

### कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सिन्धौली-शाहजहांपुर

पत्रांकः सी-4870/लेखा/क्षे.पं./2023-24 दिनांकः 16.02.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

क्षेत्र पंचायत सिन्धौली के अन्तर्गत केन्द्रीय वित्त (टाईड/अनटाईड फण्ड) एवं पंचम राजय वित्त के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो को कराये जाने हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से मोहबन्द निविदायें दिनांक 24.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार अपनी निविदा विकास खण्ड पर रखे टेन्डर बॉक्स में डाल सकते हैं व पंजीकृत डाक से भी अपनी निविदा उक्त दिनांक व समय तक प्रेषित कर सकते है। जो कि दिनांक 26.02.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे निविदादाताओं के समक्ष (जो उपस्थित होना चाहते हैं) खोली जायेगी। इच्छुक पंजीकृत निविदादाता जो कि आयकर, वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो निविदा प्रकाशित होने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 24.02.2024 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय सिन्धौली से निविदा फार्म शुलक रू. 500.00 (पांच सौ) मात्र नकद जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक व समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते विकास खण्ड पर निविदा प्रकाशन के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 02. | 03. | 04. | 05. | 06. | 07. |
| 01. | ग्राम गनपट हरैया में मेन रोड से सुरेश चन्द्र के घर तक नाला निर्माण 65 मी.। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 1.68 | 500.00 | 3700.00 | 03 माह |
| 02. | ग्राम नगला शाहजहां में केशव के घर से तालाब तक नाला निर्माण 100 मी.। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 2.95 | 500.00 | 60000.00 | 03 माह |
| 03. | ग्राम बिलन्दपुर में दिनेश के मकान से लिहूटा तालाब तक नाला निर्माण 140 मी.। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 5.59 | 500.00 | 11200.00 | 03 माह |
| 04. | ग्राम कमलापुर में राम औतार के मकान से तालाब तक नाला निर्माण 300 मी.। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 5.64 | 500.00 | 11300.00 | 03 माह |
| 05. | ग्राम करौदा में प्रा. वि. करौंदा से सकरिया नाला तक नाला निर्माण 155 मी.। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 3.79 | 500.00 | 7600.00 | 03 माह |
| 06. | ग्राम कमलापुर में सन्तकुमार के मकान से तालाब तक नाला निर्माण 180 मी.। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 4.10 | 500.00 | 8200.00 | 03 माह |
| 07. | ग्राम कठपुरा मेनरोड से कुबेरपुर तक खडन्जा निर्माण 470 मी.। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 7.99 | 500.00 | 16000.00 | 03 माह |
| 08. | ग्राम कोरोकुईया में आसिफ के मकान से ईदगाह तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 170 मी.। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 9.98 | 500.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 09. | ग्राम भित्तिया अख्त्यारपुर में विमलेश शर्मा के मकान से अशोक सिंह के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य 75 मी.। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 4.19 | 500.00 | 8400.00 | 03 माह |
| 10. | ग्राम ईटरोडा में मेन रोड से विवेक के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 34 मी.। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 1.75 | 500.00 | 3500.00 | 03 माह |
| 11. | ग्राम कमलापुर में सन्तराम के घर से मीनादेवी के घर तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 100 मी.। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 5.99 | 500.00 | 12000.00 | 03 माह |
| 12. | ग्राम मूढ़ाहारिस में लिंक रोड से त्रिलोक सिंह के झाला तक खडन्जा निर्माण 470 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 9.89 | 500.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 13. | ग्राम पलिया में डा. रविन्द्र के मकान से रामदास के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 105 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 6.41 | 500.00 | 13000.00 | 03 माह |
| 14. | ग्राम रखिया बुजुर्ग में पश्चिम मन्दिर से राजीव पाण्डे के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 120 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 6.52 | 500.00 | 13000.00 | 03 माह |
| 15. | ग्राम दूल्हापुर से बछियानी तक खड़न्जा निर्माण 460 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 8.99 | 500.00 | 18000.00 | 03 माह |
| 16. | ग्राम मूढ़ाहारिस में होलिका स्थान से कम्पोटर सिंह के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 160 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 9.95 | 500.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 17. | ग्राम मुजफफरपुर में जयवीर के घर से विश्राम के घर तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 50 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 2.85 | 500.00 | 5700.00 | 03 माह |
| 18. | ग्राम मुजफफरपुर में होली स्थल से कुलदीप के घर तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 50 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 2.85 | 500.00 | 5700.00 | 03 माह |
| 19. | ग्राम चन्दपाई में रहीश के मकान से सुभाष चन्द्र के मकान तक इन्टरलॉकिंग व एक ओर नाली निर्माण 147 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 7.93 | 500.00 | 16000.00 | 03 माह |
| 20. | ग्राम चड़ारी में गजेन्द्र सिंह के मकान से अवनीश प्रताप सिंह के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 152 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 7.92 | 500.00 | 16000.00 | 03 माह |
| 21. | विकास खण्ड परिसर की बाउंड्रीवाल का उच्चीकरण चव कटौली बाड का निर्माण 285 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 3.79 | 500.00 | 7600.00 | 03 माह |
| 22. | विकास खण्ड परिसर में प्रमुख कक्ष की मरम्मत व सौन्दर्यीकरण कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 3.48 | 500.00 | 7000.00 | 03 माह |
| 23. | विकास खण्ड परिसर में कार्यालय कक्षों की मरम्मत व सौन्दर्यीकरण कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 7.14 | 500.00 | 14300.00 | 03 माह |
| 24. | विकास खण्ड कार्यालय में ख.वि.अ. कक्ष, मनरेगा कक्ष व लेखाकार कक्ष की मरम्मत व सौन्दर्यीकरण साज सज्जा कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 3.60 | 500.00 | 7200.00 | 03 माह |
| 25. | विकास खण्ड परिसर में शौचालय निर्माण। | पंचम राज्य वित्त | 5.33 | 500.00 | 10700.00 | 03 माह |
| 26. | ग्राम महाऊदुर्ग में मेन चौराहा से नरेश चन्द्र के मकान तक इन्टरलॉकिग निर्माण 161 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 8.98 | 500.00 | 18000.00 | 03 माह |
| 27. | ग्राम बहादुरपुर बुजुर्ग में प्रदीप सिंह चौहान के मकान से पुलिया तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 145 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 7.94 | 500.00 | 16000.00 | 03 माह |

**मुख्य नियम व शर्तेः-**

1. प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि को एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में जो कि खण्ड विकास अधिकारी सिन्धौली-शाहजहांपुर के पक्ष में बन्धक हो को संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
2. जमानत धनराशि निविदा की 10 प्रतिशत होगी, जो कि निविदा स्वीकृति के उपरान्त धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत को समायोजित करते हुये शेष 8 प्रतिशत को एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में खण्ड विकास अधिकारी सिन्धौली के पक्ष में बन्धक कराकर जमा करना होगा।
3. धरोहर धनराशि एवं जमानत धनराशि को नगद व चेक के रूप में कदापि स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा प्रेषित की जाने वाली निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
5. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त किये जाने का अधिकार क्षेत्र पंचायत सिन्धौली को होगा।
6. उपरोक्तानुसार निविदात्त कार्य उपलब्ध धनराशि के अनुसार ही कराये जायेंगे।
7. प्रकाशित निविदा के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्य को स्वीकृत निविदादाता द्वारा पूर्ण कराना होगा। निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण न कराये जाने पर सम्बन्धित निविदादाता को अपनी स्वीकृत निविदा का नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**सिन्धौली-शाहजहांपुर**

षड् दोषा : पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता।।


ऐश्वर्य या उन्नति चाहने वाले पुरुषों को नींद, तन्द्रा (उंघना), डर, क्रोध, आलस्य तथा दीर्घसूत्रता (जल्दी हो जाने वाले कामों में अधिक समय लगाने की आदत) – इन छः दुर्गुणों को त्याग देना चाहिए।

## संपादकीय

# सरकार के प्रस्ताव

केंद्र सरकार और आंदोलनरत किसान संगठनों के बीच हुई चौथे दौर की वार्ता बेनतीजा रही। किसान संगठनों और सरकार के बीच इससे पहले तीन बैठकें हो चुकी हैं। ये बैठकें 8, 12 और 15 फरवरी को चंडीगढ़ में ही हुई थीं। हालांकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार देर रात हुई इस बैठक को सकारात्मक बताया है। किसानों के साथ वार्ता के बाद तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति ने दाल, मक्का और कपास सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए पांच वर्षीय समझौते का प्रस्ताव रखा है। किसान नेताओं का कहना है कि सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा करके भविष्य की रणनीति तय करेंगे। फिलहाल दिल्ली चलो मार्च को स्थगित किया गया है। किसान एमएसपी के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि पहले भी किसानों ने तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन किया था। किसानों के आंदोलन को देखते हुए केंद्र सरकार ने कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) क़ानून -2020, कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून 2020 और आवश्यक वस्तुएं संशोधन अधिनियम 2020 को रद कर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने का वादा किया था। इस पर किसानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया था। जानकारों के मुताबिक गेहूं, धान पर एमएसपी की गारंटी व्यावहारिक नहीं है। वैसे भी एमएसपी का फायदा तभी है, जब यह बाजार भाव से ज्यादा हो। संभावना जताई जा रही है कि उदारीकरण के इस दौर में निजी क्षेत्र में ज्यादा कीमत मिल सकती है। अब केंद्र सरकार ने किसानों के सामने फसलों के विविधीकरण का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत अलग-अलग फसलें उगाने पर उन्हें एमएसपी पर ख़रीदा जाएगा। फसलों के विविधीकरण का सरकार का यह प्रस्ताव अनूठा है। कपास, दलहन और मक्का अगर बहुतायत में उगाई जाएंगी तो इससे न केवल किसान अपितु देश की अर्थव्यवस्था को और बल मिलेगा। सरकार ने ए 2 प्लस एफएल फार्मूले पर भी जोर दिया है। इसके तहत बीज, खाद, सिंचाई एवं अन्य वस्तुओं की कीमतों और मजदूरी के आधार पर ही फसल की लागत तय होगी। वास्तव में इन प्रस्तावों में कोई बुराई नहीं है और प्रस्ताव किसान के हित में हैं। सरकार ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक संकेत दिए हैं, तो आंदोलनकारी किसानों को इस पर आगे बढ़ना चाहिए। आंदोलन से प्रभावित जनजीवन को सामान्य बनाने में सहयोग करना चाहिए।

# कृषि और पशुपालन में सिमुलेशन अध्ययन


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए, पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है, मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते, भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546 .35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655 .33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

भारतीय कृषि का आधार गाय ही है। हरित क्रांति के दौर के समाप्त होते ही एक विशाल परिवर्तन हुआ जिसमें खेती का आधार ही बदल गया और यह गाय आधारित कृषि से ट्रैक्टर और फार्म इम्प्लेमेंट्स आधारित खेती हो गई। इसी के साथ भारत के ग्राम्यांचलों में रहने वाले लोगों की आहार परंपरा और सेहत के पैमाने भी बदलने लगे। भारत के गांवों में कुपोषण जनित एनीमिया (रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी), पैराप्लेगिया और प्रोटीन एनर्जी मॉलन्यूट्रीशन, इन्फेक्शस डिजीजेज जैसे कि टीबी, स्त्री रोग -खासतौर से गर्भाशय का कैंसर और शिशु स्वास्थ्य तो पहले से ही एक चुनौती रहे हैं। अब डायबिटीज, कार्डियो वैस्कुलर डिजीजेज और कैंसर बढ़ गए हैं। इसमें जन्मजात बीमारियों की बात शामिल नहीं है।

शराब का चलन हद से अधिक होने के कारण लीवर, पित्ताशय और अग्नाशय का कैंसर के मामलों में बड़ा इजाफा हुआ है। लोग आराम तलब हो गए हैं और जिस्मानी मेहनत से जी चुराने लगे हैं। गाय के घी, लस्सी, दूध, बाजरा, जौ और चने की आहार में कमी हो गई है। हरी पत्तेदार सब्जियों की जगह मटर-पनीर, छोले-पूरी, चावल और बाजार से अर्द्ध-पके या अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की खपत गांवों में बढ़ी है और तो और इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड थैली के पास्च्युरायिज्ड मिल्क की मांग बड़ी है। यह तो 'उलटे बांस बरेली को' वाली बात हो गई। चूल्हे पर जो खाना धीमी आंच पर पकता था उसे अब आनन-फानन में प्रेशर-कुकर और गैस स्टोव पर बना लिया जाता है, लेकिन मैंने देखा है कि अनेक घरों में खाना पकाने के लिए हाइब्रिड मेथड अपनाया जाता है अर्थात् सब्जी तो प्रेशर कुकर में बना लेते हैं और रोटी, चूल्हे पर।

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है। लाइफ-स्टाइल, होम इकोनॉमिक्स, किनशिप, एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स और इसके सामाजिक प्रभाव पर आज न्यूनतम अनुसंधान अध्ययन होते हैं। मीडिया के लोग ऐसी स्टडीज और इनकी रिपोर्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं रखते। गांव, खेती, पशु, जीवन शैली, पर्यावरण, आर्ट, आर्किटेक्चर, उन्नत वैज्ञानिक जानकारी स्वास्थ्य के अनुरूप घरों के डिजाइन बनाने, मैटेरियल साइंस आदि के बारे में कोई रिपोर्टिंग नहीं होती। गलियां पक्की करने, नलके लगवाने, पुरानी कलात्मक चौपाल को गिराकर नए तरीके की बदसूरत डिजाइन की चौपाल बनाकर और रिश्वत खाकर, खेत में पानी लेने वाला खाला पक्का करवाकर, बिजली से चलने वाले घरेलू यंत्र लगाकर विकास नहीं होता।

गांव में गाय की किसी को जरूरत नहीं। गाय गई तो इसके साथ बैल गया और बैल गया तो और 50 चीजें और इससे जुड़े हुए काम-धंधे और कारीगरी खत्म हो गई। अब गाय सिर्फ चमड़ा और अन्य बायोलॉजिकल उत्पाद प्राप्त करने का एक जरिया मात्र बन गया है। गाय अब एक पॉलिटिकल 'सूत्र' और टूल मात्र है। गाय पर इन दिनों यामिनी नारायणन की किताब 'मदर काऊ, मदर इंडिया' खूब चर्चित है। इस किताब में यामिनी ने गाय का स्लॉटर या वध करने वाले लोगों का जिक्र भी किया है। ये वे लोग हैं, जो देहातों से नकारा गाय को खरीदकर और 150-300 किलोमीटर दूर स्थित हत्थों में हांक कर ले जाया करते और फिर इनका वध करते थे। ये लोग गरीब और निम्न जाति के मुसलमान और हिन्दू दोनों ही हुए, लेकिन इन्हें गाय बेचने वाले तो अधिकतर हिंदू ही होते थे, चाहे मदुरै हो। रोहतक या बनारस या बहराइच और बरेली के गांव नकारा पशु हत्थे के लिए ले जाने वाले इन लोगों के हाथ ही बिका करती। कोई भाग्यवान घर होता था जिसके घर में गाय-बैल सिधार जाता तो उसे सम्मानपूर्वक खेत में या घेर में दबा दिया करते।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए, पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है, मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते, भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546.35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655.33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

प्रधानमंत्री इमरान खान के समय में भी रासायनिक खाद और मंहगी बिजली को लेकर जबरदस्त आंदोलन हुआ। अभी कुछ ही सप्ताह पहले फ्रांस में जबरदस्त आंदोलन हुआ था। यह विश्वव्यापी है, लेकिन भारत उपमहाद्वीप या दक्षिण-एशिया के मुल्कों की तरह यूरोप या अमेरिका में बैल से खेती नहीं की जाती, बल्कि अफ्रीका में जरूर की जाती रही है। फार्म टेक्नोलॉजी और केमिकल फर्टिलाइजर से हम उपज तो बढ़ा सकते हैं, लेकिन यह गारंटी नहीं दे सकते कि इसके उपयोग से मनुष्य, पशु-पक्षी, जीव-जंतुओं और पर्यावरण की सेहत ठीक रहेगी। एक समस्या से निजात पाने के लिए दस समस्याएं और खड़ी हुई ही हैं। लोगों को जरा देर से अक्ल आती है, लेकिन जब तक आती है, तब तक देर हो चुकी होती है। गहरी चिंता इसी बात को लेकर है कि कृषि को लेकर 'सिमुलेशन स्टडीज' क्यों नहीं की जाती? यह तो कम से कम देखना चाहिए कि ऐसा करना संभव है भी या नहीं। वैज्ञानिक लोग इसे कैसे करेंगे, यह तो उन्हें ही डिजाइन करना होगा।

## प्रसंगवश

# भारत - नेपाल संबंध निरंतरता और परिवर्तन


डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने विगत महीने नेपाल की यात्रा पर थे। भारत और नेपाल वैश्विक स्तर पर सहयोगी राष्ट्र हिंदुत्व की विचारधारा और सांस्कृतिक मूल्यों के उन्नयन के लिए पड़ोसी देश हैं। भारत और नेपाल के मध्य साझा हितों के मुद्दे के समाधान के त्वरित कदम उठाने के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों के मध्य सद्भाव, माधुर्य, कूटनीतिक और सफल राजनीतिक संबंध उत्तरोत्तर गुणात्मक उन्नयन कर रहे हैं। दोनों सभ्य राष्ट्रों के बीच भारतीय रॉकेट से नेपाली सैटेलाइट "मुनाल" को प्रक्षेपित करना, सीमा पर ट्रांसमिशन लाइन और भूकंप के पश्चात राहत सामग्री के लिए 1000 करोड़ रुपए अनुदानित की बात हुई है।

भारत अगले 10 साल के भीतर नेपाल से 10000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा और नेपाल के भीतर जल विद्युत यानी हाइड्रोइलेक्ट्रिक सिटी के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इस समझौते का उपादेयता आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान भी है। इस समझौते के द्वारा चीन को नेपाल में सामरिक और राजनीतिक उपादेयता को न्यून करना है। विगत 2015 की कथित नाकेबंदी, नक्शा संबंधी विवाद (भौगोलिक सीमाओं की स्थिति को लेकर) संबंधित घटनाएं हुई थी जिससे भारत और नेपाल के बीच संबंधों में दूरियां बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में चीन ने मौके का फायदा उठाकर नेपाल में निवेश किया। शासकीय व्यवस्थाओं को सहयोग किया था जिससे भारत अपने आपको असहज महसूस करने लगा था। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई कहते थे कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में मित्र बदले जा सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं।

वैश्विक स्तर पर क्षेत्र नीति का अध्ययन और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यावहारिक अध्ययन के तथ्यों एवं आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि अंतर्राष्ट्रीय वैदेशिक संबंध स्थिर नहीं होते हैं, क्योंकि राष्ट्र के संबंध परस्पर राष्ट्रीय हितों और बहुपक्षीय संबंधों पर आधारित होता है। इसके अतिरिक्त भारत और नेपाल के संबंध परिवर्तनों के साथ भी प्रगतिशील और सद्भावना पर आधारित हैं। 2016 से नेपाल के सांसदों की भारत यात्रा की बारंबारता से दोनों देशों के मध्य आपसी संबंधों में माधुरता आई है। जून 2023 में नेपाली प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान आर्थिक और विकास पर सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

भारत और नेपाल के रिश्ते इतिहास और भूगोल के चलते, कई विभिन्न वास्तविकताओं से जूझते आएं हैं। उनका सुदूर और निकट अतीत का संदर्भ, आधुनिक इतिहास और समकालीन राजनीति उनकी प्रतिरूपी किंतु भिन्न प्रगति और उनका उभरता हुआ भविष्य कुल मिलाकर एक ऐसे कठिन मैट्रिक्स की रचना करते हैं जिसमें वैश्विक शक्ति संपन्न राष्ट्रों के उत्सुकता बढ़ जाती है। इस रिश्ते के विभिन्न पक्षों के बीच संतुलन ही इसका समग्र चरित्र को निर्धारित कर रहा है। सदियों की संपन्न बौद्धिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों ने भारत और नेपाल के आपसी शासकीय और नागरिक संबंधों को सामिप्य लाने में मजबूत कारक है। इनकी प्रेरक प्रत्यय दोनों देशों के विचारों और व्यापार का सशक्त समीश्रण है।

भारत और नेपाल के संबंधों की ऊर्जावान क्रियाशीलता, भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता और पर्यटन के प्रोत्साहन के साथ घनिष्ठता की ओर उन्नयन हो रहे हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध में गोरखा रेजीमेंट द्वारा दुर्गम हिमालय में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को सैनिकों के लिए जीवन रेखा के समान था। हालांकि 2015 के पश्चात इसकी उपादेयता कम हो गई है। बंधुत्व को संजोए रखना भारत और नेपाल के लिए लाभदायक सिद्ध होने वाला है। भारतीय वैदेशिक मंत्री की यात्रा के दौरान सफलता का प्रबल उपादेयता इस तथ्य में है कि नेपाली प्रधानमंत्री से 10 सालों में 10000 मेगावाट बिजली खरीदने के लक्ष्य को दोनों देशों के शासकाध्यक्ष के मध्य औपचारिक अनुसमर्थन था जिसको विदेश मंत्री के कूटनीतिक कौशल से सफल कर दिया। यह समझौता भारत और नेपाल के मध्य कूटनीतिक उपादेयता का प्रबल संकेत है।

# मौद्रिक समीक्षा पर हावी रही महंगाई


ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है।

भारत से इतर वैश्विक स्तर पर खाद्य पदार्थों की कीमत में गिरावट का सिलसिला 2023 से जारी है और यह 2024 के जनवरी महीने में 35 माह के सबसे निचले स्तर 118 अंक पर पहुंच गया है, जो मार्च 2022 में 160.3 अंक पर था। संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संस्थान (एफएओ) के मुताबिक दुनिया के अधिकांश देशों में गेहूं मक्का के साथ मांस की कीमत में आई गिरावट के कारण वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक में गिरावट दर्ज की गई है। एफएओ के अनुसार अनाज मूल्य सूचकांक जनवरी 2024 में घटकर 120.1 अंक पर पहुंच गया। चूंकि भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी कमजोर है और आर्थिक मानकों के तय करने के पैमाने दुनिया के दूसरे देशों से थोड़े अलग हैं। इसलिए भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंकों द्वारा तय की गई सहनशीलता के अंदर रहने के बावजूद मध्यम स्तर पर है। इसलिए रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है, क्योंकि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील हैं और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 12 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार था। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रहा था। फिर 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर चार प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बना रहा था। जनवरी महीने में पीएमआई के आंकड़े जारी किये गए थे जिसके अनुसार सेवा क्षेत्र की गतिविधियां विगत छह महीनों में सबसे अधिक बढ़ी हैं और सेवा क्षेत्र का पीएमआई विगत 30 महीनों से लगातार आगे बढ़ रहा है।

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है। विनिर्माण क्षेत्र का पीएआई सूचकांक भी दिसंबर महीने में 54.9 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 56.5 अंक पर पहुंच गया, जो विगत तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई का कंपोजिट सूचकांक भी दिसंबर महीने में 58.5 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 61.2 अंक पर पहुंच गया, जो दुनिया में सबसे अधिक है। पीएमआई कंपोजिट सूचकांक में 52.5 अंक के साथ चीन दूसरे स्थान पर और 52.3 अंक के साथ अमेरिका तीसरे स्थान पर है।

पीएमआई सूचकांक के 50 अंक से कम रहने पर यह माना जाता है कि संबंधित क्षेत्र में संकुचन आ रहा है, जबकि सूचकांक के 50 अंक से ऊपर रहने पर यह माना जाता है कि वह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है। वहीं वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है।

महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी 'इक्रा' के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अभी रिजर्व बैंक का लक्ष्य विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाना है ताकि आम आदमी को परेशानी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

भारत की अर्थव्यवस्था काफी तेजी से बढ़ रही है और अब दुनिया भी इसे मानने लगी है। आने वाले सालों में अर्थव्यवस्था का जो रुझान रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय दिखा रहा है उसके बाद मानना होगा कि भारत अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे नंबर पर आ जाएगा तथा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना साकार होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी चीजें भविष्य में सही रास्ते पर होंगी।

## सोशल फोरम

# जिंदगी का हेल्थ कार्ड


संजय वर्मा
इंदौर

यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं, जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए।

एक दोस्त अरसे बाद मिलने आया। देर तक अपनी रंग-बिरंगी जिंदगी के किस्से सुनाता रहा। यहां पार्टी, वहां अवार्ड ऐसे कपड़े, वैसी कार... ! मुझे अपनी उदास जिंदगी और भी टूटी-फूटी लगने लगी।

एक रूसी उपन्यास में पढ़ा किस्सा, धुंधला याद आ रहा है। एक लड़की है। बदसूरत और कम अक्ल। एक बड़े घर में नौकरानी है। मगर वह खुशमिजाज है उसे किसी ने उदास या रोते नहीं देखा। सारा दिन दौड़-दौड़ कर काम करती है। फिर एक दिन मालकिन की बेटी जो नौकरानी की हम उम्र है, उसकी शादी होती है। शादी के जोड़े में गहने श्रृंगार के साथ दुल्हन को देखकर अचानक वह नौकरानी फूट-फूट कर रोने लगती है। अजीब बात है न! हम अपनी बेरंग बेमजा जिंदगी को इस हद तक स्वीकार कर लेते हैं कि उसे भूल जाते हैं। फिर अचानक कोई दृश्य, कोई वाकया होता है और हमारी जिंदगी की सारी कुरूपता हमारे सामने वैसे ही जाहिर हो जाती है। जैसे उस नौकरानी को शादी वाली रात हुई थी। हम इस आईने से भागने बचने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों से मिलने से कतराते हैं पर जिंदगी बेरहम है।

हम इंसान ऐसे ही हैं। हम अपने जीवन की क्वालिटी को अपने भाई, पड़ोसी, दोस्त की लेबोरेटरी में टेस्ट करते हैं और रिजल्ट्स की तुलना से पता लगाते हैं कि हमारी जिंदगी का हेल्थ कार्ड कैसा है। यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं, जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए। किस्से प्रेरणा नहीं देते, क्षोभ पैदा करते हैं जिसका कड़वा स्वाद मुलाकात के कई दिनों बाद तक जबान पर बना रहता है।

–फेसबुक वॉल से

# देखने में पास लगती कुर्सी है बहुत दूर


डॉ.बीएन सिंह
वाराणसी

लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया।

मैंने पिछले चुनाव के समय कहा था कि जब तक नीतीश कुमार हैं तेजस्वी यादव कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। फिर दुहरा रहा हूं कि जब तक नीतीश कुमार राजनीति में हैं, तेजस्वी कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। तेजस्वी स्थापित हो चुके हैं, लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी देखने में बहुत पास लगती है, किंतु है बहुत दूर। देश में नीतीश कुमार की बहुत चर्चा हैं।

बीजेपी समर्थित सवर्ण और लालू समर्थित पिछड़े भी उनको पलटू चाचा कहकर ट्रोल करने में सबसे आगे हैं। नीतीश लालू को जानना है तो 90 के दशक में चलते हैं। लालू-नीतीश दोनों जेपी आंदोलन की पैदाइश हैं। दोनों दोस्त रहे और आज भी दोस्ती है, लेकिन मिर्चा-गुड़ की तरह। कभी दोनों के थाली में मिर्चा की तो कभी गुड़ की मात्रा घटती-बढ़ती रहती है। सबसे बड़ी दोनों की खूबी है कि आपसी वार्ता कभी दोनों ने बंद नहीं की। दोनों एक दूसरे से मिलते, बिछुड़ते है, लेकिन बिहार की कुर्सी तीसरे को न जाए, इसका बराबर ख्याल रखते हैं।

बिहार में एक से एक बढ़कर बाहरी नेता जार्ज, शरद, रामविलास पासवान जैसे लोग आए, लेकिन दोनों ने मिलकर जार्ज-शरद को पलिहर का बानर बनने पर मजबूर कर दिया। दोनों को अस्तित्व की रक्षा के लिए बीजेपी की शरण में जाना पड़ा। लालू-नीतीश दोनों ने मिलकर रामविलास पासवान को मरते अंत तक मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं फटकने दिया। जब लालू से नीतीश अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़े तो नीतीश मात्र आठ सीट पाए जिसमें तीन रातों-रात लालू के खेमें मे लौट गए। बीजेपी ने नीतीश पर दांव लगाया, राबड़ी देवी के बाद नीतीश के बीजेपी के समर्थन से हल्दी लग गई। फिर तो नीतीश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। लालू जब कमजोर हुए, उन्हें बिहार में मात्र चार सीट मिलीं, तब वक्त पर नीतीश से हाथ मिला लिया। ये वह समय था जब नीतीश ने मोदी के गुजरात से दिए सहयोग राशि को लौटाकर, मोदी को अपने घर पर दी दावत रद्द कर दी। लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया। नीतीश को लालू यादव अरदब में रखना शुरू किए, तब नीतीश बिदक गए। नीतीश अरदब में आने वाले न तब थे, न आज हैं। तेजस्वी बाबू के लड़कपन और महत्वाकांक्षा के चलते लालू यादव पहली बार तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए साजिश करने लगे तब सुशासन बाबू लालू से बिदककर बीजेपी की गोद में चले गए। फिर वक्त आया साथ आए, इस बार भी लालू यादव ने वही साजिश शुरू की तो नीतीश कुमार पुनः बिदक गए। इधर सुशासन बाबू बिहार के विभिन्न क्षेत्र में विकास में लगे थे। उधर रोज लालू यादव कांग्रेस से मिलकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने में लगे रहे।

कांग्रेस लालू के कंधे पर बंदूक रखकर नीतीश को इंडिया गठबंधन में कमजोर करने लगी। जब लालू यादव को लगने लगा कि इंडिया सुशासन बाबू को प्रधानमंत्री प्रत्याशी नहीं बनाएगी तो किसी बहाने से नीतीश से चुनाव पहले सत्ता छीनने की साजिश करने लगे, जो अब पर्दाफाश हो रहा है। लालू यादव को धैर्य नहीं रहा। बीजेपी को अपने तीन-तीन एजेंसियों के सर्वेक्षण में पता चल गया था कि नीतीश के न रहते बीजेपी की 14 लोकसभा में जमानत जब्त हो जाएगी। तभी लालू ने मौका दे दिया, पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लोभ के कारण। नीतीश ने पुनः बीजेपी की गोद में जाकर पिछड़ों की ताकत को कमजोर कर दिया। नीतीश सामने से दोषी दिखाई दे रहें हैं, लेकिन लालू भी कम दोषी नहीं हैं। तेजस्वी का बड़बोलापन कि 'लड़ाई नीतीश कुमार जी शुरू किए हैं, अंत हम करेंगे'। युवा नेता अभी मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे ही नहीं कि विधायकों के खरीद फरोख्त मामले में बुरे फंस गए। विधायक खरीद रिश्वत कांड में एक की गिरफ्तारी हो चुकी है। कई लिप्त बिचौलियों की होने वाली है। जब पता है कि केंद्र में हमारे विरोधी की सरकार है तो विधायक रिश्वत कांड की ऊब क्या थी? भविष्य के बिहार के नेता तो अब आप बन ही चुके थे। अब जब आप पर सोरेन की तरह कार्रवाई हो जाएगी तो निश्चित मानिए कि कांग्रेस भी तमाशा देखेगी। आपके इस भीतरघात की स्थिति में तो पिछड़े आरक्षण वृद्धि वाले जनता दल यू को तो अस्तित्व रक्षा हेतु सरकारी पार्टी के शरण में जाना ही था और चले गए।

इसमें आप सिर्फ नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहकर अपनी नादानी को नहीं छिपा पाएंगे। भाजपा आपकी ताकत को तहस-नहस करने को सुशासन बाबू से तो गृह विभाग छीनना ही चाहता है, मगर अभी भी नीतीश कुमार इस पक्ष में नहीं हैं कि आप व आपकी पार्टी ज्यादा कमजोर होकर भाजपा भस्मासुर बन जाए। आगे आपकी या आपके पिताश्री (जो 10 मार्च 1990 को 'नीतीश फार्मूला' से मुख्यमंत्री बन पाए थे) की इच्छा। हम लोगों की तो इच्छा यहीं है कि मामा द्वय के चक्कर में मत रहें, जिनसे फिर सक्रिय मदद आप ले रहे थे। मिथलेश जी का आंकलन कि लालू यादव, नीतीश से कम दोषी नहीं। नीतीश के साथ आने पर नई पीढ़ी लालू यादव के जंगल राज को भूलकर तेजस्वी को स्वीकार करने लगी थी, जो लालू ने पुत्र मोह में सब गुड़-गोबर कर दिया।

### कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को एक रखने के लिए निडर संघर्ष रखूंगा जारी

# आदिवासी, दलित व पिछड़ी जाति का हक मार रही सरकार : राहुल

संवाददाता, प्रतापगढ़



प्रतापगढ़ में जनसभा के दौरान बिल्ली को पुचकारते राहुल व विधायक आराधना मिश्रा मोना।

**अमृत विचार :** प्रयागराज से होते हुए सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देल्हूपुर से प्रतापगढ़ सीमा में पहुंची। शहर से होते हुए जिले के रामपुरखास विधानसभा के लालगंज पहुंची। लालगंज में उन्होंने लोगों को सम्बोधित किया।

राहुल गांधी ने मोदी सरकार की राष्ट्रीय नीतियों की कमियों को गिनाते हुए हमला बोला। कहा कि देश में 50 फीसदी पिछड़ी जाति और 15 फीसदी दलित लोग रहते हैं। भारत में आदिवासियों की संख्या आठ प्रतिशत है। मोदी सरकार आदिवासी, दलित और पिछड़ी जाति के लोगों का हक मारने का कार्य कर रही है। 73 प्रतिशत आबादी के हक के साथ नाइंसाफी हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि श्रीरामोत्सव में आदिवासी, दलित, पिछड़ों की भागीदारी में उपेक्षा की गई। कहा कि वहां एक भी किसान, गरीब नहीं दिखा। यह भी कहा कि भारत के प्रधानमंत्री धर्म, जाति के नाम पर देश को तोड़ रहे हैं। जनता से सीधा संवाद करते हुए कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को एक रखने के लिए निडर संघर्ष जारी रखूंगा। ईडी व अन्य एजेंसियों को सरकार की कठपुतली बताते हुए कहा कि हक और अधिकार की आवाज उठाने पर सरकार ईडी, सीबीआई,प्रवर्तन दल के द्वारा देश मे भय का माहौल बनाये हुए है। चंद पूंजीपतियों ने मीडिया सेक्टर के साथ अस्पताल, विश्वविद्यालय,स्कूल -कालेज में भी आर्थिक आय पर कब्जा कर लिया है। पीएम मोदी खुद को पिछड़ी जाति से जोड़ रहे हैं जबकि उनका जन्म सामान्य वर्ग में हुआ है। राहुल गांधी लालगंज में 40 मिनट रहे और खुली जीप में सवार होकर 32 मिनट सम्बोधित किया। उनके साथ कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी, राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी,रामपुरखास विधायक आराधना मिश्रा मोना,विधायक वीरेंद्र चौधरी,पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत,प्रदेश महासचिव मुकुन्द तिवारी समेत कांग्रेसी मौजूद रहे।

### स्मृति ने कसा तंज

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अमेठी के गांधी चौक पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया एवं राहुल वापस जाओ के नारे लगाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी जय सियाराम का नारा लगाया। केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने एक जगह जन संकल्प विकास यात्रा के दौरान भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग अमेठी को सत्ता का केंद्र मानते थे, जब वे गाजे-बाजे के साथ आए तो अमेठी के लोग उनके स्वागत के लिए नहीं पहुंचे और उन्हें प्रतापगढ़, सुल्तानपुर से लोग लाने पड़े...?

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज लखनऊ में, राहुल गांधी करेंगे संबोधित

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 20 फरवरी को रायबरेली होते हुए राजधानी में प्रवेश करेगी। राहुल गांधी चैक में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने बताया कि यात्रा रायबरेली रोड स्थित निगोंहा टोल से शुरू होकर मदाखेड़ा मंदिर, मोहनलालगंज, कल्ली बाजार, कालिंदी पार्क मोड़ उतरठिया, तेलीबाग शनि मंदिर होते हुए चारबाग स्थित केकेसी कॉलेज अपरान्ह लगभग ढाई बजे पहुंचेगी। यहां से चारबाग के नत्था होटल मोड़ होते हुए नाका चौराहा, दुगावां, रकाबगंज चौराहा, राजा बाजार, मेडिकल कॉलेज चौराहा, चरक चौराहा, चौक चौराहा होते हुए घंटाघर पर लगभग शाम पांच बजे पहुंचेगी। यहां पार्टी नेता राहुल गांधी जनसभा को संबोधित करेंगे। 21 फरवरी को सुबह साढ़े आठ बजे यात्रा उन्नाव के लिए कूच करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

# पुलिस भर्ती: पेपर लीक की खबरों की जांच को बनी आंतरिक कमेटी

## जांच में मिली जानकारी के आधार पर बोर्ड करेगा कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पेपर छपाई में गड़बड़ी, सनी लियोनी के एडमिट कार्ड मामले आदि की भी होगी जांच

**अमृत विचार :** उप्र में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में सोशल मीडिया पर पेपर लीक की खबरों को लेकर बवाल मचा हुआ है। सपा मुखिया अखिलेश यादव, पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर और कांग्रेस नेता राहुल गांधी तक ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया है।

हालांकि उप्र पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड इसे लगातार खारिज करता रहा है, लेकिन इन बीच सोमवार को इस मामले की जांच के लिए भर्ती बोर्ड ने आंतरिक जांच कमेटी गठित करने का फैसला किया है। एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आंतरिक जांच समिति बनाई गई है। भर्ती बोर्ड का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच की जाएगी। 48 लाख बच्चों के भविष्य का सवाल है।

भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा ने बताया कि अभ्यर्थियों के द्वारा सोशल मीडिया पर जो समस्याएं बताई जा रही हैं उन समस्याओं को देखते हुए बोर्ड ने आंतरिक कमेटी गठित की है। वायरल प्रश्न-पत्र और उत्तर पुस्तिका को लेकर जांच की जाएगी। उनका कहना है कि उनके पास भी सभी वायरल चीज़ें हैं। जो सवाल वायरल हुए हैं वह प्रश्न-पत्र में कितने आए हैं? और वह परीक्षा से पहले, बाद में या उसके दौरान वायरल हुए हैं? इनकी भी जांच की जाएगी।

पुलिस भर्ती बोर्ड के सूत्रों के मुताबकि एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में बनी आंतरिक जांच समिति पेपर लीक की शिकायत, पेपर छपाई में गड़बड़ी, पेपर देर से पहुंचने, सनी लियोनी के एडमिट कार्ड मामले की भी जांच करेगी। जांच रिपोर्ट में मिली जानकारियों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## बसपा अकेले ही लड़ेगी चुनावः माया



**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने एक बार फिर से स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी आने वाले लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि लोकसभा चुनाव में बसपा के किसी भी दल से गठबंधन नहीं करने की बार-बार स्पष्ट घोषणा के बावजूद आए-दिन गठबंधन संबंधी अफवाह फैलाई जा रही है। इससे साबित होता है कि बसपा के बिना कुछ पार्टियों की सही से दाल गलने वाली नहीं है। बसपा के लिए अपने लोगों का हित ही सर्वोपरि है। लिहाजा सर्वसमाज के खासकर गरीबों, शोषितों व उपेक्षितों के हित व कल्याण के मद्देनजर बसपा का देश भर में अपने लोगों के तन, मन, धन के सहारे अकेले अपने बलबूते पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला अटल है।

# स्वामी प्रसाद बनाएंगे नई पार्टी, 22 को होगी घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पार्टी के लिए नाम व झंडा तैयार औपचारिक घोषणा अभी नहीं

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा से अलग होकर नई पार्टी बनाने के साफ संकेत दिये हैं। पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी होगा। नीला, लाल व हरे रंग की पट्टी वाले पार्टी के झंडे में बीच में 'आरएसएसपी' लिखा हुआ है। पार्टी की औपचारिक घोषणा 22 फरवरी को होना तय है। इस बीच, पूर्व मंत्री मौर्य ने कहा कि 22 फरवरी को दिल्ली में बैठक के बाद नई रणनीति की घोषणा की जाएगी। उधर, नाराज चल रहे मौर्य को मनाने का प्रयास भी जारी रहा। सपा नेता पूर्व मंत्री राम गोविंद चैधरी मौर्य के आवास पर पहुंचे।

22 फरवरी को स्वामी प्रसाद मौर्य दिल्ली के तालकटोरा मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। इसी दौरान नई पार्टी की घोषणा होगी। मौर्य पिछले कई दिनों से सपा के खिलाफ बगावती तेवर अपनाए हुए थे। उन्होंने 13 फरवरी को राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### स्वामी फायदे के लिए सपा में आये थेः अखिलेश

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य फायदे के लिए सपा में आये थे। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि लाभ लेने के लिए हर कोई आता है, लेकिन मौके पर कौन टिकता है? किसी के मन में क्या है, यह कौन बताएगा? सपा प्रमुख ने कहा कि क्या ऐसी कोई मशीन है जिससे पता चल पाए कि किसके मन में क्या चल रहा है? लाभ लेकर तो हर कोई चला ही जाता है।

# इमराना और जावेद को रिमांड पर लेगी पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दोनों को आमने-सामने बैठाकर होगी पूछताछ
- टाइमर बम बनाने की असल मंशा तक पहुंचने की होगी कोशिश

**अमृत विचार :** मुजफ्फरनगर पुलिस टाइमर बोतल बम बनवाने वाली इमराना और उसे बनाने वाले जावेद को एक साथ रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। पुलिस दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। पुलिस यह पता करेगी कि कितने टाइमर बम बनवाए गए और उसके पीछे क्या योजना थी। पुलिस का मामना है कि इसके पीछे कोई बड़ी साजिश हो सकती है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

दरअसल, शनिवार और रविवार को पुलिस और खुफिया एजेसियों ने इमराना से लगातार कई घंटे तक पूछताछ की, लेकिन बम बनवाने के पीछे के असल 'राज' से परदा नहीं उठ सका है। इमराना ने सिर्फ इतना बताया है कि झगड़ा व दंगा में काम आने के लिए टाइमर बम बनवाया गया। हालांकि खुफिया एजेंसियों पर उसकी कहानी पर भरोसा नहीं हो रहा है।

एसटीएफ और खुफिया एजेसियां अब इमराना और जावेद से जुड़े लोगों की भी तलाश कर रही है। एजेसियां अब मुजफ्फनगर के मीरापुर के उस व्यक्ति की तलाश में जुटी है, जिससे बारूद लाकर जावेद बम बनाता रहा है। उससे यह पता किया जाएगा कि बारूद बेचने का उसके पास लाइसेंस है या नहीं। उधर, एक टीम इमराना के बैंक खाते भी खंगाल रही है। ताकि यह पता चल सके है कि उसे कहीं से फंडिंग तो नहीं हो रही थी।

## इंडिया गठबंधन में सपा ने कांग्रेस को दिया 17 सीटों का ऑफर

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस को प्रदेश में 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का 'ऑफर' दिया है। फिलहाल सपा ने सीटों की जानकारी नहीं दी है। इससे पहले सपा ने 11 सीटों का ऑफर दिया था। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि सपा की ओर से कांग्रेस को 17 लोकसभा सीट की अंतिम पेशकश की गई है। उन्होंने कहा कि इस पेशकश पर कांग्रेस की स्वीकृति के आधार पर पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होना निर्भर करेगा। मालूम हो कि इससे पूर्व सपा ने कांग्रेस को प्रदेश में 11 सीटों की पेशकश की थी, जबकि कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने अधिक सीट की मांग की थी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कहना था कि उनकी पार्टी को करीब दो दर्जन सीट दी जानी चाहिए।

# फावड़े से पत्नी को काट डाला खुद भी फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, सीतापुर

- वारदात के पीछे पति पत्नी के बीच आपसी कलह बताई जा रही है पति को था जेल जाने का डर

**अमृत विचार :** अटरिया थाना इलाके में सोमवार को एक पति ने पत्नी की फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पति स्वयं के जेल जाने के डर से घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तफ्तीश शुरू कर दी है। दंपत्ति की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इस वारदात के पीछे पति पत्नी के बीच आपसी कलह बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार,क्षेत्र के ग्राम गुलरिया निवासी अजय सिंह ने अपने ही परिवार की खुशियों को उजाड़ कर स्वयं को भी मौत के गले लगा लिया। बताया जाता है कि अजय सिंह की पत्नी मोहिनी रविवार की शाम मायके से ससुराल आई थी। सोमवार की सुबह पति अजय और पत्नी मोहिनी के बीच किसी बात को लेकर आपस मे विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि पति अजय ने पत्नी के सर पर फावड़े से वारकर मौत के घाट उतार दिया। पत्नी की मौत के बाद जेल जाने के डर से पति अजय ने भी घर के अदंर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिजनों ने कमरे में दोनो के शवों को देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची अटरिया पुलिस सहित सीओ सिधौली ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य भी संकलित किये है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सार-संक्षेप

### पीडब्लूडी का कार्यकारी अभियंता और क्लर्क एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी :** लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के एक कार्यकारी अभियंता और एक लिपिक को एक ठेकेदार से एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए सतर्कता टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) इंदु सिद्धार्थ ने सोमवार को यहां पत्रकारों को बताया कि पीडब्लूडी के कार्यकारी अभियंता नीरज सिंह और लिपिक अजय कुमार को एक ठेकेदार से रिश्वत लेते हुए सतर्कता टीम द्वारा सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि ठेकेदार देवव्रत तोमर ने शिकायत की थी कि इन अधिकारियों ने उनसे दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। उन्होंने बताया कि सतर्कता टीम ने इनके कार्यालय पर दबिश देकर एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए इन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इन अधिकारियों ने सड़क मरम्मत के काम का ठेका देने के लिए दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी जिसमें पहली किस्त में एक लाख रुपये देने को कहा था। पुलिस ने आरोपी नीरज सिंह और अजय कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### सुलतानपुर की अदालत में पेश होंगे राहुल गांधी

**सुलतानपुर, एजेंसी :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को मानहानि के एक मामले में सुलतानपुर की विशेष अदालत में पेश होंगे। न्याय विभाग के सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कांग्रेस सांसद राहुल गाँधी के खिलाफ मानहानि परिवाद के केस में 20 फरवरी की तारीख नियत थी। पांच वर्ष पूर्व दाखिल परिवाद में राहुल में हाजिर नहीं हो रहे थे।राहुस के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने पिछली पेशी में राहुल के भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदर्भ दिया था कि वह नागालैंड और असम के बीच में व्यस्त हैं। लिहाजा उन्होंने अदालत से गुजारिश किया की थी कि उन्हें समय दिया जाए और वे नियत तारीख पर पहुंचकर जमानत करा सके।, जिस पर न्यायालय ने 20 फरवरी को तिथि नियत की थी। इस दौरान राहुल गांधी की न्याय यात्रा 19 फरवरी सोमवार को रायबरेली पहुंची है। मंगलवार को राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बीच में छोड़कर प्लेन से अमहट एयरपोर्ट पर उतर कर सड़क के रास्ते सुलतानपुर दीवानी न्यायालत स्थित एमपी/एमएएल कोर्ट में पेश होंगे।

### राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक मंगलवार से शुरू होगी। बैठक में शामिल होने के लिए राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र सोमवार शाम अयोध्या पहुंचे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते 15 जनवरी से बंद चल रहा राममंदिर निर्माण का काम प्रारंभ हो चुका है। निर्माण सामग्री आनी शुरू हो गई है। प्रथम तल का 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद राममंदिर के दूसरे तल का काम शुरू होगा। नृपेंद्र मिश्र मंगलवार की सुबह रामजन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद बैठक का सिलसिला शुरू होगा।

### 140 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर को पकड़ा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर थाने की पुलिस टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर एक करोड रुपये से अधिक कीमत वाली एक किलो 140 ग्राम स्मैक बरामद की। उसके द्वारा स्मैक कहां से ओर किससे लेकर वह आ रहा था। इसकी जांच की तस्करी के नेटवर्क को खंगाल कर उसको ध्वस्त किया जाएगा। इसमें संलिप्त सभी की संपत्तियों की जांच कर उसके जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इसकी जानकारी सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा. अखिलेश नारायण सिंह ने पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। एएसपी ने बताया कि रामनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पाण्डेय की टीम ने थाना क्षेत्र के बरियारपुर के पास रविवार को एक संदिग्ध को पकड़ा। उसके पास से एक किलो 140 ग्राम स्मैक बरामद की। पकडे.गए तस्कर रंजीत ने पूछताछ में बताया कि वह एक व्यक्ति से बरामद स्मैक को ग्राहक तक पहुचांने जा रहा था। इसके बदले उसे रुपये देने की बात कही थी।

## वर्ग पहेली-348

**बाएं से दाएं**

1. पापों का नाश करने वाला।
4. फाड़ना, विदीर्ण करना, नष्ट-भ्रष्ट करना।
6. 1. एकाधिक व्यक्तियों का साथ चलना 2. साथ, संग, सोहबत 3. विभिन्न व्यक्तियों के विचारों में बिसराना, भुलाना, भुला देना, विस्मृत करना।
7. 1. कठोर आवरण वाले और बहुत खट्टे फलों का एक वृक्ष, कैथ 2. उक्त वृक्ष का फल, कपित्य।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पाप से मुक्त होने की क्रिया या भाव 2. पाप निवारण 2. पाप निवारण करने का स्थान, तीर्थस्थान।
2. शव को जलाने हेतु निर्मित गृह, श्मशान।
3. पुरानी दीवारों या खारवाली ज़मीन में ऊपर से निकल आने वाला क्षार अथवा नमक।
5. दे. तीर्थ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 5 |
| ■ | ■ | 6 | | | |
| 7 | | ■ | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली - 347 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कँ | ग | ला | ■ | 2 अ | ■ |
| टि | ■ | ■ | ■ | व | ■ |
| या | ■ | 3 की | ■ | स | ■ |
| ■ | 4 फ | ट | का | र | ना |
| ■ | ■ | ना | ■ | वा | ■ |
| 5 सु | दे | श | ■ | दि | ■ |
| धि | ■ | 6 क | र | ता | ल |

## सुडोकू -65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | | | | 8 | | 2 |
| | | 6 | | | 4 | | | |
| | 8 | | | | | 7 | 6 | |
| | 4 | | 1 | | 5 | | | 8 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 8 | | | 6 | | 2 | | 4 | |
| | 6 | 8 | | | | | 9 | 3 |
| | | | 7 | | | 2 | | |
| 2 | | 9 | | | | | 7 | 5 |

### सुडोकू - 64 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 09 .55 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-आर्द्रा 12 .13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** आज सामाजिक संस्थाओं द्वारा आपकी प्रशंसा हो सकती है। किसी बुरी आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित होंगे। आप अनेक लोगों की करियर में सहायता करने का प्रयास करेंगे। कार्य के विस्तार की रणनीति सफल रहेगी।

**वृष** आज स्वयं को भ्रमित होने से बचाएं। व्यर्थ की बातों को करने से बचें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। परिवार के लोग आपकी किसी बात से नाराज हो सकते हैं। लिहाज से दिन शुभ रहेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन** आज परिवार का माहौल अच्छा रहने वाला है। किसी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। अवसरों का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। नौकरी में आपको उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कर्क** आज धन की कमी के कारण कुछ चलते हुए कार्यों में गतिरोध उत्पन्न हो सकता है। परिवार का सहयोग नहीं मिलेगा। अपने काम पर फोकस नहीं कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है।

**सिंह** आज अपनी सकारात्मक सोच से परिस्थितियों का सही लाभ उठा पायेंगे। मित्रों से सही सलाह मिलेगी। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। व्यापार में तरक्की होने के योग बन रहे हैं। कोई अच्छा समाचार मिलेगा।

**कन्या** आज लव लाइफ काफी अच्छी रहेगी। कार्य की व्यस्तता के बीच स्वजनों के लिए समय अवश्य निकालें। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। अचानक धन लाभ मिलने की संभावना बन रही है। कई तरह की परेशानियों का अंत होगा।

**तुला** आज जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। आवेश में आकर कोई निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र में परेशानियां बढ़ सकती हैं। आध्यात्मिक अभिरुचियों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** आज किसी अनजानी गलती के कारण आप आत्मग्लानि से पीड़ित हो सकते हैं। जिद्दी रवैये से आपको ही नुकसान झेलना पड़ेगा। दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपके स्वास्थ्य सुख में बाधा आ सकती है।

**धनु** आज नया निवेश करने के लिए समय अनुकूल है। आय बढ़ने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। व्यापार में धन की कमी दूर होगी। कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

**मकर** आज कर्मचारियों का व्यवहार चिन्तित कर सकता है। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा। अनजाने में हुई गलती परेशानी खड़ी कर सकती है। व्यवसाय में जोखिम लेने के लिए दिन उचित नहीं है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**कुंभ** आज अपनी प्रतिभा और योग्यता पर संदेह न करें। कला और साहित्य आदि में विशेष रुचि लेंगे। धैर्य और संयम से कार्य करें। किसी निकटस्थ व्यक्ति के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मीन** आज विवादास्पद मामलों से दूर रहने में ही उत्तम है। किसी को धन उधार न दें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपके आसपास कई तरह की चीजें बदल रही हैं जिसके कारण उचित निर्णय लेने में कठिनाई होगी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10 .00
कर्तव्य — रात : 07 .00

**SONY MAX**
कोई जाने ना — सुबह : 09 .00
नहले पे दहला — रात : 09 .00

**SONY PIX**
एनाकोंडा — सुबह : 10 .17
मॉन्स्टर हंटर — रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
बादल — सुबह : 10 .30
लव शुदा — रात : 07 .30

**colors CINEPLEX**
तो बात पक्की — सुबह : 11 .04
हीरोज — रात : 09 .48

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर सुबह-10 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो,जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1835, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1685, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1390, सचिन 1435, सूरज 1415, अवसर 1535, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1430, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1580, चक्र टिन 1650, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800 **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**–डालमियां 4000, पीलीभीत 3970, नवाबगंज 3960, बहेड़ी (नई) 3970 रुपये।

# पुरानी कर मांगों को वापस लेने के मामले में प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा तय

## सरकार के अंतरिम बजट में की गई घोषणा के तहत आयकर विभाग ने किया निर्धारित

नई दिल्ली, एजेंसी

आयकर विभाग ने छोटी कर मांगों को वापस लेने को लेकर बजट में की गई घोषणा के तहत प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा निर्धारित की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिए अपने अंतरिम बजट भाषण में आकलन वर्ष 2010-11 तक 25,000 रुपये और आकलन वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक 10,000 रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने की घोषणा की। इसमें शामिल कुल कर मांग करीब 3,500 करोड़ रुपये है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 2024-25 के अंतरिम बजट में की गई घोषणा को अमल में लाने के लिए यह आदेश जारी किया। सीबीडीटी ने आदेश में कहा है कि 31 जनवरी, 2024 तक आयकर, संपत्ति कर और उपहार कर से संबंधित ऐसी बकाया कर मांगों को माफ करने को लेकर प्रति करदाता के लिए एक लाख रुपये की अधिकतम सीमा तय की गयी है। एक लाख रुपये की सीमा में कर मांग की मूल राशि, ब्याज, जुर्माना या शुल्क, उपकर, अधिभार शामिल है। हालांकि, आयकर अधिनियम के टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) या टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) प्रावधानों के तहत कर कटौती करने वालों कर संग्राहकों के खिलाफ की गयी मांगों पर यह छूट लागू नहीं होगी। नांगिया एंडरसन इंडिया के भागीदार मनीष बावा ने कहा कि निर्देश यह स्पष्ट करता है कि यह छूट करदाताओं को 'क्रेडिट' या 'रिफंड' के किसी भी दावे का अधिकार नहीं देता है।

### नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद: पीयूष गोयल



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भरोसा जताया कि मुद्रास्फीति के काबू में आने के साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नीतिगत दर में कटौती करेगा। नीतिगत दर रेपो फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। आरबीआई महंगाई को काबू में लाने के लिए रेपो दर का उपयोग करता है। गोयल ने कहा कि देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और महंगाई नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि भारत में 10 साल की औसत महंगाई दर करीब 5 से 5.5 प्रतिशत रही है। यह सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला दशक था और इसके कारण, ब्याज दर में उल्लेखनीय रूप से कमी आई और केंद्रीय बैंक मजबूत हुआ तथा अब वह ब्याज दर को नीचे लाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा–बेशक पिछले डेढ़ साल में, यूक्रेन-संकट के बाद, ब्याज दर में फिर से 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन अब जब मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में है, मुझे उम्मीद है कि ब्याज दर की स्थिति पलटेगी।

## राजाध्यक्ष ने 16वें वित्त आयोग की सदस्यता पर असमर्थता जताई

**नई दिल्ली।** 16वें वित्त आयोग का सदस्य बनाए गए 'अर्थ ग्लोबल' के कार्यकारी निदेशक निरंजन राजाध्यक्ष ने निजी कारणों से इसके लिए असमर्थता जताई है। मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने 31 जनवरी को 16वें वित्त आयोग के गठन की अधिसूचना जारी करते हुए अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोग के चार सदस्यों की नियुक्ति की थी। इसमें राजाध्यक्ष के अलावा पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा और सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू को आयोग के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया था। वहीं एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष को अंशकालिक सदस्य नामित किया गया। मंत्रालय ने कहा-राजाध्यक्ष ने अप्रत्याशित व्यक्तिगत परिस्थितियों की वजह से यह जिम्मेदारी संभालने में असमर्थता जताई है।

# अब एआई-जनित गलत सूचना से निपटना हो जाएगा आसान

नई दिल्ली, एजेंसी

- मार्च तक जनता के लिए शुरू होगी हेल्पलाइन
- डीपफेक से बचाने के लिए एमसीए, मेटा ने की साझेदारी



मिसइनफॉर्मेशन कॉम्बैट अलायंस (एमसीए) और मेटा ने व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इसका मकसद डीपफेक और एआई-जनित भ्रामक सामग्रियों से निपटना है। यह सेवा मार्च, 2024 में जनता के लिए उपलब्ध होगी। डीपफेक पर नकेल कसने का संकल्प ऐसे समय में आया है जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र आम चुनाव की तैयारी कर रहा है। इस साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं।

एक बयान के अनुसार, ''एमसीए और मेटा कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करके बनाई गई सामग्री से निपटने के प्रयास के तहत व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन शुरू करने पर काम कर रहे हैं। कृत्रिम मेधा (एआई) से बनी सामग्री सार्वजनिक हित के मामलों में लोगों को धोखा दे सकती है। ऐसी सामग्री को आमतौर पर डीपफेक कहा जाता है। इस सेवा का मकसद लोगों को सत्यापित और विश्वसनीय जानकारी से जुड़ने में सहायता करना है।'' बयान के मुताबिक, यह सेवा मार्च, 2024 से उपलब्ध होगी। एमसीए व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाले सभी 'इनबाउंड' संदेशों को प्रबंधित करने के लिए एक 'डीपफेक विश्लेषण इकाई' स्थापित करेगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,500-47,700 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,300 |
| चांदी तैयार | 73,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 724 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,100। |

# बुजुर्गों के लिए अनिवार्य बचत आवास योजनाओं की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट की वकालत

नीति आयोग ने बुजुर्गों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कर सुधारों, अनिवार्य बचत और आवास योजनाओं की वकालत की है। आयोग के मुताबिक, 2050 तक देश की आबादी में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 19.5 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल विकसित किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया-चूंकि भारत में सामाजिक सुरक्षा ढांचा सीमित है, इसलिए अधिकांश वरिष्ठ नागरिक अपनी बचत से मिलने वाली आय पर निर्भर रहते हैं। ब्याज दरों में कमी होने की स्थिति में उनकी आय में कमी आती है। कभी-कभी यह आजीविका से भी कम हो जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसलिए वरिष्ठ नागरिक जमा पर मिलने वाले ब्याज के लिए एक न्यूनतम दर तय करने को नियामकीय व्यवस्था की जरूरत है। नीति आयोगी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में इस समय बुजुर्गों की आबादी कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत से कुछ अधिक है।

## चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष में 2.48 प्रतिशत घट गया

**नई दिल्ली।** देश का चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 फरवरी तक 2.48 प्रतिशत घटकर 2.236 करोड़ टन रह गया। एक साल पहले समान अवधि में यह 2.293 करोड़ टन था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। उद्योग संगठन भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर 3.305 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष में 3.662 करोड़ टन था। इस्मा के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और तमिलनाडु में चीनी उत्पादन कम रहा।

# हैकिंग अलर्ट पर एप्पल का जवाब साफ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर बोले-कंपनी से पूछे गए थे सवाल



सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को आईफोन विनिर्माता एप्पल की तरफ से पांच महीने पहले भेजे गए हैकिंग संबंधी अलर्ट पर अभी भी कंपनी की तरफ से स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रही है। एप्पल ने इस संदेश में विपक्षी नेताओं को आगाह किया था कि कथित तौर पर सरकार-समर्थित हैकर उनके फोन की हैकिंग के प्रयास कर रहे हैं। इस पर सरकार की तरफ से एप्पल से कुछ स्पष्टीकरण मांगा गया था।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार ने एप्पल से दो सवाल पूछे हैं। पहला सवाल उनके उपकरणों के सुरक्षित होने से संबंधित है जबकि दूसरा सवाल विपक्षी सदस्यों को अलर्ट भेजने की वजह से जुड़ा है। चंद्रशेखर ने कहा, "मेरी राय में यह ऐसी बात नहीं है जिसे कोई भी मंच कमजोरियां होने पर भी पूरी तरह से स्वीकार करेगा। किसी भी मंच में इस बात से इनकार करने की प्रवृत्ति होती है कि उनके सुरक्षा कवच को भेदा जा सकता है। चंद्रशेखर ने कहा-हम कंपनी से एक स्पष्ट सवाल पूछ रहे हैं कि क्या आपका फोन असुरक्षित है? इसका जवाब पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। अक्टूबर में विपक्षी दलों के कई नेताओं ने दावा किया था कि उन्हें एप्पल से एक अलर्ट मिला है जिसमें राज्य-प्रायोजित हमलावरों द्वारा उनके आईफोन को दूर से ही नियंत्रित करने की कोशिश और सरकार की तरफ से कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई। अलर्ट पाने वाले नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, शशि थरूर, पवन खेड़ा, के सी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत आदि शामिल हैं।

## राष्ट्रीय

# आवाज दबा रही सरकार, राष्ट्रपति शासन लागू हो

## संदेशखालि में महिलाओं की आपबीती सुनकर एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने की मांग

कोलकाता, एजेंसी



राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर संदेशखालि में महिलाओं की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया कि आयोग ''भाजपा के प्रभाव'' में काम कर रहा है। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा कथित अत्याचार को लेकर विरोध-प्रदर्शन हुए थे।

शर्मा ने फोन पर बताया-इलाके की महिलाओं से बात करने के बाद, मुझे पता चला कि संदेशखालि में स्थिति भयानक है। कई महिलाओं ने अपनी आपबीती सुनाई। उनमें से एक ने कहा कि यहां टीएमसी पार्टी कार्यालय के अंदर उसके साथ बलात्कार किया गया था। हम अपनी रिपोर्ट में इसका भी उल्लेख करेंगे। हमारी मांग है कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। भाजपा के प्रभाव में काम करने के टीएमसी के आरोपों से जुड़े सवाल पर शर्मा ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। शर्मा ने कहा-उन्हें जो कहना है उन्हें कहने दीजिए, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिन में हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा किया। रेखा ने कहा कि उनका दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए था, ताकि उनमें से कई महिलाएं बाहर आएं और अपने मन की बात कहना शुरू करें। रेखा शर्मा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, ताकि सच बाहर न आ सके।

### जांच संबंधी याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल के संदेशखालि गांव में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही मामले पर संज्ञान ले लिया है। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता देते हुए कहा-दोहरे मंच पर मामले नहीं होने चाहिए। सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता-वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई हैं, जहां कई महिलाओं ने दावा किया है कि उनके साथ बलात्कार हुआ है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने भी कथित घटनाओं का संज्ञान लिया है।

## कोटा में अवसाद में चल रहे बीटेक छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा (राजस्थान)।** पिछले तीन साल से अवसाद का इलाज करा रहे एक बीटेक छात्र ने यहां आंबेडकर नगर में अपने घर में कथित तौर पर फांसी लगा ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, युवक ने अलवर में तैनात अपने इंजीनियर पिता को रविवार को फोन करके आत्महत्या करने के अपने इरादे के बारे बताया, जिसके बाद उन्होंने पड़ोसियों से अपने बेटे को जाकर देखने के लिए कहा। पुलिस ने बताया कि मामला शाम को तब सामने आया, जब छात्र के पिता घर पहुंचे। कुन्हारी पुलिस थाने के उप निरीक्षक राजाराम ने कहा कि 23 वर्षीय युवक पिछले तीन साल से अवसाद का इलाज करा रहा था और उसने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था। पुलिस ने सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने पर चर्चा के लिए सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

- एचपीसी की बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने दी जानकारी

केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करने और काफी ऊंचाई पर स्थित इस केंद्रशासित प्रदेश के लिए एक विशेष लोक सेवा आयोग गठित करने की मांगों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया।

लद्दाख के विभिन्न संगठनों का प्रतिनिधित्व कर रहे शीर्ष निकाय लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की अध्यक्षता में लद्दाख के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक में यह सहमति बनी। एबीएल और केडीए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि, बैठक में हमारी मुख्य मांगों पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया जिनमें लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करना और 24 फरवरी को लद्दाख के लिए विशेष लोक सेवा आयोग के गठन की मांग शामिल है। लद्दाख के दोनों संगठनों ने इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम के मद्देनजर मंगलवार से भूख हड़ताल करने की अपनी योजना को फिलहाल रद करने का फैसला किया। बैठक में मांगों पर विचार करने की कवायद को आगे बढ़ाने के लिए एक संयुक्त उप-समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। बयान में कहा गया कि तदनुसार हमने कुछ सदस्यों के साथ उप-समिति का भी गठन किया है जिनमें कई लोग शामिल हैं।

## राजस्थान में कांग्रेस विधायक मालवीया भाजपा में शामिल

**जयपुर।** राजस्थान में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं चार बार के विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीया सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। बाद में उन्होंने विधानसभा सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने कहा कि वह विकास के मुद्दे को लेकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। इस बीच, कांग्रेस ने कहा है कि मालवीया के जाने से उसे कोई नुकसान नहीं होगा तथा इलाके में नया नेतृत्व तैयार होने से वह और मजबूत होगी। कांग्रेस ने यह भी कहा कि मालवीया के खिलाफ विधानसभा चुनाव में इलाके में पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के खिलाफ काम करने की शिकायतें थीं।

## एक नजर

### पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल घायल

**पणजी।** दक्षिण गोवा के एक गांव में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के बाद पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल देसाई घायल हो गए। कुछ लोगों द्वारा मराठा सम्राट की मूर्ति स्थापित करने के बाद रविवार को मडगांव शहर के पास साओ जोस डी एरियाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मूर्ति स्थापित करने पर एक अन्य समूह ने आपत्ति जताई थी। आज मराठा सम्राट की 394वीं जयंती है और इसे मनाने के लिए राज्य भर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। पथराव दोपहर में तब हुआ जब मंत्री प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अपनी कार में बैठ रहे थे।

### लद्दाख के करगिल में 5.2 तीव्रता का भूकंप

**कारगिल (लद्दाख)।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के करगिल जिले में सोमवार रात 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, इससे किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप रात नौ बजकर 21 मिनट पर आया और इसका केंद्र करगिल से 148 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था।

# कमलनाथ कहीं नहीं जा रहे, नकुल कांग्रेस के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी सज्जन वर्मा ने अटकलों को किया खारिज



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कमलनाथ के पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे तथा उनके पुत्र नकुल नाथ कांग्रेस के टिकट पर ही चुनाव लड़ेंगे। कमलनाथ के दिल्ली स्थित आवास पर उनसे मुलाकात के बाद वर्मा ने यह टिप्पणी की।

वर्मा के मुताबिक, उनकी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ विस्तृत चर्चा हुई और कमलनाथ ने उन्हें बताया कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की मध्य प्रदेश में सफलता सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही भोपाल में एक बैठक करेंगे। यह यात्रा मार्च महीने की शुरुआत में मध्य प्रदेश में दाखिल होगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा-उन्होंने (कमलनाथ) मुझसे कहा कि मैं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रभारियों को बुलाऊंगा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करूंगा। मैंने उनके बारे में मीडिया की अटकलों के बारे में पूछा जिस पर उन्होंने कहा कि मैं क्यों एक काल्पनिक प्रश्न का उत्तर दूं।

वर्मा के मुताबिक कमलनाथ ने उनसे कहा-मुझे नहीं लगता कि मुझे ऐसे काल्पनिक सवालों का जवाब देने की जरूरत है। मैंने किसी भी मीडियाकर्मी को यह नहीं बताया कि मैं (कांग्रेस) छोड़ रहा हूं या भाजपा के साथ समझौता कर रहा हूं...मुझे काल्पनिक प्रश्न का उत्तर क्यों देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमलनाथ के कांग्रेस छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता और वह कहीं नहीं जा रहे। वर्मा ने कहा कि यह सोचना ही व्यर्थ है कि जिस व्यक्ति ने इंदिरा जी, राजीव जी और संजय जी के साथ काम किया है, जिन्हें इंदिरा (गांधी) का तीसरा बेटा कहा जाता है, वह पार्टी छोड़ देंगे। जिस व्यक्ति ने कांग्रेस में 40 साल बिताए हैं, वह कहीं भी कैसे जा सकते हैं?

# दिल्ली विस से निलंबित 7 भाजपा विधायक पहुंचे हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान व्यवधान डालने के आरोप में किया गया था निलंबित

भाजपा के सात विधायकों ने उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान व्यवधान डालने के आरोप में दिल्ली विधानसभा से अपने अनिश्चितकालीन निलंबन को सोमवार को उच्च न्यायालय में चुनौती दी।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने निलंबित विधायक मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओपी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल बाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता को अंतरिम राहत दी जाए या नहीं, इसपर सुनवाई करने के लिए मामले को 20 फरवरी को सूचीबद्ध किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील जयंत मेहता ने कहा कि विशेषाधिकार समिति के समक्ष कार्यवाही समाप्त होने तक उनका अनिश्चितकालीन निलंबन नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने अदालत से गुजारिश की कि इन विधायकों सत्र की कार्यवाही में हिस्सा की अनुमति दी जाए।

## पवार गुट अगले आदेश तक राकांपा शरदचंद्र पवार नाम का इस्तेमाल कर सकता : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शरद पवार के गुट को पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' देने का निर्वाचन आयोग का सात फरवरी का फैसला अगले आदेश तक जारी रहेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आयोग के सात फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार की याचिका पर अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जवाब मांगा है।

## सिद्धारमैया, अन्य के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2022 में कर्नाटक में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और अन्य के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने मामले में कर्नाटक सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया और सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव व कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, राज्य के मंत्रियों एम.बी. पाटिल और रामलिंगा रेड्डी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश पर भी रोक लगा दी जिसमें उन पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

# मतपत्र, मतगणना की वीडियो आज पेश करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

**चंडीगढ़ महापौर चुनाव**

- उच्चतम न्यायालय ने रिकॉर्ड लाने के लिए न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का दिया आदेश



उच्चतम न्यायालय ने खरीद-फरोख्त होने का जिक्र करते हुए कहा है कि वह मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के मतपत्रों और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो-रिकॉर्डिंग का अवलोकन करेगा। न्यायालय ने कहा कि नए सिरे से मतदान का आदेश देने के बजाय, वह पहले ही डाले गए वोटों के आधार पर नतीजे घोषित करने पर विचार कर सकता है। अदालत ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से दिल्ली लाने के लिए एक न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया।

भाजपा ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठबंधन के खिलाफ जीत हासिल की। महापौर पद के लिए भाजपा के मनोज सोनकर ने आप के कुलदीप कुमार को हराया, उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वी के 12 के मुकाबले 16 वोट मिले। आठ वोट अवैध घोषित किए गए। निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह पर आठ मतों को विरूपित करने का आरोप लगा है। पांच फरवरी को सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने महापौर चुनाव कराने वाले निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने मतपत्रों को विरूपित किया है और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

### चुनाव अधिकारी ने मतपत्रों पर लगाए निशान मुकदमा चलाया जाना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चंडीगढ़ के महापौर के 30 जनवरी को हुए चुनाव में मतपत्रों पर अवैध रूप से निशान लगाना एक बेहद गंभीर मामला है और इसके लिए पीठासीन चुनाव अधिकारी अनिल मसीह पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मामले में पंजाब सरकार की उस याचिका को भी अनुमति देने का संकेत दिया, जिसमें बदली हुई परिस्थितियों के मद्देनजर नए सिरे से मतदान के बजाय वोटों की दुबारा गिनती की अनुमति देने की गुहार लगाई गई थी। पीठ ने पिछले माह 30 जनवरी को हुई वोटों की गिनती के दौरान चुनाव अधिकारी द्वारा मतपत्रों पर निशान लगाने के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि चुनावी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करना सबसे गंभीर बात है और इसके लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

# रोज 500 गेंद खेल स्पिन पर सरफराज ने बनाई पकड़

## पिता के मार्गदर्शन में 15 साल तक की कड़ी मेहनत, राजकोट टेस्ट में दो अर्धशतक जड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के आई काम
- मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की गेंद खेलते थे



सरफराज खान का अपने पदार्पण टेस्ट में इंग्लैंड के स्पिनरों के खिलाफ दबदबा बनाना संयोग नहीं है बल्कि यह अपने पिता नौशाद खान के मार्गदर्शन में 15 साल तक हर दिन 500 गेंद खेलने की कड़ी मेहनत का नतीजा है।

सरफराज ने राजकोट में अपने पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जड़कर दिखा दिया कि भारतीय टीम में उनका भविष्य उज्ज्वल है। इस क्रिकेटर को अपने पिता के 'माचो क्रिकेट क्लब' में कौशल निखारने और घरेलू क्रिकेट में वर्षों तक ढेरों रन बनाने के बाद पदार्पण का मौका मिला। कुछ वर्षों की कड़ी मेहनत और व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के काफी काम आई। उन्होंने विशेष रूप से कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान कड़ी मेहनत की। मुंबई के सरफराज की प्रगति को करीब से देखने वाले कोच ने कहा, मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की 500 गेंद खेलने से ऐसा हो पाया।

उन्होंने कहा कि (कोविड) लॉकडाउन के दौरान उसने कार से 1600 किमी की यात्रा की। मुंबई से अमरोहा, मुरादाबाद, मेरठ, कानपुर, मथुरा और देहरादून। उसने यात्रा की और ऐसी जगहों पर खेला जहां गेंद बहुत अधिक टर्न करती है, कुछ गेंद काफी उछाल लेती हैं और कुछ नीची रहती हैं। स्पिनरों के खिलाफ आसानी से कदमों का इस्तेमाल करने वाले सरफराज ने अपने कौशल को निखारने के लिए कड़ी मेहनत की है। सरफराज को तैयार करने का श्रेय हालांकि सिर्फ नौशाद को नहीं जाता।

भुवनेश्वर कुमार के कोच संजय रस्तोगी, मोहम्मद शमी के कोच बदरूद्दीन शेख, कुलदीप यादव के कोच कपिल देव पांडे, गौतम गंभीर के कोच संजय भारद्वाज और भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के पिता आरपी ईश्वरन ने भी सरफराज को निखारने में कुछ ना कुछ योगदान दिया है। इन सभी ने स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के नेट सत्र का आयोजन किया विशेषकर लॉकडाउन के दौरान। कपिल पांडे ने बताया, लॉकडाउन के दौरान नौशाद ने मुझे फोन किया क्योंकि हम दोनों आजमगढ़ के हैं और जब मैं भारतीय नौसेना का कर्मचारी था तो मुंबई में हमने क्लब क्रिकेट खेला है। इसलिए जब वह चाहता था कि उसके बेटे को अभ्यास का मौका मिले तो मुझे लगा कि यह मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान सरफराज ने हमारी कानपुर अकादमी में कुलदीप का सामना किया। उन्होंने एक साथ काफी नेट सत्र किए।

# पूर्व कप्तानों ने 'बैजबॉल' को बनाया निशाना

लंदन, एजेंसी



- नासिर और माइकल ने कहा-मेहमान टीम को मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत

इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वान ने भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में 'बैजबॉल' (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये की आलोचना करते हुए कहा है कि मेहमान टीम को हमेशा आक्रामक होकर खेलने की रणनीति की जगह मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत है। भारत ने रविवार को राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से हराकर टेस्ट क्रिकेट में रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत के 557 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 122 रन पर ढेर हो गई। मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही है। अंतिम दो टेस्ट रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे। वॉन ने कहा, यह स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति को उजागर किया। वे हर मौके पर आक्रामक नहीं हो सकते, उन्हें अपने लम्हों को चुनना होगा। हुसैन भी वॉन से सहमत दिखे।

हुसैन ने कहा, बैजबॉल आक्रामक होने के बारे में है लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है। इसके विपरीत अब तक श्रृंखला में दो दोहरे शतक लगाने वाले भारत के यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल और पदार्पण कर रहे सरफराज खान ने राजकोट में परिपक्व पारियां खेलीं और शॉट खेलने से पहले क्रीज पर समय बिताया। वॉन ने कहा कि उन्हें यह देखने की जरूरत है कि तीसरे दिन जायसवाल और शुभमन गिल ने कैसा प्रदर्शन किया। उन्होंने 30 या 40 गेंदों तक दबाव झेला और फिर उन्होंने बाउंड्री लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि टेस्ट बल्लेबाजी यही है। भारत ने 228.5 ओवर में 875 रन बनाए। कोई भी मुझे यह नहीं कह सकता कि भारत को यहां बल्लेबाजी करते देखना उबाऊ था। हैदराबाद में सीरीज का शुरुआती मैच जीतने के बाद से इंग्लैंड के लिए चीजें खराब होती गईं। मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले जिससे मेजबान टीम को फायदा मिला।

## खेल डायरी

### घरेलू क्रिकेट के 5 खिलाड़ियों ने कहा अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले पांच दिग्गज खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी के इस सत्र के समापन के साथ ही खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है। इन खिलाड़ियों में बंगाल के दिग्गज मनोज तिवारी, झारखंड के बल्लेबाज सौरभ तिवारी और तेज गेंदबाज वरुण आरोन, मुंबई के धवल कुलकर्णी और विदर्भ के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान फैज फजल हैं। इन खिलाड़ियों ने संन्यास लेने के अलग-अलग कारण बताए हैं जिनमें इंडियन प्रीमियर लीग का अनुबंध नहीं होना तथा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त होना है। इन कारणों से ये खिलाड़ी दूसरे काम या फिर राजनीति से जुड़ना चाहते हैं। आरोन, मनोज और फजल ने उसी मैदान पर अपने करियर को अलविदा कहा जिसमें उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। इन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट में निश्चित तौर पर कमी खलेगी। बंगाल के मनोज तिवारी ने सोमवार को बिहार के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाकर अलविदा कहा।

### केकेआर ने किया दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के विकल्प के तौर पर सोमवार को श्रीलंका के दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल किया। आईपीएल आयोजकों ने बयान में कहा कि चमीरा 50 लाख की आधार कीमत पर केकेआर से जुड़े हैं। श्रीलंका का यह तेज गेंदबाज 2018 और 2021 सत्र में क्रमश: राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का हिस्सा रह चुका है। चमीरा ने 2022 सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स का प्रतिनिधित्व किया और 12 मैच में नौ विकेट चटकाए।

### बायर्न म्यूनिख की तीसरी हार, बोकुम ने हराया

बर्लिन, एजेंसी। बायर्न म्यूनिख को रविवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा जब बोकुम ने बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 11 बार के गत चैंपियन को 3-2 से हराया। इस हार के बाद बायर्न म्यूनिख की टीम शीर्ष पर चल रहे बायर्न लीवरकुसेन से आठ अंक पीछे है जबकि 12 दौर का खेल बाकी है। बायर्न म्यूनिख को पिछले सप्ताहांत लीवरकुसेन में 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी जबकि चैंपियन्स लीग में लाजियो ने भी उसे हराया। इस प्रदर्शन के बाद कोच के रूप में थामस टचेल के भविष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।



### रीयाल मैड्रिड को रेयो वालेकानो ने बराबरी पर रोका

मैड्रिड, एजेंसी। रीयाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में रेयो वालेकानो ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया जबकि अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया ने अनचाहा रिकॉर्ड बनाया जब वह ला लीगा में 28 मैच जीतने में नाकाम रहने वाली पहली टीम बना। अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से 1-1 से ड्रॉ खेला। टीम मौजूदा सत्र में 25वां मैच जीतने में नाकाम रही जबकि पिछले सत्र में भी अपने अंतिम तीन मुकाबले नहीं जीत पाई थी। रीयाल मैड्रिड को जोसेलु ने तीसरे ही मिनट में बढ़त दिला दी थी लेकिन मेजबान टीम ने 27वें मिनट में पेनल्टी पर राल डि टॉम्स के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की। दोनों टीम ने इसके बाद गोल करने में कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ से मैड्रिड की दूसरे स्थान पर गिरोना पर बढ़त छह अंक की रह गई है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 अंक हैं। गिरोना की टीम सोमवार को पांचवें स्थान पर चल रहे एथलेटिक बिलबाओ से खेलेगी। गिरोना के 24 मैच में 56 अंक हैं। बार्सीलोना 54 अंक के साथ तीसरे जबकि एटलेटिको मैड्रिड 51 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। अन्य मुकाबलों में छठे स्थान पर चल रहे रीयाल सोसीदाद ने मालोर्का को 2-1 से हराया जबकि सातवें स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस को 12वें स्थान पर चल रहे अलावेस ने गोल रहित बराकरी पर रोका।

# बुमराह को रांची टेस्ट में मिल सकता है विश्राम, राहुल की वापसी संभव

## पांच मैचों की श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह ने 80.5 ओवर फेंके और 17 विकेट

राजकोट, एजेंसी



भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच से विश्राम मिल सकता है जबकि 'क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियों)' चोट से उबर कर लोकेश राहल टीम में वापसी कर सकते हैं। पांच मैचों की इस श्रृंखला में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 3 मैचों में 17 विकेट है। उन्होंने विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलाई थी। भारत इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा कि टीम कल रांची के लिए रवाना होगी और बुमराह को विश्राम मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राहुल पूर्ण फिटनेस हासिल करने के करीब है और उनके टीम में शामिल होने की संभावना है। बुमराह को आराम देने का फैसला चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि पहले 3 टेस्ट मैचों में उन्होंने 80.5 ओवर गेंदबाजी की है। गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के तौर पर भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया था। उन्होंने राजकोट टेस्ट में टीम में वापसी की थी। सिराज ने इस टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटके थे। भारतीय टीम ने इस मैच को 434 रन से अपने नाम किया था। भारतीय टीम रांची में श्रृंखला जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो घरेलू टीम को 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी। राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। पिछले सप्ताह उन्होंने 90 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली थी। वह मैच फिटनेस हासिल करने के करीब है। उन्हें रांची टेस्ट के लिए उपलब्ध होना चाहिए। श्रृंखला के पहले मैच में राहुल भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे। वह इसके बाद चोट के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सके।


### हम रांची में जीतने के इरादे से उतरेंगे : बेन स्टोक्स



राजकोट। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम जल्द तीसरे टेस्ट मैच में मिली हार के सदमे से उबरते हुए रांची में चौथे मैच को जीतने के इरादे से उतरेगी। स्टोक्स ने हो रही आलोचनाओं पर कहा कि हमें हार की हताशा को छोड़कर आगे बढ़ना होगा। स्टोक्स भी पहली पारी में रवींद्र जाडेजा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में 41 के निजी स्कोर पर आउट हो गए थे। स्टोक्स ने कहा कि हर किसी के पास किसी चीज को लेकर अपनी राय है लेकिन वास्तव में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के विचार ही हमारे लिए मायने रखते हैं। हमें पता है कि नतीजा हमेशा आपके पक्ष में नहीं आता लेकिन अभी भी हमारे पास इस श्रृंखला को 3-2 से जीतने का मौका है। हम अगले मैच की ओर बढ़ने से पहले इस हार की हताशा को यहीं छोड़ देंगे।

# नए खिलाड़ियों ने दिखाया कि अनुभव सब कुछ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- श्रृंखला में यशस्वी ने दो दोहरे शतक जड़कर खुद को आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर किया स्थापित

इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारत की हार के बाद टीम की बल्लेबाजी पर सवाल उठे थे लेकिन दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में टीम के युवा बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली है।

श्रृंखला के दौरान यशस्वी जायसवाल ने खुद को आक्रामक सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित किया और लगातार दो दोहरे शतक जड़कर इस खिलाड़ी ने साबित किया कि वह लंबी रेस का घोड़ा हैं। जायसवाल के खेल में रनों की भूख दिखती है। राजकोट में उन्होंने धैर्य से बल्लेबाजी की और क्रीज पर समय बिताने के बाद बेखौफ बड़े शॉट लगाए। अनुभवी जेम्स एंडरसन के खिलाफ 3 छक्के उनके आत्मविश्वास की कहानी बयां करते हैं। उन्होंने दिखाया कि वह जरूरत के मुताबिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों शैली में खेल सकते है। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने भी अपने खेल से प्रभावित किया। सरफराज ने दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ा तो जुरेल ने पहली पारी में 46 रन बनाकर बेहतर बल्लेबाजी का सबूत दिया।

जुरेल को हालांकि स्पिनरों की पिचों पर विकेटकीपिंग कौशल को थोड़ा और निखारने पर काम करना होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इन तीनों युवा खिलाड़ियों से प्रभावित दिखे। उन्होंने इनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, ये आजकल के बच्चे। लंबे समय से राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे सरफराज को विराट कोहली और लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में जब मौका मिला तो उन्होंने अपनी पारी की पहली ही गेंद से पूरा आत्मविश्वास दिखाया।

# भारतीय महिलाओं ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुष टीम हारी

बुसान, एजेंसी

### विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप



भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को उज्बेकिस्तान को हराया लेकिन पुरुष टीम को मेजबान द. कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई। अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को हराया। दिया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को हराकर भारत की जीत की।

# छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश का रणजी मुकाबला ड्रा

- कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के बीच इकाना स्टेडियम में खेला गया रणजी मुकाबला सोमवार को ड्रा हो गया। मैच के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के प्रियम गर्ग ने नाबाद शतकीय पारी खेली। आखिरी दिन यूपी को जीत के लिए 376 रन का लक्ष्य मिला। चाय के समय तक टीम ने तीन विकेट खोकर 201 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। बाद में दोनों टीमों के कप्तानों की सहमति से मुकाबले को ड्रॉ घोषित किया गया। मुकाबले में पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर छत्तीसगढ़ ने तीन अंक अर्जित किए, जबकि उत्तर प्रदेश को महज एक अंक से संतोष करना पड़ा। अंकों से अब दोनों टीमों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। दोनों ही टीमें पहले ही नॉकआउट राउंड से पहले ही बाहर हो चुकी हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने आज पांच विकेट खोकर 124 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने करीब 45 मिनट बल्लेबाजी की और आठ विकेट पर 199 रन पर पारी घोषित कर दी। अजय ने 51 रनों की नाबाद पारी खेली। उत्तर प्रदेश से शिवम शर्मा ने 34 पर तीन और सौरभ कुमार ने 72 पर दो विकेट चटकाए। दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश को 72 ओवर में 376 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश टीम को पहला झटका 44 रन पर लगा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी 14 रन पर आउट हो गए। उन्होंने जीवेश की गेंद पर अनुज तिवारी को आसान कैच थमा दिया। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने उतरे शिवम ने प्रियम गर्ग के साथ पारी को संभला। लेकिन शिवम शर्मा ज्यादा देर नहीं टिक सके। उन्हें रिटायर हर्ट करार दिया गया। कप्तान नितीश राणा 20 और करन शर्मा 10 रन बनाकर आउट हो गए।



शतकीय पारी खेलने वाले प्रियम।

## बॉलीवुड हलचल

### बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक जारी



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' के टाइटल ट्रैक को अनिरुद्ध रविचंदर और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। वहीं, गाने के लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे है, जबकि विशाल मिश्रा ने इसे कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ शामिल हैं। बड़े मियां छोटे मियां ईद के मौके पर इस वर्ष रिलीज की जाएगी।

### अरविंद और पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत गाना करेजा करीना नियन को अरविंद अकेला कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है। गाना करेजा करीना नियन को लेकर कल्लू ने कहा कि यह गाना भोजपुरी के तमाम लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेगा इसमें वह पूरी क्षमता है। गाने का निर्माण भव्य पैमाने पर हुआ है, जो किसी को भी अपना दीवाना बना लेने वाला है। शिल्पी राज एक बेहतरीन सिंगर है और पारुल ठाकुर उतनी ही बेहतरीन अभिनेत्री है। दोनों के साथ मिलकर हमने एक मजेदार गाना बनाया है। उम्मीद करता हूं कि सभी को पसंद आयेगा और आप खूब आशीर्वाद से नवाजेंगे साथ ही इस गाने को चार्टबस्टर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी गाने अपने दर्शकों के लिए बनाते हैं और यह गाना भी उन्हीं को समर्पित है। अक्सर लड़कियों की ख्वाहिश आम जिंदगी में बॉलीवुड स्टार जैसे दिखने की होती है।

### माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज



मुंबई, एजेंसी। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज हो गया है। 'रंग डाला रंगदार' होली सांग वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में गोल्डी यादव के साथ माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को होली में रंग गुलाल लगाने की हिदायत दे रही है और उसे होली खेलने का ऑफर भी कर रही है। गाने की वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को ऑफर देते हुए कहती है कि... रंग छोटा लगाइएगा गाल को कवर मत करिएगा लेकिन दिल से मोहब्बत को जता के जाईएगा। इस बात को माही श्रीवास्तव शानदार ठुमका लगाते हुए रंग से सराबोर और सखी सहेलियां के साथ नाचते, गाते हुए कहती है कि... 'होली में तोहरा के देत बानी ऑफर, छोटा लगाइहा गाल करब ना काभर, दिल के मोहब्बत तू जता के जइहा हो, ये इयार रंगदार रंग लगा के जइहा हो...' इस गाने को लेकर निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि फागुन का महीन अब बस शुरू होने ही वाला है। जिसमे हर तरफ रंग और गुलाल उड़ता हुआ नजर आएगा। ऐसे में लोगों को फागुन के गीत सुनना बहुत पसंद आते हैं इसी त्योहार को ध्यान में रखते हुए हमने होली के गीत रिलीज करने शुरू कर दिए हैं जिससे दर्शकों की होली इस बार और भी रंगीन हो जाए। गाने को दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जो दर्शकों को अभी से पसंद भी आ रहा है। वही माही श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे गाने में काम करके बहुत मजा आया है क्योंकि होली मेरा फेवरेट त्योहार है। इस गाने में मैंने होली आने से पहले ही होली का आनंद ले लिए। वन में सभी एक दूसरे को रंग लगा रहे हैं। गाना परफॉर्म करते समय पता ही नहीं चला कि हम शूट पर हैं।

### छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाएंगे रितेश देशमुख



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रितेश देशमुख, छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। रितेश देशमुख फिल्म 'राजा शिवाजी' का निर्देशन करने जा रहे हैं, जबकि जेनेलिया देशमुख, ज्योति देशपांडे फिल्म की प्रोड्यूसर हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया गया है। रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म 'राजा शिवाजी' की अनाउंसमेंट की। साथ ही कैप्शन में मराठी में लिखा गया है, इतिहास के गर्भ में एक ऐसी शख्सियत ने जन्म लिया जिसका अस्तित्व नश्वरता से भी आगे निकल गया। एक छवि, एक किंवदंती, जो ज्वलंत प्रेरणा की एक शाश्वत भट्टी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज.. सिर्फ एक ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं हैं। ये साढ़े तीन सौ साल की एक अनुभूति है, असाधारण वीरता की एक चिंगारी है.. हर किसी के दिल में उगता हुआ आशा का एक महान सूरज है। शिव राय की महागाथा को बड़े पर्दे पर जीवंत करना हमारी प्रबल महत्वाकांक्षा थी। एक शानदार बेटे की महाकाव्य यात्रा जिसने एक विशाल शक्ति को उखाड़ फेंका और स्वराज्य की लौ जलाई. एक योद्धा, जहां बहादुरी की कोई सीमा नहीं होती. जिन्होंने ज़मीन पर नहीं बल्कि रैयतों के दिमाग पर शासन किया...और इसलिए सभी के मुखी का नाम...'राजा शिवाजी।


### निरहुआ-आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पूर्वांचल वेब सीरीज का निर्माण यशी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से हुआ है। यह फिल्म 21 फरवरी को ओटीटी ऐप चौपाल पर रिलीज की जाएगी। इसे लेकर दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व वेब सीरीज है जिसकी कहानी सत्य घटनाओं से प्रेरित कहा जा सकता है। यह पूर्वांचल के लोगों की अपनी कहानी है। इसलिए हम पूर्वांचल की जनता से आग्रह करेंगे की विशेष कर अपनी इस कहानी को जरूर देखें और अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अभय सिन्हा की पहल पर इस वेब सीरीज का निर्माण हुआ है और हम इसकी सराहना भी करते हैं कि उन्होंने भोजपुरी में भी एक शानदार शुरुआत की है, क्योंकि जिस दौर में दुनिया भर में सिनेमा आ चुकी है, उसे दौर में अब भोजपुरी काफी पदार्पण इस सीरीज के माध्यम से हो रहा है यह हम सबों के लिए गर्व की बात है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## मनमोहक



गुवाहाटी में सोमवार को आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार। ● एजेंसी

## ब्रिटेन के स्कूलों में मोबाइल प्रतिबंधित

**लंदन, एजेंसी:** ब्रिटेन सरकार ने अधिकारियों को विद्यार्थियों के व्यवहार, ध्यान को बेहतर बनाने, सीखने में व्यवधान को रोकने तथा बच्चों को साइबरबुलिंग और चिंता से बचाने के लिए हर स्कूल में मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए दिशानिर्देश जारी हुआ है, जिसमें स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश हैं। स्कूल को मोबाइल फोन के प्रयोग पर रोक लगानी चाहिए, न केवल कक्षाओं के दौरान बल्कि ब्रेक और दोपहर के भोजन के समय भी।

### कटरा से बारामूला तक विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

**श्रीनगर, एजेंसी**

- परियोजना पूरा होने से जम्मू से श्रीनगर साढ़े 4 घंटे में जा सकेंगे
- संगलदान से बनिहाल तक 16 पुल, जिनमें 11 प्रमुख

जम्मू-कश्मीर में पहली विद्युत चालित ट्रेन मंगलवार से शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू में एक जनसभा में कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली श्री माता वैष्णो देवी कटरा से बनिहाल के बीच के 111 किलोमीटर के निर्माणाधीन खंड में बनिहाल से खड़ी, सुंबड़ के रास्ते संगलदान तक 48 किलोमीटर के खंड के साथ ही संगलदान से बारामूला तक करीब 185 किलोमीटर की लाइन के विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे और घाटी की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। नई लाइन के चालू होने और विद्युतीकृत ट्रैक के उद्घाटन के साथ ही अब कश्मीर घाटी में बारामूला से संगलदान तक 20 स्टेशनों वाले इस सेक्शन में स्वच्छ ईंधन से रेल परिवहन का नया इतिहास लिखा जाएगा। श्रीनगर होते हुए बारामूला तक लगभग 138 किलोमीटर का खंड तथा ऊधमपुर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक 23 किमी का खंड पहले ही बन चुका है।

रामबन जिला मुख्यालय के पास स्थित शहर संगलदान से बनिहाल के खंड में कुल 16 पुल हैं, जिनमें 11 प्रमुख पुल, 4 छोटे पुल और 1 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) शामिल हैं। इस खंड का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सुरंगों में है, जिसमें कुल 11 सुरंगें हैं जो 43.37 किलोमीटर की लंबाई में हैं, जिसमें देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग, टी -50 भी शामिल है, जो खड़ी-सुम्बर खंड में 12.77 किलोमीटर लंबी है।

सुरक्षा और बचाव के लिए, 3 एस्केप सुरंगें हैं, जिनकी कुल लंबाई 30.1 किमी है। इस खंड में 23.72 किमी तक फैले 30 मोड़ शामिल हैं। यात्री सुरक्षा और आराम को और बढ़ाने के लिए, कई उन्नत सुविधाओं को शामिल किया गया है।

## एक नजर

### पूर्वी अफगानिस्तान में भूस्खलन से 5 की मौत

**इस्लामाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण हुए भूस्खलन के चलते दूरदराज के एक गांव में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 25 लोग लापता हैं। नूरिस्तान प्रांत में तालिबान द्वारा नियुक्त सूचना एवं संस्कृति निदेशक समीउलहक हकबयान के अनुसार, रविवार रात हुए भूस्खलन के कारण नूरग्राम जिले में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए।

### आतंकियों से फिलिपीनी सैनिकों की झड़प में 8 मरे

**फिलीपीन।** सैनिकों की दक्षिणी क्षेत्र के कोहरे से ढके अंदरूनी इलाकों में उग्रवादियों से झड़प हो गई जिसमें कम से कम सात सैनिक और दो विद्रोही मारे गए। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेना प्रमुख जनरल रोमियो ब्राउनर जूनियर ने कहा कि लानाओ डेल नॉर्ट प्रांत के मुनाई शहर के पास इस्लामिक स्टेट समूह से संबंधित एक छोटे समूह दौला इस्लामिया के लड़ाकों के खिलाफ रविवार को सेना के हमले में चार अन्य सैनिक घायल हो गए। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि सैनिक अभी भी उग्रवादियों की तलाश कर रहे हैं जो घटना स्थल से भाग गए।

### धार्मिक टिप्पणी की आरोपी शिक्षिका के खिलाफ प्रदर्शन

**मंगलुरु।** विहिप और बजरंग दल ने सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सोमवार को घंटाघर के पास विरोध-प्रदर्शन किया। शिक्षिका ने पढ़ाने के दौरान हिंदू धर्म के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी की थी। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन करने के लिए भाजपा विधायकों, वेदव्यास कामत और वाई. भरत शेट्टी, विहिप नेता शरण पंपवेल और पार्षदों भरत और संदीप गरोड़ी के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग की। आरोप है कि सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका प्रभा ने रवींद्रनाथ टैगोर की कविता 'कार्य ही पूजा है' पढ़ाते समय हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने जांच लंबित रहने तक उनके पद से हटा दिया था।


### लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र बने थल सेना उप प्रमुख

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को थल सेना के उपप्रमुख का पदभार संभाला। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार से यह जिम्मेदारी ली है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें सैनिक सलामी दी गई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार द्विवेदी 2022 से उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे। सैनिक स्कूल, रीवा (मध्य प्रदेश) से शिक्षित-प्रशिक्षित जनरल द्विवेदी को 1984 में 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में नियुक्त किया गया था और तरक्की करते करते एक दिन उन्होंने इस इकाई की कमान संभाली।

# पीटीआई ने कहा- सुन्नी इत्तेहाद में निर्दलीय होंगे शामिल

### चुनावी परिणाम से पाकिस्तान में त्रिशंकु संसद की स्थिति, निर्दलियों को अधिसूचना के 3 दिन में पार्टी में शामिल होना था

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सोमवार को कहा कि आठ फरवरी को हुए चुनाव में जीत हासिल करने वाले पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। मुस्लिम बहुल देश में सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल इस्लामी राजनीतिक और धार्मिक दलों का एक गठबंधन है जो सुन्नी इस्लाम के मत के अनुयायियों का प्रतिनिधित्व करता है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर खान ने कहा नेशनल असेंबली, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभाओं में हमारे उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। पीटीआई द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने संसद में अधिकतम सीटें जीती हैं लेकिन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने घोषणा की है कि वे 8 फरवरी के चुनावों के परिणाम के बाद गठबंधन सरकार बनाएंगे। चुनाव के परिणाम के बाद देश में त्रिशंकु संसद की स्थिति बन गई। चुनाव में जीत दर्ज करने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को परिणामों की अधिसूचना के तीन दिनों के भीतर एक पार्टी में शामिल होना था। पीएमएल-एन और पीपीपी द्वारा चुनाव के बाद गठबंधन का मतलब यह हो सकता है कि पीटीआई अगली संघीय सरकार बनाने में सक्षम नहीं होगी।

खान की पार्टी ने आरोप लगाया कि दोनों प्रतिद्वंद्वी दल जनादेश को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। खान की संकटग्रस्त पार्टी को शनिवार को उस समय बड़ा हौसला मिला जब रावलपिंडी में चुनाव प्रक्रिया के प्रभारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आरोप लगाया कि चुनाव में धांधली हुई है। पीटीआई ने मतदान में धांधली के आरोप लगने पर रविवार को चुनाव परिणामों में हेरफेर की न्यायिक जांच की मांग की। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में नेशनल असेंबली की 93 सीटें जीतीं। पीएमएल-एन ने 75 सीटें जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी अपनी 17 सीटों के साथ उनका समर्थन करने पर सहमत है। पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 265 सीटों में से 133 सीटों पर जीत दर्ज करना जरूरी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव रद करने की याचिका लगाने वाले को फटकारा

**इस्लामाबाद।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कथित धांधली के कारण चुनावों को अमान्य घोषित करने की अपील करने वाले याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी को सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित नहीं रहने पर कड़ी फटकार लगाई और तलब किया। डान अखबार की खबर के मुताबिक प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अगुवाई वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अली खान की याचिका पर सुनवाई की लेकिन याचिकाकर्ता अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली भी शामिल थे। अदालत ने कहा, "क्या याचिका केवल प्रचार के लिए दायर की गई थी? इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। हम उच्चतम न्यायालय का गलत तरीके से इस्तेमाल नहीं होने देंगे।" पीठ ने यह भी कहा कि याचिका 12 फरवरी को दायर की गई थी लेकिन मीडिया में इसकी रिपोर्ट पहले ही आ गई थी।

# सेना में महिलाओं को उच्च पद देने से जुड़ी नीति 31 मार्च तक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पीठ ने केंद्र से अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा

केंद्र ने उच्चतम न्यायालय को सोमवार को बताया कि भारतीय थलसेना में महिला अधिकारियों को उच्चतर पद दिये जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आर बालासुब्रमण्यन की दलील पर गौर किया और निर्देश दिया कि एक अप्रैल तक एक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए।

पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। बालासुब्रमण्यन ने पीठ से कहा, ''महिला अधिकारियों के करियर में प्रगति और नियमित बड़ी इकाई में कमान सौंपे जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी।'' कुछ महिला अधिकारियों का न्यायालय में प्रतिनिधित्व कर रहीं वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहन ने कहा कि पदोन्नत किये गए सभी 225 पुरुष अधिकारियों को नियमित बड़ी इकाइयों में कमान सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि 108 महिला अधिकारियों में से केवल 32 को नियमित इकाइयों में कमान सौंपी गई है। पिछले साल चार दिसंबर को शीर्ष अदालत को बताया गया था कि भारतीय थलसेना में महिला अधिकारियों के करियर में प्रगति के मुद्दे का हल करने के लिए एक नीति तैयार करने और कर्नल से ब्रिगेडियर रैंक पर उनकी पदोन्नति पर विचार करने का कार्य जारी है। उस वक्त शीर्ष अदालत ने सेना को एक नीति तैयार करने के लिए 31 मार्च 2024 तक का समय दिया था।

# हूती विद्रोहियों के हमले में बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान

**दुबई, एजेंसी**

- अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया

लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाले बाब अल-मनदेब जलडमरूमध्य में हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले में मध्य अमेरिकी देश बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते चालक दल के सदस्यों को जहाज खाली करना पड़ा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने बताया कि रविवार को हूती विद्रोहियों के हमले की चपेट में आए जहाज को काफी नुकसान हुआ है। केंद्र ने कहा, सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि चालक दल ने जहाज खाली कर दिया है। जहाज को किनारे लाकर खड़ा कर दिया गया है और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। हूती ब्रिगेडियर जनरल याहया सारी ने एक बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि जहाज पर अब डूबने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, जहाज को भीषण नुकसान हुआ है और उसे पूरी तरह से रोक दिया गया है। अभियान के दौरान हमने चालक दल की जहाज से सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की।

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया है। हालांकि क्षेत्र में तैनात अमेरिकी बलों ने तत्काल इस दावे की पुष्टि नहीं की है। हूती विद्रोही इससे पहले अमेरिकी ड्रोन को मार गिरा चुके हैं। सारी ने दावा किया कि एक अन्य हमले में हूती बलों ने लाल सागर से लगे यमन के हुदैदा बंदरगाह के निकट एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि हूती "वायु रक्षा बलों ने यहूदियों के इशारे पर हमारे देश के खिलाफ शत्रुतापूर्ण मिशन को अंजाम देने जा रहे अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 को मिसाइल के जरिए मार गिराया।

## पकिस्तान में संगीत कार्यक्रम में पथराव

**लाहौर।** पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान कट्टरपंथी छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने इस्लामी नारे लगाते हुए प्रतिभागियों पर पथराव किया। घटना रविवार शाम पत्रकारिता विभाग के बाहर हुई, जहां 180 से अधिक छात्र-छात्राएं और शिक्षक रात्रिभोज के लिए एकत्र हुए थे। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार एक छात्र पंजाब विश्वविद्यालय के संचार अध्ययन विद्यालय में अपने हार्मोनियम के साथ प्रख्यात गायक नुसरत फतेह अली खान के गीत पर प्रस्तुति दे रहा था, तभी कट्टरपंथी इस्लामी जमीयत तुलेबा (आईजेटी) के करीब 10 सदस्यों का समूह वहां पहुंचा और प्रतिभागियों पर पथराव कर दिया उन्होंने कहा कि हमलावरों ने इस्लामी नारे लगाए।

# पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत में तलब

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- लापता बलोच छात्रों के मामले में इस्लामाबाद हाईकोर्ट के निर्देश
- दूसरी बार पेश नहीं होने पर न्यायाधीश ने जताई नाराजगी

पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ को कई लापता बलोच छात्रों से संबंधित मामले में दूसरी बार पेश होने में विफल रहने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मोहसिन अख्तर कयानी ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अदालत में आने को अपमान नहीं समझना चाहिए। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, न्यायाधीश ने कहा कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अगली सुनवाई के लिए कराची नहीं जाना चाहिए, बल्कि इस अदालत के सामने पेश होना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को इसलिए बुलाया गया क्योंकि वह जवाबदेह हैं। उच्च न्यायालय ने सुनवाई 28 फरवरी तक के लिए स्थगित करते हुए काकड़ को फिर से तलब किया। यह दूसरी बार है जब कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पिछले साल नवंबर में अदालत ने सरकार को लापता छात्रों को सात दिन के भीतर बरामद करने का निर्देश दिया था।

## दिल्ली दंगेः हत्या के 4 आरोपी कोर्ट से बरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 के दंगों में हुई दो की हत्या के 4 आरोपियों को बरी करते हुए कहा है कि कोई सबूत नहीं पेश किया गया कि आरोपी दंगाई भीड़ का हिस्सा थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रामचला यहां अशोक, अजय, शुभम और जितेंद्र कुमार नाम के व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज दो मामलों की सुनवाई कर रहे थे। इन पर, संप्रदायिक हिंसा के दौरान 25 फरवरी 2020 को बृजपुरी में अशफाक हुसैन और जाकिर की हत्या का आरोप है। अदालत ने पिछले हफ्ते जारी किये दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि कोई भी आरोपी व्यक्ति हुसैन और जाकिर की हत्या में संलिप्त था।

# भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामदगी पर जमानत में जल्दबाजी नहीं होनी चाहिएः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतों को ऐसे मामले में आरोपी को नियमित जमानत देने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, जिसमें भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया हो और खासकर तब जब आरोपी का कथित तौर पर आपराधिक इतिहास हो। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें 232.5 किलोग्राम गांजा की कथित जब्ती से संबंधित एक मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय इस बात पर विचार करने में विफल रहा कि आरोपी का आपराधिक इतिहास था और उसे पहले से ही स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो मामलों में दोषी ठहराया गया था। पीठ ने 12 फरवरी को पारित अपने आदेश में कहा कि इतनी भारी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामदगी के मामले में, अग्रिम जमानत की तो बात छोड़िए, अदालतों को आरोपी को नियमित जमानत देने में धीमी गति से काम करना चाहिए, खासकर तब जब आरोपी का आपराधिक इतिहास हो। अदालत उच्च न्यायालय के जनवरी 2022 के आदेश के खिलाफ तमिलनाडु राज्य द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसने एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी थी।

# इजराइल-हमास युद्ध में अब तक 29 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत

**रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

- गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया खुलासा, मरने वालों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में 29 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास के शासन वाले गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीते 24 घंटे में 107 शव अस्पतालों में लाए गए हैं, जिसके बाद युद्ध शुरू होने से अब तक मरने वालों की कुल संख्या 29,092 हो गई है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि कितने आम लोग और कितने लड़ाके मारे गए हैं। हालांकि उसने बताया कि मारे गए लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि 69 हजार से अधिक फलस्तीनी घायल हुए हैं। सात अक्टूबर को हमास के चरमपंथियों ने दक्षिण इजराइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 1,200 के आसपास लोग मारे गए थे, जबकि करीब 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था।

## अट्टुकल पोंगाला उत्सव



तिरुवनंतपुरम में सोमवार को अट्टुकल पोंगाला उत्सव से पहले बच्चे अटुकल भगवती मंदिर में कुथियोट्टम अनुष्ठान करते हुए। ● एजेंसी

**नई खोज** — एक अदृश्य चंद्रमा क्षुद्रग्रह के छल्लों की रचना करता है, शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने

# किसी क्षुद्रग्रह के भी होते है शनिग्रह के समान छल्ले

**संवाददाता, नैनीताल**



**अमृत विचार :** किसी क्षुद्रग्रह के शनिग्रह के समान छल्ले (वलय) भी हो सकते हैं। यह हैरान करने वाली खबर है। वैज्ञानिकों को इस क्षुद्रग्रह पता 2013 में चल गया था। मगर इसके छल्लों का रहस्य अब उजागर हो पाया है। नई खोज के अनुसार एक अदृश्य चंद्रमा इस क्षुद्रग्रह के छल्ले बनाने में मदद कर रहा है।

चारिक्लो एक छोटी सी दुनिया है, जो मात्र 320 किमी से भी कम चौड़ी है। यह अन्य क्षुद्रग्रह की तरह ही है और शनि व यूरेनस के बीच परिक्रमा करता है। चारिक्लो के दो पतले छल्ले हैं, जिनकी चौड़ाई केवल कुछ मील की है। वर्ष 2013 में इसे खोजा गया था। तब से वैज्ञानिक इस बात पर हैरान थे कि इस

क्षुद्रग्रह के छल्ले कैसे बने होंगे और वह किस तरह का व्यवहार करते हैं। इसका पता लगाने के लिए टक्सन, एरिज़ोना में प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट और सैन एंटोनियो, टेक्सास ट्रिनिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का पर्दाफाश किया है। उनका कहना है कि इसका एक छोटे से आकर का अदृश्य चंद्रमा है। शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि वे संभवतः पानी की बर्फ से बने हैं। लाखों वलय कणों का मॉडलिंग करके निर्धारित किया कि एक छोटा सा चंद्रमा उन्हें बनाए रखने में मदद कर सकता है।

शनि ग्रह की पतली एफ रिंग भी इसी तरह की है। चारिक्लो के चारों ओर दो पतले छल्लों की खोज अपनी तरह की पहली आश्चर्यजनक खोज है। नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए यह रहस्य उजागर हो सका। पिछले साल वेब को इसकी जांच को लगाया गया था और जो डेटा हासिल प्राप्त हुआ, उसीसे वैज्ञानिक इस निष्कर्ष तक पहुच पाए।

### 1600 के दशक में पहली बार दूरबीन से देखे गए थे शनिग्रह के छल्ले

**नैनीताल :** हमारे सौर मंडल में गैस के विशाल ग्रहों में रिंग सिस्टम हैं। जिनमें शनि की वलय प्रणाली को 1600 के दशक में दूरबीन से पहली बार देखा गया था। 1970 और 80 के दशक में नासा के वोयाजर अंतरिक्ष यान ने बृहस्पति और नेपच्यून के छल्ले देखे। 1977 में यूरेनस के छल्ले देखे गए थे। हमारे सौर मंडल में सभी चार गैस विशाल ग्रह को वलय के रूप में जाना जाता है।

# अनुच्छेद 370 से संबंधित दावे के लिए नेशनल कांफ्रेंस आजाद पर भड़की

**श्रीनगर, एजेंसी**

नेशनल कांफ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद पर यह दावा करने के लिए सोमवार को निशाना साधा कि अनुच्छेद 370 हटाने से पहले पार्टी के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला से विचार-विमर्श हुआ था। आजाद ने आरोप लगाया कि ऐसी अफवाह थी कि फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बारे में पहले से पता था और सार्वजनिक रूप से उन्होंने सरकार से उन्हें जेल में रखने के लिए कहा था। श्री आजाद ने यह भी कहा कि एनसी नेता अक्सर केंद्रीय नेताओं के साथ देर रात का समय मांग रहे थे। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि बहुत दुख की बात है कि "राजनीतिक हल्के में बने रहने के लिए आजाद ने इतने निचले स्तर का बयान दिया है। उनके जैसे नेता को ये बातें नहीं करनी चाहिए, जिन्हें वह खुद गपशप कहते हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस हमेशा धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी रही है, खड़ी रहेगी और अब समय आ गया है कि आजाद कांग्रेस से अलग होने व जम्मू-कश्मीर में अपनी पार्टी बनाने का असली कारण बताएं।

### आजाद 2015 में राज्यसभा सीट के लिए मांग रहे थे भीख



**श्रीनगर।** एनसी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुलाम नबी आजाद पर निशाना साधा और कहा कि पूर्व कांग्रेस नेता 2015 में जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा सीट के लिए उनसे भीख मांग रहे थे। एनसी उपाध्यक्ष ने आजाद के दावों का मजाक उड़ाते हुये कहा, "वाह भाई वाह गुलाम नबी आज़ाद, आज इतना गुस्सा। वह गुलाम कहां है जो हाल ही में 2015 में जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा सीट के लिए हमसे भीख मांग रहा था? अब्दुल्ला को 370 के बारे में पता था। फिर भी हमें पीएसए सहित आठ महीने से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया और आप आज़ाद थे, पांच अगस्त के बाद जम्मू-कश्मीर में एकमात्र पूर्व मुख्यमंत्री आज़ाद थे।